* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

01 सितंबर, 2025
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 312

चिरुडीह में शिबू सोरेन की आदमकद प्रतिमा लगेगी



Euro Kids Pre-School
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG) | AGE GROUP 1.8 TO 6 YEARS
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3 | Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
7903079507, 8092334348

FLORENCE GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I | Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

## न्यूज रील्स

### तीन दशक बाद कश्मीर में फिर खुला शारदा भवानी मंदिर

श्रीनगर। कश्मीरी पंडित समुदाय ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में शारदा भवानी मंदिर को तीन दशक से भी ज्यादा समय बाद फिर से खोल दिया। इस समारोह में स्थानीय मुस्लिम समुदाय की भारी भागीदारी रही।

प्रोजेक्ट भवन में सम्मान समारोह कल, 10वीं-12वीं के टॉपर होंगे सम्मानित

# सीएम देंगे नियुक्ति पत्र

## सहायक आचार्य, पीजीटी शिक्षकों और लैब सहायकों को मिलेगी नौकरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार दो सितंबर को सहायक आचार्य, पीजीटी शिक्षकों और लैब सहायकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। यह कार्यक्रम प्रोजेक्ट भवन स्थित नये सभागार में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी करेंगे। इसके अलावा राज्य सरकार द्वारा संचालित आकांक्षा कोचिंग से जेइइ मेंस और एडवांस परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया जायेगा। वहीं सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के 10वीं और 12वीं की परीक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थियों और राज्य स्तर पर द्वितीय और तृतीय स्थान पानेवाले विद्यार्थियों को जिला स्तर पर कार्यक्रम कर पुरस्कृत किया जोयगा। सम्मान समारोह के संबंध में जिलों को पत्र भेजा गया है। पत्र में कहा गया है कि बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान पर रहनेवाले विद्यार्थी को दो सितंबर को राज्य स्तर पर होनेवाले कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जायेगा। वहीं दूसरे व तीसरे स्थान पर रहने वाले विद्यार्थी को जिला स्तर पर कार्यक्रम कर पुरस्कृत किया जायेगा। राज्य में प्रथम स्थान पर रहने वाले विद्यार्थी को तीन लाख, दूसरे स्थान पर रहने वाले को दो लाख और तीसरे स्थान पर रहने वाले विद्यार्थी को एक लाख रुपये दिये जायेंगे। टॉपर विद्यार्थियों को लैपटॉप भी दिया जायेगा। आकांक्षा कोचिंग के सफल विद्यार्थियों को लैपटॉप दिया जायेगा। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, चयनित अभ्यर्थी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।



### आकांक्षा कोचिंग से 25 विद्यार्थियों का हुआ नामांकन

इस वर्ष आकांक्षा कोचिंग से 25 विद्यार्थियों का नामांकन देश के अलग-अलग इंजीनियरिंग कॉलेजों में हुआ है। इनमें छह का नामांकन आइआइटी में हुआ है, जबकि 10 का नामांकन एनआइटी और शेष विद्यार्थियों का नामांकन अन्य इंजीनियरिंग कॉलेजों में हुआ है।

भारत-चीन की बातचीत में उड़ान-वीजा से लेकर आर्थिक संतुलन तक के मुद्दे उठे

# मोदी-जिनपिंग की ट्रंप को दो टूकः हमारे रिश्ते में किसी तीसरे लेंस की जरूरत नहीं

दोनों नेताओं ने कहा, हाथी और ड्रैगन की दोस्ती दुनिया के लिए अहम

एजेंसी

**तियानजिन।** भारत और चीन के बीच रविवार को हुई शिखर वार्ता के दौरान अमेरिका को तगड़ा झटका दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 50 मिनट तक हुई मुलाकात ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ा संदेश दिया। दोनों नेताओं ने यह स्वीकार किया कि भारत और चीन की अर्थव्यवस्थाएं विश्व व्यापार को स्थिर करने में निर्णायक भूमिका निभा सकती हैं। दोनों देशों ने साफ किया कि हाथी और ड्रैगन की दोस्ती दुनिया के लिए अहम है। यह बैठक ऐसे समय पर हुई है, जब दुनिया अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नये टैरिफ निर्णयों से जूझ रही है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, मोदी और जिनपिंग की बैठक के दौरान वैश्विक व्यापार माहौल पर भी चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने ट्रंप का नाम लिये बिना कहाः हमारे रिश्ते में किसी तीसरे लेंस की जरूरत नहीं है। बातचीत के दौरान उड़ान से लेकर वीजा तक के मुद्दे भी उठाये गये। वार्ता में सिर्फ व्यापार ही नहीं, बल्कि लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने के उपायों पर भी सहमति बनी। दोनों नेताओं ने सीधे हवाई संपर्क बहाल करने, वीजा प्रक्रिया आसान करने और कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने को अहम कदम बताया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों ने माना कि पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान आपसी भरोसा बढ़ाने में मदद करेंगे। अगस्त में चीनी विदेश मंत्री वांग यी की यात्रा के दौरान ही दोनों देशों ने जल्द ही सीधी उड़ानों को फिर से शुरू करने और हवाई सेवा समझौता को अपडेट करने पर सहमति दी थी।



### मोदी, पुतिन, जिनपिंग और शहबाज शरीफ एक फ्रेम में



चीन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान रविवार को एक आकर्षक नजारा देखने को मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और अन्य नेता एक मंच पर नजर आये। तियानजिन में आधिकारिक स्वागत समारोह के दौरान ये नेता एक फोटो फ्रेम में खड़े नजर आये। यह तस्वीर दुनिया भर में तेजी से वायरल हो गयी। कहा जा रहा है कि इस एक तस्वीर ने अमेरिका समेत दूसरे शक्तिशाली देशों को मजबूत संदेश दिया है।

### रणनीतिक स्वायत्तता और साझा चुनौतियां

प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक में कहा कि भारत और चीन दोनों रणनीतिक स्वायत्तता का पालन करते हैं और उनके रिश्तों को किसी तीसरे देश के नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि दोनों देशों को द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर साझा जमीन तैयार करनी होगी। इसमें आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और बहुपक्षीय मंचों पर न्यायसंगत व्यापार जैसे मुद्दे भी शामिल हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने आपसी व्यापार घाटा कम करने और निवेश बढ़ाने के लिए राजनीतिक और रणनीतिक दिशा में काम करने पर भी सहमति जतायी।

### पीएम के मन की बात : यूपीएससी में चयनित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों को 'प्रतिभा सेतु' के जरिये नौकरी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो शो 'मन की बात' के 125वें संस्करण में प्राकृतिक आपदा, खेल-खिलाड़ी, इनोवेशन, शिक्षा, वोकल फॉर लोकल पर बात की। उन्होंने कहा, इस मानसून के मौसम में प्राकृतिक आपदाएं हमारे देश की परीक्षा ले रही हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों हमने भीषण बाढ़-भूस्खलन देखे। इन घटनाओं ने हर भारतीय को दुख पहुंचाया है। हम उन परिवारों के दुख में शामिल हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। जहां भी आपदाएं आयीं, हमारे एनडीआरएफ के जवानों ने अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर दिन-रात अथक परिश्रम किया है। पीएम ने कहा कि कई उम्मीदवार यूपीएससी की अंतिम सूची में जगह नहीं बना सके। उनकी जानकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म 'प्रतिभा सेतु एप' पर उपलब्ध करायी जा रही है। यह देश की बड़ी-बड़ी कंपनियों के साथ शेयर की जायेगी, ताकि उन्हें इन कंपनियों में अच्छी नौकरी मिल सके।

# सीएम हेमंत आज पटना में 'वोटर अधिकार यात्रा' में शामिल होंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/पटना।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले वह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में निकली 'वोटर अधिकार यात्रा' के समापन के मौके पर निकाली जानेवाली पदयात्रा में भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री सुबह पटना जायेंगे और देर शाम तक रांची लौट जायेंगे। कार्यक्रम में झारखंड सरकार के कई मंत्री भी शामिल होंगे। यह जानकारी झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने दी। हेमंत सोरेन की भागीदारी से बिहार में विपक्षी एकता को और मजबूती मिलेगी।

**शामिल नहीं होंगी ममता, प्रतिनिधि मंडल को भेजाः** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पटना में आयोजित जनसभा में शामिल नहीं होंगी, बल्कि उन्होंने अपनी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल को पटना भेजा है। टीएमसी नेता कुणाल घोष ने यह जानकारी दी।

# बोकारो स्टील के दो जीएम निलंबित

दीपक कुमार

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट के दो महाप्रबंधकों को निलंबित कर दिया गया है। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के इस संयंत्र में शुक्रवार को ब्लास्ट फर्नेस में विस्फोट हुआ था। हादसे में एक श्रमिक जख्मी हो गया। इसके बाद कार्यवाहक प्रभारी निदेशक आलोक वर्मा ने सुरक्षा पदाधिकारी और एक अन्य महाप्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया। जिन अधिकारियों को निलंबित किया गया है, उनमें जीएम ब्लास्ट फर्नेस एवं डीएसओ धनंजय कुमार और जीएम ऑपरेशन श्याम सुंदर शामिल हैं। कार्यवाहक प्रभारी निदेशक द्वारा की गयी कार्रवाई से



पूरे संयंत्र में हड़कंप मच गया है। उन्होंने स्पष्ट संदेश दे दिया है कि सुरक्षा को लेकर कोई कोताही नहीं बरती जायेगी। बता दें कि बोकारो स्टील प्लांट में शुक्रवार रात में ब्लास्ट फर्नेस 5 के कास्ट हाउस में हादसा हुआ था। ठेका मजदूर बिनय कुमार गंभीर रूप से झुलस गये। वह कार्य के दौरान अनियंत्रित होकर स्लैग के नाले में गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गये। वह अकुशल श्रमिक हैं और अतुल कंस्ट्रक्शन कंपनी के अधीन काम कर रहे थे।

## पिथौरागढ़ में भूस्खलन

# पावर हाउस की सुरंग का मुहाना बंद, 19 श्रमिकों को बचाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में बड़ा हादसा हो गया है। पहाड़ी टूटने से धारचूला के ऐलागाड़ स्थित एनएचपीसी पावर हाउस की भूमिगत टनल का मुहाना बंद हो गया। टनल के मुहाने पर भारी मात्रा में मलबा और पत्थर जमा हो जाने से टनल के भीतर कार्यरत 19 कार्मिक फंस गये। इन सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया है। जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने बताया कि प्रशासन, एसडीआरएफ और बीआरओ की संयुक्त टीम ने लगातार प्रयास करते हुए सुरंग में फंसे 19 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी तरह से सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में भूस्खलन की घटनाओं पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार घटना शनिवार शाम को ऐलागाड़ की है। यहां पहाड़ी दरक गयी थी। इससे भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर एनएचपीसी की सुरंग के मुहाने पर जमा हो गये। इससे सुरंग में काम कर रहे 19 कार्मिक फंस गये थे। कार्मिकों के फंसे होने की सूचना मिलते ही युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। जिला प्रशासन के अफसरों ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है।

# फर्जी दलों पर सख्ती के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका

चुनाव आयोग को नियम बनाने के लिए निर्देश देने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गयी है, जिसमें चुनाव आयोग को राजनीतिक दलों के पंजीकरण और नियमन के लिए ठोस नियम बनाने का निर्देश देने की मांग की गयी है। याचिका में कहा गया है कि देश में फर्जी और बेनामी राजनीतिक दल लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं। ये दल न सिर्फ अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों को अपना पदाधिकारी बना रहे हैं, बल्कि भारी चंदा लेकर अपराधियों को संगठन में जगह दे रहे हैं। इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था और पारदर्शिता पर सीधा हमला हो रहा है। याचिका में दावा किया गया है कि कई ऐसे दल अस्तित्व में आ गये हैं, जिन्होंने अपहरणकर्ताओं, नशीली दवाओं के तस्करों, मनी लांड्रिंग करने वालों और कुख्यात अपराधियों को राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पदाधिकारी बना दिया है। इन दलों ने बड़ी धनराशि लेकर अपराधियों को संरक्षण दिया और उन्हें राजनीतिक वैधता प्रदान की। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि अलगाववादी समूहों ने भी राजनीतिक दल बनाकर चंदा



इकट्ठा करने का रास्ता अपना लिया है और कई नेताओं को पुलिस सुरक्षा तक मिल चुकी है।

**काले धन को सफेद बनाने का मामला :** याचिका में हाल ही में मीडिया में आयी एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया कि आयकर विभाग ने एक फर्जी राजनीतिक दल पकड़ा, जो काले धन को सफेद करने का काम कर रहा था। इस दल पर आरोप है कि वह 20 प्रतिशत कमीशन लेकर काले धन को वैध चंदे में बदल रहा था। याचिकाकर्ता अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय का कहना है कि राजनीतिक दल सार्वजनिक कार्य करते हैं, इसलिए उनमें पारदर्शिता और जवाबदेही होना बेहद जरूरी है।

### सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता की जरूरत

याचिका में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट पहले भी सार्वजनिक जीवन में इमानदारी और पारदर्शिता लाने के लिए कई सुधार कर चुका है। अब राजनीतिक दलों पर भी सख्त नियम लागू करना जरूरी है। अगर चुनाव आयोग राजनीतिक दलों के लिए ठोस नियम बनाये, तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती देगा। इसमें कहा गया है कि बिना नियमन के राजनीतिक दल लोकतंत्र को कमजोर करते हैं और जनता के भरोसे को तोड़ते हैं।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
BEST PRIVATE UNIVERSITY IN JHARKHAND | 10000+ BOOKS AVAILABLE IN LIBRARY | 150+ QUALIFIED, EXP. & MOTIVATED FACULTY | 150+ ACRE CAMPUS
300+ RESIDES IN BOYS & GIRLS HOSTEL | 1500+ REGISTERED ALUMNI | LABS WITH MODERN TOOLS & EQUIPMENTS | RAGGING FREE CAMPUS
Where dreams BECOME REALITY
CAREER-ORIENTED PG/UG/DIPLOMA PROGRAMMES
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
Faculty of Engg. & Tech
B.Tech
- Civil Engineering
- Electrical and Electronic Eng.
- Computer Science & Eng.
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (Cyber Security)
Polytechnic / Diploma
- Civil Engineering
- Mechanical Eng.
- Electrical and Electronic Eng.
- Computer Science & Eng.
- Electrical Engineering
Faculty of Law
- LL.B. - B.A. LL.B. - B.B.A. LL.B
Faculty of Management
- Bachelor of Business Administration (BBA)
- Master of Business Administration (MBA)
Faculty of Information Tech.
- Bachelor of Computer Application (BCA)
- Master of Computer Application (MCA)
- Post Graduation in Computer Application (PGDCA)
Faculty of Education
- Bachelor of Elementary Education (B.Ed)
- Diploma of Elementary Education (D.El.Ed.)
- M.A (Education)
Faculty of Arts & Social Science
- B.A (Hindi) - B.A (English) - B.A (Sanskrit)
- B.A (Economics) - B.A (Psychology)
- B.A (Sociology) - M.A (Hindi) - M.A (English)
- M.A (Sanskrit) - M.A (Economics)
- M.A (Psychology - M.A (Sociology)
Faculty of Pharmacy
- Diploma in Pharmacy (D.Pharm)
- Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)
Faculty of Dental Science
- Bachelor of Dental Surgery (BDS)
- Master of Dental Surgery (MDS)
Faculty of Homeopathy
- Bachelor of Homeopathic Medicine & Surgery- BHMS
- M.D Homeopathy - B.Sc Medical Pathology
- B.Sc Medical Biochemistry - B.Sc Medical Microbiology
- M.Sc Medical Microbiology
- M.Sc Medical Biochemistry
Faculty of Nursing & Allied Health Science
- Bachelor of Science in Nursing (B.Sc. Nursing)
- General Nursing and Midwifery (GNM)
- Auxiliary Nurse Midwives (ANM)
Paramedical
- OT - DMLT - ECG - X-RAY
- Medical in Sanitary Inspector
- Medical in Ophthalmic Assistant
- Medical in Certificate in Dresser
Library Science
- B.Lib.I.Sc. - M.Lib.I.Sc
Faculty of Science
- B.Sc. (Mathematics) - B.Sc. (Chemistry) - B.Sc. (Physics)
- B.Sc. (Botany) - B.Sc. (MLT) - B.Sc. (Zoology)
- B.Sc. (Pathology) - B.Sc. (Biochemisty) - B.Sc. (Microbiology)
- M.Sc. (Mathematics) - M.Sc. (Chemistry) - M.Sc. (Physics)
- M.Sc. (Botany) - M.Sc. (Zoology) - M.Sc. (Physiology)
- M.Sc. (Biochemisty) - M.Sc. (MLT) - M.Sc (Microbiology)
Faculty of Commerce
- B.Com - M.Com
TRANSPORT FACILITIES | HOSTEL FACILITIES | LUSH GREEN CAMPUS | WI-FI CAMPUS | WORLD CLASS INFRASTRUCTURE | 100% PLACEMENT ASSISTANCE
Admission Helpline: 9661462506, 6206297213, 9934688493
Farathiya, Garhwa-822114, Jharkhand https://bdsu.ac.in/

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+

12 Crore + Watch Time (min)

200000 Subscribers

YouTube Channel

Subscribe NOW

# बिहार में सियासी तूफान पैदा कर गयी राहुल-तेजस्वी की यात्रा

## ■ 16 दिन की यात्रा के दौरान तीन बड़े निशाने साध गये कांग्रेस के युवराज

## ■ बड़ा सवालः बंपर भीड़ तो मिली, क्या वोट में तब्दील कर सकेगा महागठबंधन

**आजाद सिपाही विशेष**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और दीपांकर भट्टाचार्य की वोटर अधिकार यात्रा समाप्त हो गयी है। महागठबंधन की यह यात्रा 16 दिनों तक चली और बिहार के 22 शहरों से होकर गुजरी। इस यात्रा में कांग्रेस के तीनों मुख्यमंत्री के अलावा तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन और यूपी के अखिलेश यादव ने भाग लिया। यात्रा का आधिकारिक समापन एक सितंबर को पटना में पदयात्रा के साथ होगा। इस यात्रा की सबसे बड़ी खासियत रही कि यह राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के तर्ज पर आयोजित की गयी थी। राहुल गांधी और उनके साथ के लोग स्कूल या किसी बड़े अहाते में कैंप लगाते थे और वहीं रहते थे। हर दिन उनके कंटेनर एक जगह से दूसरे जगह जाते थे। बिहार में एसआइआर और वोटर लिस्ट में कथित गड़बड़ी के खिलाफ निकाली गयी इस यात्रा ने बिहार की सियासत में एक तूफान तो पैदा कर दिया है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या इसका असर चुनाव तक बरकरार रहेगा। इस यात्रा से राहुल ने कम से कम तीन बड़े निशाने साधे हैं। इनमें पहला है बिहार में मृत पड़े कांग्रेस संगठन में नया उत्साह पैदा करना, दूसरा है विपक्षी एकता को मजबूती प्रदान करना और तीसरा खुद को राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के सबसे बड़े चेहरे के रूप में स्थापित करना। यात्रा से पहले जहां विपक्ष की सियासत तेजस्वी यादव और प्रशांत किशोर के इर्द-गिर्द घूम रही थी, वहीं अब इसकी कमान राहुल गांधी ने संभाल ली है। इतना ही नहीं, राहुल गांधी ने विपक्षी दलों के बीच चल रहे अवरोधों को भी पाटने में कामयाबी हासिल की है। क्या है वोटर अधिकार यात्रा का हासिल और बिहार के आसन्न चुनाव में इसका कितना होगा असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**



**राकेश सिंह**
संपादक

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा समाप्त हो गयी है। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) प्रक्रिया के खिलाफ यात्रा के दौरान धावा बोला। राहुल गांधी इससे पहले भी भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के नाम से दो बार देश के कई राज्यों का दौरा कर चुके हैं। अब एक बार फिर राहुल ने हुंकार भरी है और उन्होंने 16 दिन तक तीन हजार किलोमीटर से ज्यादा चलकर बिहार के 22 जिलों के लोगों से संपर्क किया। उनकी यात्रा का आधिकारिक समापन सोमवार एक सितंबर को पटना में पदयात्रा के साथ होगा। यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने बार-बार कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में बड़े पैमाने पर वोटों की चोरी हुई और इस वजह से ही एनडीए को लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाने का मौका मिला। राहुल गांधी का यह भी कहना है कि न सिर्फ लोकसभा चुनाव 2024, बल्कि उसके बाद महाराष्ट्र और हरियाणा के विधानसभा चुनाव में भी वोटों की चोरी हुई है। उन्होंने अपने इन दावों के समर्थन में तमाम तरह के सबूतों को सामने रखा है, हालांकि चुनाव आयोग ने उनके तमाम आरोपों को खारिज कर दिया है।

### राहुल को लड़ाई का चेहरा बना रही कांग्रेस

कांग्रेस ने भरपूर कोशिश की कि राहुल गांधी इस यात्रा के दौरान आम लोगों तक पहुंचें। इसलिए राहुल गांधी कार से उतर कर बाइक पर लोगों के बीच निकले। उनके साथ प्रियंका गांधी भी मौजूद रहीं। मखाना किसानों से राहुल ने बातचीत की और लोगों को यह समझाने की कोशिश की कि बीजेपी और एनडीए वोट चोरी के जरिये ही सत्ता में बने हुए हैं।

### राहुल गांधी की यात्रा के तीन बड़े उद्देश्य

राहुल गांधी की इस यात्रा ने बिहार की सियासत को गहरे प्रभावित किया है। यात्रा से पहले जहां राज्य में विपक्ष की राजनीति तेजस्वी यादव और प्रशांत किशोर के इर्द-गिर्द घूम रही थी, वहीं अब पूरी कमान राहुल गांधी के हाथों में है। यात्रा से पहले कहा जा रहा था कि बिहार में कांग्रेस बहुत बड़ी ताकत नहीं है और यहां वह राजद के भरोसे है, लेकिन यात्रा के बाद यह स्थिति बदल गयी है। बिहार कांग्रेस अब बेहद उत्साहित नजर आ रही है। इसका उदाहरण प्रदेश कांग्रेस का मुख्यालय सदाकत आश्रम है, जहां अब नेताओं-कार्यकर्ताओं का हुजूम हमेशा मौजूद रहता है। राहुल की यात्रा की दूसरी बड़ी कामयाबी यह रही कि राहुल गांधी अब देश स्तर पर विपक्ष के सबसे बड़े नेता के रूप में स्थापित हो गये हैं। यही कारण है कि यात्रा के दौरान तेजस्वी यादव को भी कहना पड़ा कि यदि अगली बार केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी, तो राहुल गांधी ही पीएम होंगे, जबकि बिहार के सीएम के बारे में राहुल गांधी ने चुप्पी साध ली। राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री के चेहरे के मुद्दे पर जिस तरह सीधा जवाब नहीं दिया, उससे यह पता चलता है कि कांग्रेस आरजेडी से आगे निकलने की होड़ में है। कांग्रेस ऐसा नहीं चाहती कि बिहार में उसे राजद के सामने कमतर आंका जाये। ऐसी ही स्थिति उत्तर प्रदेश में है, जहां वह खुद को सहयोगी दल समाजवादी पार्टी से पीछे नहीं दिखाना चाहती। राहुल गांधी की तीसरी कामयाबी विपक्षी एकता के रास्ते में पैदा हुए छोटे-छोटे अवरोधों को पाटना रहा। चाहे तेजस्वी-पप्पू यादव के बीच मतभेद हों या तेजस्वी-पप्पू-कन्हैया के बीच के मतभेद, यात्रा के दौरान सभी का अंत हो गया और इंडिया गठबंधन की एकजुटता मजबूत हुई।




### राजनीतिक लिहाज से बेहद अहम है बिहार

बिहार राजनीति की प्रयोगशाला है। यहां अगले चार महीने के भीतर विधानसभा चुनाव होने हैं। उस चुनाव के नतीजे यदि महागठबंधन के पक्ष में रहे, तो इससे विपक्ष को अगले साल जिन राज्यों में चुनाव हैं, उनमें एनडीए पर मनोवैज्ञानिक बढ़त मिल सकती है। अगले साल केरल, बंगाल, तमिलनाडु में विधानसभा के चुनाव होने हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में एनडीए को बिहार में 2019 जैसी कामयाबी नहीं मिली। 2019 में एनडीए ने लोकसभा की 40 में से 39 सीटों पर जीत दर्ज की थी, लेकिन 2024 में यह आंकड़ 30 रह गया था।

### 2020 में खराब रहा था कांग्रेस का प्रदर्शन

यहां पर 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों का जिक्र करना बहुत जरूरी होगा। तब महागठबंधन में कांग्रेस को छोड़कर बाकी सभी दलों ने शानदार प्रदर्शन किया था, लेकिन कांग्रेस फिसड्डी रह गयी थी। वह चुनाव में बंटवारे के तहत मिली 70 सीटों में से सिर्फ 19 सीटों पर जीत दर्ज कर पायी थी और यह माना गया था कि इसी वजह से एनडीए को नीतीश की अगुवाई में बिहार में सरकार बनाने का मौका मिला। राजद की अगुवाई में महागठबंधन ने 110 सीटें जीती थी, जबकि एनडीए बहुमत से सिर्फ तीन सीटें, ज्यादा यानी 125 सीटों पर जीत दर्ज कर पाया था। जेडीयू को उस चुनाव में जबरदस्त नुकसान हुआ था और वह 2015 में मिली 71 सीटों के मुकाबले 43 सीट ही जीत पाया था। 243 सीटों वाले बिहार में सरकार बनाने के लिए 122 सीटों की जरूरत है। कांग्रेस इस बार फिर से अपने कोटे की विधानसभा की 70 सीटें या उससे कुछ ज्यादा हासिल करना चाहती है, लेकिन पिछली बार उसके प्रदर्शन को देखते हुए शायद ऐसा नहीं लगता कि तेजस्वी यादव और राजद के इसके लिए तैयार होंगे। पार्टी ने दलित नेता राजेश राम को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर दलित मतदाताओं के बीच संदेश देने की कोशिश की है।

### यात्रा का मकसद और सियासी असर

इंडिया गठबंधन ने बिहार में इस यात्रा के जरिये एक साथ कई मैसेज देने की कोशिश की है। राहुल और तेजस्वी के साथ अखिलेश के मंच साझा करने पर सवाल उठता है कि क्या बिहार में विपक्ष माय समीकरण से पीडीए की ओर बढ़ चला है? क्या विपक्ष का फोकस पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक पर है या फिर ये सिर्फ समीकरण साधने की कवायद है। लेकिन बिहार की राजनीति में ये पहला बिगुल नहीं है और आखिरी भी नहीं होगा। असली सवाल बाकी है कि क्या ये यात्रा जनता के अधिकार के लिए निकली थी या नेताओं की राजनीति के अधिकार के लिए या एसआइआर के खिलाफ निकली यात्रा का मकसद पूरा हुआ। जिस वोट चोरी के नारे को लेकर राहुल निकले थे, क्या उसका फायदा बिहार विधानसभा चुनाव में हो सकेगा। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, इस यात्रा ने विपक्ष के सियासी समीकरण और सत्ता के समीकरण पर जोर दिखाया है। हालांकि एनडीए इसे केवल चुनावी रणनीति के रूप में देख रहा है। असली परीक्षा अब बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में होगी, जब जनता तय करेगी कि किसे अधिकार मिलेगा और किसे बाहर का रास्ता।

---

# वोटर बनने के लिए अब तक 15.32 लाख आवेदन

## दावा-आपत्ति का आज आखिरी दिन

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार में अब तक 2 लाख 7 हजार 565 मतदताओं ने नाम प्रारूप सूची से नाम हटाने का आवेदन दिया है। इसके लिए उन्होंने फार्म 7 भर कर जमा कराया है। रविवार को चुनाव आयोग ने इसकी जानकारी दी। आयोग के अनुसार व्यक्तिगत रूप से आवेदकों ने 33,326 नाम शामिल करने को लेकर आवेदन दिए हैं। वही, आयोग के अनुसार, राजनीतिक दलों के बीएलए के माध्यम से 25 नाम मतदाता सूची में शामिल करने तो 103 नाम हटाने के आवेदन दिये गये हैं। अब तक, 15 लाख 32 हजार 438 मतदाताओं ने नये मतदाता के रूप में अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए फॉर्म 6 भरकर आवेदन किये थे।



जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी के निर्देश पर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में दावा-आपत्ति के लिए तीन दिनों का विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जो सोमवार तक 10 बजे पूर्वाह्न से 04 बजे अपराह्न तक जिले सभी मतदान केंद्रों पर चलेगा। डीएम ने कहा कि जिले के सभी 14 विधानसभा क्षेत्रों में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 1 अगस्त से 1 सितंबर तक दावा-आपत्ति प्राप्त किया जा रहा है।

बीएलओ मतदान केंद्र पर निर्वाचकों से दावा-आपत्ति (प्रपत्र-6, 7, 8) तथा आयोग की ओर से निर्धारित दस्तावेज प्राप्त कर रहे हैं। इस आलोक में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत दावा-आपत्ति प्राप्त करने के लिए विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जा रहा है। विशेष अभियान दिवसों में सभी विधान सभा क्षेत्रों में 5665 मतदान केंद्रों पर बीएलओ उपस्थित रह कर निर्वाचकों से दावा-आपत्ति प्राप्त करेंगे।

डीएम ने विशेष अभियान दिवसों को सभी मतदान केंद्र वाले विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों को प्रधानाध्यापकों एवं सेविकाओं के माध्यम से खोलने का निर्देश दिया। पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि उक्त अभियान के कार्य-प्रगति का गहन अनुश्रवण करेंगे। प्रतिनियुक्त बीएलओ पर्यवेक्षक को भी इसके लिए निर्देशित करेंगे। सभी इआरओ-एइआरओ को निर्देशित किया गया कि विशेष अभियान दिवस के लिये निर्धारित तिथियों को अपने-अपने विधान सभा के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ की उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए स्वयं भी क्षेत्र में भ्रमणशील रहेंगे।

---

## चाचा नीतीश पर भतीजे तेजस्वी की चुटकी

# एक्टिंग लाइक ए चीट मिनिस्टर, कॉपी करते हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल के युवराज तेजस्वी प्रसाद यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर विवादित टिप्पणी की है। तेजस्वी ने नीतीश कुमार को चीट मिनिस्टर बताया है। कहा है कि वे राजद की सभी योजनाओं की नकल उतार रहे हैं, क्योंकि उनके पास अपना कोई विजन नहीं है। तेजस्वी के बयान पर एनडीए गुस्से में है। बीजेपी नेता प्रेम रंजन पटेल ने कहा है कि राजद को काफी महंगा पड़ेगा तो जदयू प्रवक्ता नीरज ने भाषाई मर्यादा में रहने की नसीहत दी है।



पटना में पत्रकारों से बात करते हुए तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार पर बड़ा हमला किया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार लगातार चीटिंग कर रहे हैं। वे अब चीफ मिनिस्टर नहीं, बल्कि चीट मिनिस्टर बन कर रह गये हैं। कहा कि ही इज नॉट वर्किंग लाइक ए चीफ मिनिस्टर बट वर्किंग लाइक चीट मिनिस्टर। खुद से कुछ नहीं कर सकते, तो हमारी सभी घोषणाओं की कॉपी करके एलान कर रहे हैं। तेजस्वी ने कहा कि सीएम चीटिंग तो कर ही रहे हैं ना। बिहार की जनता उनको पहचान गयी है। अब जनता परिवर्तन लाने के मूड में आ गयी है। राज्य के लिए उन्होंने क्या किया, इसका हिसाब देना पड़ेगा।

तेजस्वी यादव के इस बयान पर सियासी खलबली मच गयी है। बीजेपी नेता प्रेम रंजन पटेल ने कहा है कि महागठबंधन के नेताओं को विश्वास हो गया है कि उनकी आगामी चुनाव में हार होने वाली है। इस वजह से बौखला गये हैं। पहले पीएम नरेंद्र मोदी को गाली दी गयी। अब नीतीश कुमार के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की जा रही है। जनता सब समझ रही है। तेजस्वी यादव को यह बयान देना बहुत महंगा पड़ेगा।

जदयू ने भी तेजस्वी के बयान पर प्रहार किया है। पार्टी प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा है कि ये लोग भाषाई लंपटीकरण के नायक हैं। कभी पीएम को गाली देंगे, तो कभी सीएम के बारे में अपमानजनक बयान देंगे।

---

## मुजफ्फरपुर की देवकी देवी के मुरीद हुए मोदी

# पीएम ने सुनायी बिहार की 'सोलर दीदी' की कहानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** पीएम ने मन की बात के 125वें एपिसोड में 'सोलर दीदी' की कहानी सुनायी। रविवार को पूरे देश के लोगों ने प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी की जुबान से मुजफ्फरपुर की देवकी देवी की सफलता की कहानी सुनी। 'सोलर दीदी' के नाम से मशहूर देवकी देवी की सफलता की प्रेरक कहानी पीएम ने सुनायी। उन्होंने कहा कि सोलर सिंचाई के माध्यम से जीवन में बदलाव लाने वाली देवकी देवी की कहानी संघर्ष और दृढ़ता की मिसाल है।





पीएम ने कहा कि देवकी देवी की जिंदगी आसान नहीं थी। आर्थिक तंगी में पली-बढ़ीं और कम उम्र में शादी हो गयी। पति की स्थिर आय की चुनौती ने उनके परिवार पर अतिरिक्त बोझ डाला। उनके पास केवल आधा कट्ठा जमीन थी, जिससे गुजारा करना मुश्किल था। लेकिन, मुश्किल हालात में उन्होंने कामयाबी की बड़ी लकीर खींच दी। ना सिर्फ अपनी तरक्की की, बल्कि गांव की तस्वीर बदल दी।

**सशक्तिकरण की राह इस तरह बढ़ा कदम :** देवकी देवी को जब इस योजना के बारे में पता चला तो कई बाधाएं उनके सामने थीं। उनके पति के मन में भी संदेह था। लेकिन, देवकी देवी ने अपने आत्मविश्वास और सेल्फ हेल्प ग्रुप के सहयोग से इस मौके को अपने हाथों से जाने नहीं दिया। उनके सोलर पंप से आसपास के करीब 40 एकड़ में सिंचाई होती है। पहले उनकी जिंदगी घर की दीवारों के बीच सिमटी हुई थी। अब उनकी पहचान और किस्मत दोनों बदल गयी है। लोग उन्हें सम्मान की नजर से देखते हैं।

**बोचहा की करणपुरा पंचायत की हैं सोलर दीदी :** चार बच्चों की मां देवकी देवी की मेहनत और लगन को देख कर सीएलएफ ने भूमिगत पाइपलाइन के लिए पहली सूची में उन्हें जगह दी। इस योजना से उनकी सौर सिंचाई प्रणाली की स्थापना का रास्ता साफ हुआ। देवकी देवी ने सौर सिंचाई पंप के माध्यम से स्थायी सिंचाई प्रदान करने, कृषि उत्पादकता बढ़ाने, किसानों की आय में वृद्धि करने और अपने समुदाय को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक प्रयास किया, जो कामयाबी में बदल गयी।

### पूरे समुदाय का विकास हुआ

देवकी देवी के प्रयासों ने पूरे समुदाय पर गहरा प्रभाव डाला। 40 एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई और 66 किसानों को सहायता प्रदान करते हुए उन्होंने 1 लाख 40 हजार की आय अर्जित की। 1141.5 घंटे तक पंप का संचालन करने के बाद उनका प्रभाव अभूतपूर्व था। पहले यहां के किसान डीजल पंप पर निर्भर थे, जिसमें प्रति 1.25 डिसमिल भूमि की सिंचाई के लिए 150 रुपये खर्च होते थे, लेकिन सौर सिंचाई के आने के बाद, यह लागत केवल 30 रुपये रह गयी, जिससे किसानों को काफी बचत हुई। देवकी देवी की यह प्रेरक यात्रा सशक्तिकरण और सामुदायिक सुधार का प्रतीक है। उनकी यह सफलता पूरे गांव में चर्चा का विषय बन गयी। उन्होंने 1141 घंटे तक सौर पंप चला कर 1 लाख 40 हजार की आय अर्जित की। इस उपलब्धि के बल पर वे इलाके में 'सोलर दीदी' के नाम से मशहूर हो गयीं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



## जामताड़ा के चिरुडीह गांव में दिशोम गुरु को दी गयी श्रद्धांजलि

# चिरुडीह में शिबू सोरेन की आदमकद प्रतिमा लगेगी

**चिरुडीह को पर्यटन स्थल का दर्जा दिया जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जामताड़ा।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन की याद जामताड़ा के चिरुडीह गांव में रविवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। कार्यक्रम में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो सहित कांग्रेस और झामुमो के नेता शामिल हुए। श्रद्धांजलि सभा में मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, कांग्रेस और झामुमो कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने गुरुजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर जामताड़ा विधायक सह सूबे के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने चिरुडीह गांव में दिशोम गुरु शिबू सोरेन की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने और गांव को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का एलान किया।



श्रद्धांजलि सभा में भाग लेने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और झारखंड विधानसभा के स्पीकर ने चिरुडीह नरसंहार कांड और गुरुजी की महाजनी और सूदखोरों के खिलाफ चलाये गये आंदोलन का याद किया। मंत्री ने कहा कि गुरुजी के नाम से चिरुडीह में एक ऐतिहासिक पार्क का निर्माण भी कराया जायेगा। साथ ही चिरुडीह गांव को पर्यटन स्थल का दर्जा दिया जायेगा।

मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि चिरुडीह को पर्यटन स्थल का दर्जा मिलने के बाद एक तरफ लोग दिशोम गुरु और उनके आंदोलन को जान पायेंगे। वहीं दूसरी तरफ क्षेत्र का भी विकास होगा। यहां बड़े-बड़े होटल खुलेंगे। सैलानी गुरुजी के बारे में जानने के लिए यहां पहुंचेंगे तो होटलों में ठहरेंगे। मंत्री ने कहा कि इसके लिए डीपीआर तैयार किया जा रहा है और शीघ्र ही इसे अमली जामा पहनाया जायेगा। इस ऐतिहासिक श्रद्धांजलि सभा में जामताड़ा के डीसी, एसपी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ ने किया पुष्पा सहाय की किताब का लोकार्पण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ द्वारा काव्य-संग्रह सुनो न ! मन की... का लोकार्पण किया गया। इस किताब की लेखिका पुष्पा सहाय 'गिन्नी' एक जानी-मानी कवयित्री हैं और उनका ये दूसरा काव्य संग्रह है। पुस्तक लोकार्पण के इस कार्यक्रम में संजय सेठ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड रत्न डॉक्टर सुरिंदर कौर नीलम, महिला काव्य मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष सारिका भूषण, विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, उधोगपति और समाजसेविका पूनम आनंद उपस्थित थीं।

इस कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। उसके बाद पुष्पा सहाय ने अपने मन के भावों को लोगों के समक्ष रखा कि किस तरह एक-एक एहसास को पिरोकर कविताएं तैयार की गयी हैं और अब ये काव्य- संग्रह




के रूप में प्रकाशित हुई हैं। इस काव्य संग्रह में विविध विषयों पर कविताएं लिखी गयी हैं, लेकिन अधिकांशतः कविताएं श्रृंगार-रस की हैं। उत्साहवर्धक और हास्य पर भी इनकी लेखनी चली है। बेटियों पर लिखी हुई कविताओं में से जब इन्होंने बेटी का घर पर आना कविता सबको सुनायी तो सबकी आंखें भर आयीं।

संजय सेठ ने पुष्पा सहाय को इस संग्रह के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। डॉ सुरिंदर कौर नीलम ने इस किताब की समीक्षा करते हुए कहा कि पुष्पा सहाय भावों की कवयित्री हैं। सारिका भूषण ने किताब पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इनकी कविताएं सीधे आत्मा को स्पर्श करती हैं। इस कार्यक्रम में शहर के जाने-माने कवि-कवयित्रियां शामिल हुए। सचिन शर्मा ने उनके लिखे हुए गीत को अपना स्वर दिया। इस अवसर पर राजीव सहाय, सीमा सहाय, आशमा निलय, डॉ रजनी चंद्र शर्मा, रंगोली सिन्हा, निर्मला कुमारी, राजलक्ष्मी, संजय अखौरी, अमरेश श्रीवास्तव और खुशबू बरनवाल उपस्थित थीं।

# भगवान श्री गणेश की भव्य विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री गणेश पूजा समिति, काली मंदिर रोड, डोरंडा रांची द्वारा विशाल भव्य विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गयी। इसमें मनमोहक झांकी का प्रदर्शन किया गया। डीजे के धुन पर ढोल नगाड़ा बजाया गया। झारखंड की मशहूर ताशा पार्टी झारखंड की इंडियन ताशा पार्टी ने अपने प्रदर्शन से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। रांची का भांगड़ा पार्टी, खूंटी का नगाड़ा बाजा ने भी मनमोहक प्रदर्शनी से विसर्जन शोभा यात्रा को भव्य बनाया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम और मोबाइल भजन ने लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया।

शोभा यात्रा में श्री गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष नवीन मलहोत्रा, सचिव अमित गुप्ता, बिट्टू घोष, नितेश गुप्ता, बाबू सोना दास, शंभू गुप्ता, जयंत मजूमदार, पप्पू बाली, शिशिर शेत्री, विक्की घोष, लड्डू जी, राजू दास, विकल घोष, तापु घोष आदि उपस्थित रहे जहां बड़ी संख्या में महिला बच्चे और बुजुर्ग भी उपस्थित रहे।

# जिसको ठुकराया दुनिया ने उसका सहारा श्याम दरबार...

## 58वें वार्षिक श्री श्याम महोत्सव का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मण्डल रांची के 58वें वार्षिक श्री श्याम महोत्सव के चौथे दिन रविवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम प्रभु का प्रातः में मंगल आरती के पश्चात नवीन वस्त्र एवं अत्यंत मनमोहक श्रृंगार किया गया। प्रातः 8 बजे से 250 महिला एवं पुरुष द्वारा सुंदरकांड का सस्वर पाठ किया गया। तत्पश्चात 11 बजे से स्थानीय भजन मंडलियां श्री हनुमान मंडल और श्री शिव भक्त मंडल ने एक से बढ़ कर एक भजनों की गंगा श्री श्याम प्रभु के चरणों में अर्पित की। इससे मन्दिर में आये हुए भक्तगण भाव विभोर होने पर मजबूर हो गये। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को भक्तों द्वारा 501 सवामणी का भोग अर्पित किया गया। साथ ही दो हजार भक्तों के सवामणी का पूर्ण प्रसाद ग्रहण किया।

आज के कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था चंडीगढ़ से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक गुरप्रीत धारीवाल ने इतने सेठ जहां में मौज उड़ाते हैं इन्हीं से पूछो कहां से



लेकर आते हैं... सब झूमो नाचो वो आने वाला है पगड़ी बांध रहा है लीले चढ़ने वाला है... तेरा सिंहासन क्यों हिल रहा है क्या कोई अर्जी लगा रहा है... जिसको ठुकराया दुनियां ने उसको सहारा श्याम दरबार ऐसा... बाबा तू ही ढके मेरी नाकामियां रे, बाबा तू ही ढके मेरी नादानियां रे... इत्यादि भजनों की लय पर श्याम भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। साथ ही संपूर्ण दिवस मंदिर में आये हुए भक्तगण के बीच प्रसाद का वितरण किया जा रहा था।

कार्यक्रम के अंत में श्याम मंडल के मंत्री धीरज बंका ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। श्री श्याम महोत्सव श्री श्याम मंडल के अधिकृत यू-ट्यूब चैनल पे प्रसारण किया गया। रात्रि 10 बजे श्री श्याम प्रभु का महाआरती कर 58वें श्री श्याम महोत्सव का समापन किया गया। श्री श्याम मंडल के मीडिया प्रभारी सुमित पोद्दार ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में नितेश लाखोटिया, लल्लू सारस्वत, महेश सारस्वत, लड्डू सारस्वत, जितेश अग्रवाल, विजय शंकर साबू, अरुण धनुका, अजय रूंगटा, कुणाल जलान, मनोज ढांढनियां और प्रियांश पोद्दार का विशेष सहयोग रहा।

# भारतीय एकता कमेटी ने लोगों को दिया भोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सामाजिक संस्था भारतीय एकता कमेटी रांची के तत्वावधान में रविवार को दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन और आजाद सिपाही के वरिष्ठ संपादक वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय हरि नारायण सिंह के याद में कर्बला टैंक रोड मिशन चौक संत मारिया महा गिरजाघर के पास जरूरतमंद गरीब लोगों को खाने का पैकेट और वाटर बोतल का वितरण किया गया। इस अवसर पर भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने केंद्रीय सरकार से मांग की कि गुरु जी को जल्द से जल्द भारत रत्न दिया जाये। गुरुजी और वरिष्ठ पत्रकार हरि नारायण सिंह के लिए भारतीय एकता कमेटी ने प्रार्थना की कि इन लोगों की आत्मा को शांति मिले। गुलाम मुस्तफा ने कहा कि स्वर्गीय शिबू सोरेन को और वरिष्ठ पत्रकार हरि नारायण सिंह को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। यह लोग झारखंड के हर नागरिकों के दिलों में बसे हुए हैं। भारतीय एकता कमेटी हमेशा इन महान लोगों को अपने दिल में जगह देती है और आगे भी इन महान लोगों के याद करती रहेगी। इन लोगों की याद में सामाजिक कार्यक्रम चलाये जायेंगे।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** — कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

**वृष** — समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

**मिथुन** — आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी।

**कर्क** — काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**सिंह** — आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

**कन्या** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट का रांची में जेइइ-नीट डिविजन शुरू

## रांची में ही पूरे होंगे स्टूडेंट्स के डॉक्टर और इंजीनियर बनने के सपने

**एलन ने महेंद्र सिंह धोनी से किया वादा निभाया, जनवरी से शुरू होगी कक्षाएं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पिछले दस वर्षों से प्री-नर्चर कॅरियर फाउंडेशन (पीएनसीएफ) के रूप में सेवाएं दे रहा एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट ने राजधानी रांची में सेवाओं के विस्तार की घोषणा की है। एलन रांची में नीट-जेइइ डिवीजन की शुरुआत 31 अगस्त से हो चुकी है। यहां चाणक्य बीएनआर होटल में आयोजित समारोह में यह घोषणा की गयी। इस अवसर पर एलन के झोनल हेड एवं वाइस प्रसीडेंट डॉ विपिन योगी मुख्य अतिथि रहे। इसके साथ ही एलन कोटा के एक्सपर्ट फैकल्टीज एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे। समारोह में स्टूडेंट्स एवं पेरेंट्स की मौजूदगी में पोस्टर का विमोचन किया गया। एलन रांची में वर्ष 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गयी है। जेइइ मेन, एडवांस्ड और नीट-यूजी के बैच जनवरी से शुरू होंगे।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ विपिन योगी ने बताया कि फरवरी माह में एलन के कार्यक्रम में आये कैप्टन कूल और भारतीय क्रिकेट जगत के बादशाह रांची के सपूत महेंद्र सिंह




धोनी से एलन ने रांची में सेंटर शुरुआत करने का वादा किया था। इस वादे को निभाते हुए एलन सत्र 2026-27 के प्रवेश के लिए जेइइ-नीट डिवीजन शुरू करने की घोषणा कर चुका है। अब रांची के स्टूडेंट्स को डॉक्टर एवं इंजीनियर बनने का सपना पूरा करने के लिए किसी दूसरे शहर जाने की जरूरत नहीं होगी। यहां की प्रतिभाओं को यहीं संबल मिलेगा और वो आगे बढ़ेंगे। रांची में कोटा जैसा श्रेष्ठ शिक्षा और श्रेष्ठ माहौल दिया जायेगा।

डॉ योगी ने झारखंड सरकार द्वारा कोचिंग रेगुलेशन बिल पारित करने का भी स्वागत किया। उन्होंने कहा कि एलन सरकार और प्रशासन के दिशा निर्देशों के अनुसार गाइडलाइन की पालना करते हुए विद्यार्थियों के कॅरियर को दिशा देगा। गाइड लाइन का अध्ययन किया जा रहा है और हर कदम सरकार के निर्देशानुसार ही उठाया जायेगा।

हेमंत योगी, जो विगत 22 वर्षों से एलन कोटा में फिजिक्स पढ़ा रहे हैं, उनको सेंटर हेड बनाया गया है और मुख्य रूप से कोटा की एक्सपर्ट फैकल्टीज द्वारा ही अध्यापन कार्य होगा। सेंटर हेड ने बताया कि रांची में हरमू, हवाई नगर एवं लालपुर कैम्पस में पढ़ाई होगी। जेइइ-नीट के बैच जनवरी माह से लालपुर कैम्पस में लगाये जायेंगे। स्टूडेंट्स एलन टैलेंटेक्स एग्जाम में शामिल होकर एलन फीस में 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं। यह परीक्षा आगामी 12 अक्टूबर को होगी। इसके लिए रजिस्ट्रेशन जारी है। उन्होंने कहा कि गत दस वर्षों में जूनियर डिवीजन से जो विश्वास एलन का रांची से जुड़ा है। अब स्टूडेंट्स एलन रांची से नीट-जेइइ परीक्षा में रांची में रह कर ही राष्ट्रीय स्तर के परिणाम प्राप्त कर सकेंगे।

### एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट

**18 अप्रैल 1988 को स्थापित एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड वर्तमान में 7 देशों के साथ भारत के 24 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों के 65 शहरों में स्टडी सेंटर्स के माध्यम से शिक्षा मुहैया करवा रहा है। इन शहरों में 285 से अधिक क्लास रूम कैंपस हैं तथा 400 से अधिक शहरों में टेस्ट सेंटर्स हैं। स्थापना से अब तक 35 लाख से अधिक विद्यार्थी एलन से मार्गदर्शन प्राप्त कर चुके हैं। एलन प्री-इंजीनियरिंग जेईई-मेन, एडवांस्ड, प्री-मेडिकल नीट-यूजी, प्री-नर्चर एंड कॅरियर फाउंडेशन (कक्षा 6 से 10 और ओलंपियाड) की तैयारी के लिए भारत का प्रमुख कोचिंग संस्थान है। एलन का फोकस स्टूडेंट्स के नॉलेज और कॉन्सेप्ट के फाउंडेशन को मजबूत करना है। गत 16 वर्षों में एलन के 27 स्टूडेंट्स ने इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में आल इंडिया रैंक-1 प्राप्त की।**

# नागरमल मोदी सेवा सदन का 68वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नागरमल मोदी सेवा सदन अस्पताल का 68वां स्थापना दिवस रविवार को धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष, सेवा भारती झारखंड,ओमप्रकाश केजरीवाल ने अध्यक्ष अरुण छावछरिया एवं मानद सचिव आशीष मोदी के साथ सदन का परिभ्रमण किया। समारोह की शुरुआत ओम मंत्रोच्चारण एवं अपराजिता कुमारी की गणेश वंदना से हुई। परिचारिकाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि का स्वागत पूर्व अध्यक्ष राजकुमार केडिया ने पौधा भेंट कर किया। इस अवसर पर अध्यक्ष ने अस्पताल के विकास एवं सेवाओं पर प्रकाश डाला और कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति से कोई भी कार्य संभव है। मानद सचिव ने बताया कि शीघ्र ही मात्र 500 रुपये में डायलिसिस सेवा प्रारंभ की जायेगी।

कार्यक्रम में सेवा सदन संवाद पत्रिका का लोकार्पण मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। इसकी जानकारी संपादक आलोक तुलस्यान ने दी। सह सचिव वेद प्रकाश बागला ने समाज सुधारक पूज्यनीय नागरमल मोदी के 1953 के सार्वजनिक अभिनंदन का वाचन कर सभी को भावुक कर दिया।

समारोह में उत्कृष्ट कार्य हेतु चिकित्सक डॉ प्रवीण मेहरा तथा कर्मचारियों कुमार नीतिन, शांति टोप्पो, अंबेश्वरी, रंजीत गाड़ी एवं सोमनाथ महतो को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि चिकित्सक भगवान का स्वरूप हैं और सेवा सदन एक मानव मंदिर है, जहां सच्ची सेवा के जरिए समाज को लाभ पहुंचाया जा रहा है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि को पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सरावगी, अजय मारू और राजकुमार केडिया ने शॉल, मेमेंटो एवं नागरमल मोदी का डाक टिकट भेंट कर सम्मानित किया। समारोह का संचालन उपाध्यक्ष रेखा जैन एवं सह सचिव वेद प्रकाश बागला ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सह सचिव श्री ललित केडिया ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ सदस्य भागचंद पोद्दार, गोवर्द्धन गाड़ोदिया, चंडी प्रसाद डालमिया, नवनीत मोदी, प्रदीप नारसरिया, वरुण जालान सहित अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुनील रूंगटा, डॉ रमण कुमार, डॉ अंजु कुमार, डॉ अरविंद सिंह एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।




आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 01 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# राजधानी में दुर्गा पूजा की तैयारी जोरों पर

रांची (आजाद सिपाही)। हर साल राजधानी रांची में दुर्गा पूजा बड़े ही हर्षो उल्लास के साथ मनायी जाती है। इस साल भी दुर्गा पूजा को लेकर राजधानी रांची में तैयारियों जोरों पर है। राजधानी रांची के अधिकतर पूजा आयोजक अपने पंडालों के निर्माण कार्य को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। इस बार का सबसे आकर्षक पंडाल रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति नॉर्थ कॉलोनी का होगा। करीब 50 लाख की लागत से तैयार हो रहे इस पंडाल की ऊंचाई 70 फीट और चौड़ाई 50 फीट होगी। यहां आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर का भव्य प्रारूप तैयार किया जा रहा है। पंडाल निर्माण में 50 से अधिक कलाकार जुटे हैं, जबकि अंदर 14 फीट ऊंची मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित होगी। दीवारों पर दक्षिण भारतीय शैली की मूर्तियां सजेंगी, जिनमें भगवान राम, सीता, हनुमान और विष्णु अवतारों की झलक मिलेगी। श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र 40 फीट ऊंची हनुमान जी की प्रतिमा और गूंजती हनुमान चालीसा होगी, जो भक्तों को भक्ति रस में डुबो देगी।

## युवा दस्ता के अध्यक्ष बने राजेश गुप्ता छोटू एवं संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** युवा दस्ता रांची की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को श्री शिव मंदिर परिषर बड़ा तालाब रांची में संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा, श्री राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह, श्री चैती दुगार्पूजा महासमिति के महामंत्री गोपाल पारीक, समाजसेवी उपेंद्र रजक, मदन साहू एवं अखिलेश राय उपस्थित थे।

बैठक की अध्यक्षता राजेश गुप्ता छोटू ने की एवं संचालन ज्योति शंकर साहू ने किया। बैठक में धन्यवाद ज्ञापन मदन साहू ने किया। बैठक में श्री दुर्गापूजा महोत्सव 2025 को सफल बनाने के लिए युवा दस्ता के महानगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में 2025-26 के सर्वसम्मति से नयी कार्यकारिणी का गठन किया गया।

युवा दस्ता 2025 के नयी कार्यकारिणी में अध्यक्ष राजेश गुप्ता छोटू, मुख्य संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा,

संरक्षक लंकेश सिंह, उपेंद्र रजक, कैलाश केसरी, गोपाल पारीक, राज किशोर, प्रकाश चंद्र सिन्हा, अखिलेश राय, कार्यकारी अध्यक्ष पीयूष आनंद, महामंत्री मंटू दुबे, राकेश सिंह, मंत्री राजेश राम, मनीष साहू, अमरदीप साहू, उपाध्यक्ष रवि कुमार पटवा, टिंकू महतो, मंच प्रभारी ओम प्रकाश शर्मा, बीरू पासवान, सोनू भारद्वाज शामिल हैं।

बैठक में युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने नवनिर्वाचित सभी सदस्यों एवं पाधिकारियों को माला पहना कर स्वागत किया गया एवं बधाई दी। आगामी सात सितंबर को युवा दस्ता की बैठक में ग्रामीण एवं क्षेत्रीय स्तर पर संगठन का विस्तार किया जायेगा। श्री मिश्रा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी युवा दस्ता के 400 सदस्य सेवा कार्य मे तैनात रहेंगे।

युवा दस्ता के अध्यक्ष राजेश गुप्ता छोटू ने युवा दस्ता के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से कहा कि युवा दस्ता जिला प्रशासन एवं श्रद्धालुओं के बीच कड़ी का काम करेगी एवं श्री दुर्गापूजा महोत्सव आयोजन समिति के लिए सहयोगी की भूमिका निभायेगी। श्री गुप्ता ने बताया कि युवा दस्ता के सभी सदस्य सभी पूजा पंडाल एवं मां भवानी के भक्तों की सेवा के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। बैठक में संदीप रजक, कारण नायक, अमित मिश्रा, राजीव सिंह, बंटी पासवान, डॉ एके लाल, कैलाश पारीक, रंजीत उरांव, अरविंद जैसवाल, सुनील शर्मा, आयुष कुमार, सुनील राय, उमेश, सूरज पांडेय, राणा रणधीर, सोनू कुमार ने अपने अपने विचार व्यक्त किये।

## विक्की यादव बने रांची जिला दुर्गा पूजा समिति के नये अध्यक्ष, मुनचुन राय होंगे मुख्य संरक्षक



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची ज़िला दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया है। इस बार भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन होगाष श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को प्राथमिकता दी जायेगी।

रांची जिला दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक मुनचुन राय, हीरालाल साहू, अशोक पुरोहित, अशोक चौधरी, मुख्य सलाहकार उदय प्रताप सिंह मुन्ना, मनोज पांडेय, संरक्षक आलोक साहू, रमेश गुप्ता, राजेश ठाकुर, पंकज साहू, हेम सिंह, मनोज ठाकुर, उमेश कामदार, लल्लु सिंह, रवि रोहतगी, कुणाल अजमानी, सह संरक्षक विश्वजीत बॉस, शैलेस्वर दयाल सिंह, अजय गुप्ता, संयोजक मनोज गुप्ता, अध्यक्ष विक्की यादव, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश गोप, राहुल शर्मा, सदस्यता प्रभारी राजकुमार महतो, उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, राजू यादव, मनीष सिंह, राहुल गुप्ता, राकेश शर्मा, कमल गुप्ता, संजय सोनी, अमरेन्द्र सिंह, वीरू साहू, विनोद गोप, रवि सिंह, मिनी सिंह, विजय गुप्ता, राजीव चौधरी, आशुतोष वर्मा, मोनू विवेक, शुभम सिन्हा, रवि रोहतगी, मनीष श्रीमाली, धनंजय सिंह, संजय प्रसाद, अभिषेक चौधरी, कन्हैया लाल भारतीया, अंकित गुप्ता, प्रेम सिंह, बैजू सोनी, कौशल चौधरी, बैजू सोनी, संदीप गुप्ता, महामंत्री कुंदन सिंह, अरविंद साह, मंत्री आदर्श सिंह, प्रमोद श्रीवास्तव, किशन गोयल, धनंजय कुमार, पप्पू वर्मा, भोला चौधरी, एकाश कुमार, भोला शर्मा, रितेश द्विवेदी, किसलय सानू(सानू झा), नरेश पंडित, नवनीत कुमार, साहित्य पवन, भोला झा, राहुल सिंह, रिक्की यादव, संजय गुप्ता, धनंजय सिंह, राजेश वर्मा, सत्यम सत्यदर्शी, मनीष राय सेखर प्रसाद, राजकिशोर प्रसाद, साहित्य पवन, संदीप घोष, दीपक गुप्ता, आनंद कुमार, शशांक शर्मा, अमित वर्मा, आकाश वर्मा, अमित वर्मा, विश्वविजय गांगुली, अमित हर्षवीर, नारायण साव, उत्तम यादव, संजीव सिंह, अविनाश कुमार, प्रखर लोहिया, किशन मोदी, रोनित साहू, मीडिया प्रभारी साजन सिन्हा, विवेक सिंह, सह मीडिया प्रभारी नीरज यादव, रिषभ अग्रवाल, नमन भारतीय, स्वतंत्र गुप्ता, प्रवक्ता मंटू लाला, दिलीप स्वर्णकार, संगठन मंत्री शैलेंद्र यादव, आशुतोष सिंह, कोषाध्यक्ष पवन मुरारका और किशन गोयल, ज्योति शंकर साहू, सुजाता भैया, सुजाता मोदी, रणजीत राम को कार्यसमिति सदस्य मनोनीत किया गया है।

## डॉ अजीत सहाय आजीवन मुख्य संयोजक और प्रदीप रॉय बाबू अध्यक्ष बने

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रविवार को रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संयोजक डॉ अजीत कुमार सहाय के नेतृत्व मे वार्षिक आमसभा सह कार्यकारिणी समिति का गठन बिहार क्लब, कचहरी रोड, रांची के सभागार में संपन्न हुआ। इसकी अध्यक्षता महानगर समिति के अध्यक्ष चंचल चटर्जी ने की। उपरोक्त जानकारी देते हुए कार्यकारी अध्यक्ष राजन वर्मा एवं महामंत्री रविंद्र वर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि वार्षिक बैठक सह आमसभा की अध्यक्षता महानगर समिति के अध्यक्ष चंचल चटर्जी ने की। संचालन महामंत्री रविंद्र वर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी अध्यक्ष राजन वर्मा ने किया।

सर्वप्रथम अध्यक्ष चंचल चटर्जी ने आगत अतिथियों के रूप में विशेष आमंत्रित सदस्य श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष जय सिंह यादव, पूर्व उपाध्यक्ष राजा सेन गुप्ता, कुणाल आजमानी अध्यक्ष श्री महावीर मंडल रांची महानगर, आलोक दुबे मुख्य संरक्षक रांची महानगर श्री काली पूजा समिति प्रवीण लोहिया अध्यक्ष 'मुक्ति' संस्थान, उज्जवल तिवारी सदस्य झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग एवं महानगर समिति के संस्थापक सदस्य तथा विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारी एवं सदस्य क्रमशः जैनेंद्र प्रसाद, रामा ठाकुर,राजू वर्मा (चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति), राजेश कुमार लाल (संग्राम क्लब), सेतांक सेन बबलू, श्यामल राय (श्री दुर्गा बाड़ी), संजय सहाय, (आदर्श दुर्गा पूजा), पवन सिंह धुर्वा, रमेश सिंह (स्टाफ क्वार्टर दुर्गा पूजा समिति), प्रो अरुण सिंह (बिहार क्लब दुर्गा पूजा समिति), विनोद सिंह (नामकुम दुर्गा पूजा समिति), संजय मिनोचा (विनेक्स क्लब बरियातू) एवं अन्य सम्मानित सदस्यों को चुनरी एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

इसके उपरांत विभिन्न पूजा समिति के सदस्यों ने अपने विचार रखें। इसके बाद महानगर समिति के अध्यक्ष डॉ चंचल चटर्जी के द्वारा कमेटी को भंग किया गया> तत्पश्चात वर्ष 2025- 26 हेतु नयी कमेटी का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न कराया गया। इसमें आजीवन मुख्य संयोजक डॉ अजीत कुमार सहाय, उप संयोजक चंचल चटर्जी, राजीव रंजन प्रसाद, सह संयोजक कामाख्या सिंह, जैनेंद्र प्रसाद, रामा ठाकुर, दिनेश साहू, राजेश कुमार लाल, संजय सहाय, सेतान्क सेन, पवन सिंह, शैलेश्वर दयाल सिंह, रमेश सिंह स्टाफ क्वार्टर, प्रो अरूण सिंह, अध्यक्ष प्रदीप रॉय बाबू, कार्यकारी अध्यक्ष राजन वर्मा, संजय मिनोचा, वरीय उपाध्यक्ष संजय सिन्हा गोपू, राणा रणधीर, उपाध्यक्ष राजू वर्मा, बिनोद सिंह नामकुम, सागर वर्मा, श्यामल राय, अभिलाष साहू, अशोक यादव, कमलेश यादव, मंटू वर्मा, लखपति साव, अमित सोनी, राजू राम, संतोष महतो, महामंत्री रविंद्र वर्मा, संगठन मंत्री सागर कुमार, सह मंत्री कुलदीप राज महेंद्रु, सम्राट चटर्जी, अमित कुमार, जीतेन्द्र वर्मा, कोषाध्यक्ष अमर नाथ साहू, कार्यालय सचिव समीर सिंह बनाये गये हैं। रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में रांची महानगर जिला ग्रामीण श्री दुर्गा पूजा समिति का भी चुनाव किया गया। इसमें तपेश्वर केसरी अध्यक्ष, वीरेंद्र साहू महामंत्री एवं अन्य सदस्य मनोनीत किए गये।

बैठक में शैलेश्वर दयाल सिंह, प्रणव चौधरी, सेतांक सेन, बिंदु वर्मा, श्यामल राय, प्रसन्नजीत सिंह,शंकर सिन्हा युथ क्लब, विकास दास, मंटू वर्मा, तरुण घोष,अजय गुप्ता प्रमोद जायसवाल, मंतोष विश्वास, नंदकिशोर सिंह चंदेल, अमित वर्मा, वीरेन चक्रवर्ती, करने नायक, विश्वनाथ गांगुली, श्रीमती बिंदु सिंह, अमित घोष, चिन्मय दत्ता, विनोद सिंह, उज्जवल तिवारी, अमित सोनी, ,अशोक यादव, लखपति साहू, जितेंद्र वर्मा, अमित कुमार, अजय गुप्ता सहित लगभग 90 पूजा समितियों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

### हरि नारायण सिंह को दी गयी श्रद्धांजलि

रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति की सभा के उपरांत झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय हरि नारायण सिंह को रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के ओर से दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

## बाबूलाल ने सीएम को लिखा पत्र

## संचिकाओं की जब्ती को लेकर उठाये सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने उत्पाद विभाग से एसीबी द्वारा संचिकाओं की जब्ती, शराब घोटाले के साक्ष्यों को नष्ट करने की साजिश एवं उससे होने वाले संभावित राजस्व नुकसान के संबंध में मुख्यमंत्री हेमांत सोरेन को पत्र लिखा है। अपने पत्र में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि उपरोक्त विषयक के संदर्भ में आपको अवगत कराना है कि मंगलवार की रात यह सूचना प्राप्त हुई कि उत्पाद विभाग कार्यालय से भारी मात्रा में कागजात रात के अंधेरे में एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) द्वारा ले जाये गये। यह कोई सामान्य प्रशासनिक अथवा विधिक प्रक्रिया का हिस्सा नहीं था, बल्कि पूरी तरह गुप्त और संदिग्ध परिस्थितियों में अंजाम दिया गया।

## श्री बलभद्र पूजनोत्सव सह पारिवारिक सांस्कृतिक कार्यक्रम

### श्री रानी सती दादी मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में कलवार संघ के लोग हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड कलवार संघ रांची द्वारा रविवार को शहर के रातू रोड में स्थित रानी सती मंदिर के सभाकर में श्री बलभद्र पूजनोत्सव सह पारिवारिक सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के आरंभ में बलभद्र पूजन का आयोजन किया गया। पूजा में हरमू रोड के रहने वाले विजय कुमार पत्नी के साथ पूजा अर्चना किया। क्या पूजा प्रातः 8:00 बजे से आरंभ हुई। इसके उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया।

पूजा और प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का विधिवत रूप से उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। समाज के वरिष्ठ लोगों द्वारा कार्यक्रम का विधिवत रूप से स्वागत किया गया। दीप प्रज्वलित श्याम कुमार प्रसाद, विश्वनाथ प्रसाद,जगतपाल प्रसाद, राधे श्याम गुप्ता, राजेश भगत, प्रो बीके जायसवाल आदि लोगों ने कर उद्घाटन किया। गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके उपरांत संस्कृत कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इलाहाबाद से आयी सांस्कृतिक कार्यक्रम की टीम ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया' इस मौके पर धर्मशाला निर्माण के लिए सहयोग करने वाले जमीन दान दाताओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर संघ के संरक्षक लोगों को सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष श्याम कुमार प्रसाद ने किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन प्रो सीमा प्रसाद एवं सहयोग संगठन मंत्री राधेश्याम गुप्ता ने किया। इस मौके पर साधु शरण गुप्ता,आर एस प्रसाद मुन्ना, केदार प्रसाद, प्रेम कुमार, प्रेमवर्धन प्रसाद, अमित कुमार भगत, विनोद कुमार, राजीव कुमार, ओम प्रकाश प्रसाद, रमेश प्रसाद, कैलाश प्रसाद, राजेश्वर प्रसाद, संतोष कुमार राजू, राजेश कुमार गुप्ता, प्रकाश कुमार, विपिन वर्मा, विजय भगत, विवेक भगत, हरिनारायण गुप्ता, बलराम कुमार गुप्ता,मुकेश लाल, विद्यासागर आदि मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### डोरंडा महाविद्यालय में 'इच वन टीच वन' कार्यक्रम का समापन




रांची (आजाद सिपाही)। डोरंडा महाविद्यालय के एनएसएस इकाई के द्वारा प्राचार्य डॉ. राज कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में एवं एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. कंचन मुंडा की देखरेख में संचालित इच वन, टीच वन कार्यक्रम का सफल समापन आज खिजरी गाँव में किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के 10 एनएसएस स्वयंसेवकों ने लगातार तीन महीनों तक प्रत्येक रविवार को गांव के बच्चों और विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की। इस पहल से बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता और पढ़ाई के प्रति रुचि जागृत हुई। शिक्षण कार्य के साथ-साथ बच्चों को चित्रकला, संस्कृति, स्वच्छता, नशा मुक्ति, सांस्कृतिक गीत-नृत्य तथा खेलकूद जैसी गतिविधियों की भी शिक्षा दी गई, जिससे उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहन मिला। समापन अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवक जमील, अविनाश, विधि, रामधनी, अंश, प्रतिमा, जरीन, रौनक और विपुल विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों की सक्रियता और समर्पण की ग्रामीणों ने सराहना की।

### वाइबीएन विवि में करमा मिलन समारोह



रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को वाइबीएन विश्वविद्यालय के प्रमाण में हर्षोल्लास के साथ करमा मिलन समारोह आयोजन किया गया। जिसमें माँ कलावती इंस्ट्रीयूट ऑफ हेल्थ एजेक्शन रिसर्च सेंटर नर्सिंग के छात्र- छात्रा एवं पूरे नर्सिंग स्टाफ, टीचिंग एवं नन टीचिंग कमीटि के सहयोग से ये कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जिसमे हमारे वाइबीएन विश्वविद्यालय के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अंकिता यादव, डीन ऑफ एकेडमिक्स डॉ. अपर्णा शर्मा, डीएसडब्ल्यू आरती गुप्ता एवं मानव संसाधन निर्देशक डॉ. अरविंद कुमार यादव एवं वाइ बी न स्टाफ आकर इस समारोह में शामिल हुए, इस कार्यक्रम में कर्मा डाली बड़े सम्मान के साथ कैम्पस में लाया गया। जिसमें करमा त्योहार की महत्ता और आदिवासियों की संस्कृति की झलक दशार्यी गयी। सभी ने इस समारोह में अपनी उपस्थिति देख कर इस समारोह को बड़े धूम धाम के साथ बेहतर बनाया गया।

### पंडरा मंडल के लोगों ने सुनी पीएम मन की बात



रांची (आजाद सिपाही)। पंडरा मंडल (रांची महानगर) में कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात लोकप्रिय कार्यक्रम को सुना। यह कार्यक्रम बहुत ही जनप्रिय और प्रेरणा देने वाला है। मन की बात में प्रधानमंत्री का संबोधन संपूर्ण भारत का एक समावेशी संबोधन होता है जिसमें हमारे देश के सभी ऐसे कर्णधार जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में अपने बल पर नये काम को गति देते हैं ऐसे लोगों की जानकारी प्रधानमंत्री मन की बात में करते हैं इसे हम सबों को प्रेरणा मिलती है स्वदेशी अभियान को आगे बढ़ते हुए प्रधानमंत्री जी का आह्वान ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी वस्तु को अपनाए और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हम सब मिलकर प्रधानमंत्री जी के इस मुहिम को आगे बढ़ाएं। इस कार्यक्रम में शुबेश पांडे ,पायल सोनी ,नेहा सिंह ,संजीव चौधरी, प्रीतम साहू , मंटू केसरी जसवंत मिश्रा तुलसी गुप्ता राजकुमार साहू, आलोक परमार, अशोक मुंडा, विनोद वर्मा सोनी कुमारी रवि मेहता सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### श्री श्याम संघ ने लगाया रक्तदान शिविर




रांची (आजाद सिपाही)। श्री श्याम संघ के तत्वावधान में रविवार को नागरमल मोदी सेवा सदन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के संयोजक अभिषेक चौधरी एवं रूपेश लोहिया ने बताया कि इस सामाजिक और जनहितकारी कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में कम से कम दो बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान ऐसा दान है, जो सिर्फ मनुष्य ही मनुष्य को दे सकता है। संस्था में 42 लोगों ने रक्त दान किया। इसमें शशिकांत कुमार, संजय सुरेका, आयुष चौधरी, उत्कर्ष चौधरी ने पहली बार रक्तदान किया। इस अवसर पर कमलेश संचेती, हरेंद्र अग्रवाल, संजय सुरेका, सौरभ कटारुका, प्रतीक मोर, सुरेश सारदा, आकाश शर्मा, विकास लोहिया, मुकेश कटारुका, सुमित अग्रवाल, अभिषेक चौधरी, विकास अग्रवाल, रवि अग्रवाल एवं अन्य मौजूद रहे।

### उपायुक्त का आज होनेवाला जनता दरबार स्थगित

रांची (आजाद सिपाही)। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, रांची, मंजुनाथ भजन्त्री द्वारा प्रत्येक सप्ताह सोमवार को आयोजित होने वाला जनता दरबार, जो 1 सितंबर 2025 को प्रस्तावित था, उसे स्थगित कर दिया गया हैं। रांची जिला प्रशासन द्वारा सूचित किया गया है कि समाहरणालय ब्लॉक-ए में प्रत्येक सप्ताह सोमवार को आयोजित होने वाला जनता दरबार, जो 1 सितंबर 2025 को प्रस्तावित था उसे स्थगित कर दिया गया है। आप अपनी शिकायतों और समस्याओं को दर्ज करने के लिए अबुआ साथी- 9430328080 के माध्यम का उपयोग करें।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 01 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## ललगुटुवा में क्षत्रिय गौरव एकता बैठक

# जितना समाज सशक्त होगा, उतना ही नेतृत्व सशक्त होगा : सुनील सिंह

- समाज को सामूहिक विवाह पर भी जोर दिया जाना चाहिए : सुनील सिंह
- समाज के लोगों को अपने अधिकार के लिए अब एग्रेसिव होने की जरूरत है: पीएन सिंह




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रविवार को क्षत्रिय समाज की एक बैठक ललगुटुवा बैंकेट हॉल में क्षत्रिय गौरव एकता बैठक पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत जय मां भवानी की गगनभेदी नारा के साथ द्वीप प्रज्वल्लित कर की गयी।

कार्यक्रम में झारखंड के विभिन्न जिलों से आये क्षत्रिय समाज के सभी सदस्यों का स्वागत समाजसेवी लाल प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अजय शाहदेव ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन सत्यनारायण सिंह ने किया।

बैठक में प्रवीण सिंह ने विषय वस्तु प्रवेश कराते हुए आज की बैठक की एजेंडे को रखा। पहला एजेंडा 2026 के फरवरी माह में एक विशाल जनसभा का आयोजन करना, देश मे सवर्ण आयोग का गठन हो, सवर्ण वर्ग के कमजोर आर्थिक स्थिति वाले लोगों को दस प्रतिशत की आरक्षण प्राप्त करने हेतु अंचल कार्यालय से आय प्रमाण पत्र जारी किया जाये, समाज में अपनी रीति रिवाज और संस्कार को समाज के बच्चों को देना अनिवार्य हो।

इस क्षत्रिय गौरव एकता बैठक में राज्य के कई जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस बैठक में समाज की आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक विषयों पर गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक को चतरा के पूर्व लोकसभा सदस्य सुनील सिंह ने बैठक में पेश किये गये पांच एजेंडों पर सबकी सहमति ली और बैठक में शामिल सभी सदस्यों ने एक स्वर में सभी एजेंडों को पारित किया। सभा में प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में एक संचालन समिति का गठन किये जाने का भी प्रस्ताव पारित किया गया। महिला शिक्षा को आवश्यक बनाने का प्रस्ताव भी पारित किया। रांची में एक हॉस्टल निर्माण पर सहमति बनी। देश में परिसीमन को लागू कराने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया।

समाज में मृत्यु संस्कार के नाम पर समाज के लोग कर्ज लेकर अपनी आर्थिक स्थिति खराब करते है, उस पर रोक लगनी चाहिए या संयम बरती जानी चाहिए। समाज को सामूहिक विवाह कराने पर भी विचार किया जाना चाहिए। क्षत्रिय परिवार की जनसंख्या बढ़ाने पर भी विचार जानी चाहिए।

बैठक को संबोधित करते हुए धनबाद के पूर्व सांसद पशुपति नाथ सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज सम्मान का भूखा है, धन दौलत का नहीं। हम वैसे जगहों पर नहीं जाते जहां हमें आशा होती है कि मेरा सम्मान नहीं होगा। अब किसी भी राजनीतिक दल के द्वारा क्षत्रिय समाज का अपमान किये जाने का बदला लेने के लिए तैयार रहना चाहिए। जब तक एग्रेसिव नहीं होंगे, तब तक हमें मान सम्मान नहीं मिलेगा। सभा को पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज के हुतात्माओं ने त्याग, तपस्या और देश को बचाने हेतु अपनी आहुति दी है। उन अमर शहीदों को समाज न भूलें, इसके लिए उनकी जयंती और पुण्यतिथि अवश्य मनायी जानी चाहिए। क्षत्रिय का कोई जाति नहीं होती है। हमारी छत्रछाया में जो आ जाये, उसकी रक्षा करना हमारा धर्म है। उन्होंने इडब्ल्यूएस के तहत मिलने वाले आरक्षण की समीक्षा समाज के द्वारा किये जाने पर जोर दिया। सभा को संबोधित करते हुए शंभु सिंह ने कहा कि देश में लोकसभा और विधानसभा की सीटों पर रोटेशन प्रणाली को फिर से शुरू की जाये, ताकि जो सीटों का आरक्षण बदलता रहे। इस मांग को पूरा करवाने के लिए हमे एक बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहना चाहिए। बच्चों में अच्छे संस्कार देने काम माताएं करें। समाज के लोग क्षत्रिय समाज को मजबूत बनाने हेतु बाहरी भीतरी की राजनीति से बाहर आयें। परिवार के बच्चों को कॉउंसलिंग अवश्य की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज भी क्षत्रिय समाज बहुत मजबूत है, तभी हमारे समाज से कई विधायक और सांसद बन रहे हैं। सभा को संबोधित करते हुए गढ़वा नगर उंटारी के राजा सह पूर्व विधायक राजेंद्र देव ने कहा कि समाज को संगठित और मजबूत बनाने हेतु आपसी भेदभाव को भुलाना होगा। उन्होंने समाज को आश्वासन देते हुए कहा कि जब कभी भी समाज की बेहतरी के लिए कोई आंदोलन होगा, उस पर मैं बढ़ चढ़ कर भाग लेने के लिए तैयार हूं। समाज मे जो विखराव है, उस पर रोक लगे।

### क्षत्रिय समाज ने पास किये प्रस्ताव

- सवर्ण आयोग का गठन हो
- लोकसभा और विधानसभा की सीटों में आरक्षण की रोटेशन प्रणाली फिर से लागू हो
- समाज को मजबूत बनाने हेतु आपसी भेदभाव को समाप्त करना होगा
- सवर्ण जाति को 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ लेने हेतु अंचल कार्यालय से आय प्रमाण पत्र जारी हो

# केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री के आवास पहुंचे राज्यपाल, गणेश पूजा की



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार रविवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास जाकर वहां आयोजित गणेश पूजन उत्सव में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर राज्यपाल ने विघ्नहर्ता श्री गणेशजी का आशीर्वाद प्राप्त किया और राज्यवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा पेसा कानून से ही संभव है : रघुवर दास



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि आदिवासी समाज वैदिक काल से प्रकृति का पूजक रहा है और उनकी संस्कृति, परंपरा, रीति-रिवाज सभी चीजें प्रकृति के इर्द-गिर्द हैं। उक्त बाते रघुवर दास रविवार को रातु में आदिवासी छात्र संघ और पड़हा समिति द्वारा आयोजित करम पूर्व संध्या महोत्सव में कहीं।

रघुवर दास ने कहा कि रूढ़िवादी परंपरा के अनुरूप स्वशासन भी आदि काल से विद्यमान है, लेकिन आज के समय में राजनीतिक स्वार्थ पूर्ति के लिए वैसे लोगों को स्वशासन का अधिकार मिल रहा है जो रूढ़िवादी परंपरा को नहीं मानते हैं। पेसा कानून के माध्यम से आदिवासी समाज का अधिकार

रघुवर दास ने कहा कि पेसा कानून के माध्यम से ही रूढ़िवादी व्यवस्था को मानने वाले आदि समाज को स्वशासन का अधिकार मिलेगा। उन्होंने राज्य सरकार से पेसा कानून लागू करने का आग्रह किया और कहा कि आदिवासी समाज को उसका हक मिलना चाहिए।

कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न खोड़हा दलों द्वारा पारंपरिक परिधान में मनमोहक गीत और नृत्य प्रस्तुत किया गया।

# नीलम बीरूली की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** समाजसेविका और राष्ट्रीय जतरा महोत्सव की संस्थापिका स्व. नीलम बीरूली की स्मृति में रविवार को मोरहाबादी के बापू वाटिका के समीप श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। श्रद्धांजलि सभा में विभिन्न सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों, महिला और युवाओं ने उनकी आत्मा की शांति की कमाना की। इस अवसर पर मौजूद जन समुदायों ने नीलम बीरूली के संघर्ष, उनके सामाजिक कार्य तथा आदिवासी संस्कृति और सभ्यता को बचाने में दिये गये योगदानों को याद किया। वहां मौजूद सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और यह संकल्प लिया कि नीलम बीरूली के अधूरे सपनों को साकार करने के लिए समाज एकजुट होकर कार्य करेगा। इस अवसर पर माला कुजूर, दीप्तराज बेदिया, राहुल तिर्की, अंतू तिर्की, अजय टोप्पो, संगीता शीतल तिर्की, मुक्ति बिरुलि, एलेक्स, अनिल उरांव, सोनू खलको, मुन्ना टोप्पो, रवि टोप्पो, ब्रजकिशोर बेदिया, गोविंद टोप्पो, रवि, आलोका कुजूर, चंद्रिका बिरुली, विकास मिंज, एलिना होरो, उमेश मुंडा, करण नायक, अमित मुंडा, अविनाश बाडा, दीपक मुंडा, अलीशा गौतम, मानसिंह मुंडा सहित अन्य मौजूद थे।

# मुकेश नायक मुख्य अतिथि के रूप गणेश आरती में हुए शामिल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नायक समाज झारखंड प्रदेश अध्यक्ष टाईगर संदीप नायक और कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश नायक अर्चना मिर्धा भारतीय युवा गणपति संघ रातू रोड रांची में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर किया आरती । कमेटी के बिटू सिंह और उनके टिमो के दौरा चुनरी ओढ़ा कर समानित किया गया।

## पंजाबी हिंदू बिरादरी एवं स्कूल प्रबंधन समिति की कार्यकारिणी की बैठक

# भव्य और धूमधाम से मनाया जायेगा रावण दहण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पंजाबी हिंदू बिरादरी एवं स्कूल प्रबंधन समिति के कार्यकारिणी की बैठक सुधीर उग्गल की अध्यक्षता में रविवार को पंजाबी भवन, लाला लाजपत राय पथ, ओवर ब्रिज के निकट सम्पन्न हुई। इसमें मोराबादी मैदान में रावण दहण और भी धूमधाम एवं भव्यतम तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से कुणाल अजमानी को दशहरा कमेटी 2025 का चेयरमैन मनोनीत किया गया।

इस वर्ष रावण दहण और भी भव्य रूप से मनाने के लिए स्थानीय लोक कलाकारों के साथ-साथ प्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा श्रीरामजी की जीवंत मूर्ति, रावण वध की जीवंत झांकी इत्यादि सहित मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की जायेगी। पायरो फायर वर्कस, मुंबई एवं कोलकता के टीम के द्वारा भव्य आकाशिय आतिशबाजी का आयोजन किया जायेगा। इस वर्ष बिहार बक्सर से रिंकू के द्वारा रावण, कुंभकर्ण एवं मेघनाथ के पुतले में बम लगाया जायेगा। इस वर्ष रावण, कुंभकर्ण एवं मेघनाथ के पुतले की ऊंचाई कमशः 70 फीट 65 फीट एवं 60 फीट की होगी। पुतले का निर्माण गया के कारीगर मो. मुसलीम द्वारा दिया जा रहा है। जो बच्चे अपने परिवार से बिछड़ जाते हैं। उसके लिए खोया-पाया काउंटर बनाया जायेगा। अंत में बिरादरी के उपाध्यक्ष स्व. चरणजीत मुंजाल के आकस्मिक निधन पर उनके आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी।

इस कार्यक्रम में सुधीर उग्गल, राजेश खन्ना, राजेश मेहरा, मुकुल तनेजा, रणदीप आनंद, रवि पराशर, अशोक माकन, देवेश अजमानी, मदन सेन कुजारा, कुणाल अजमानी, अमित कुमार, आशीष भाटिया, हरगोबिंद गिरधर, राकेश गिरधर, राकेश शर्मा, शिव कुमार स्याल, आदित्य मल्होत्रा, राहुल सेठ, प्रवीण मग्गो, विकाश चावला, अमिताभ कत्याल, तरूण जुल्का, अजय धमिजा, धीरज तनेजा, अजय सखूजा, सुमीत कक्कड, प्रवीण जग्गी, हरजीत जग्गी इत्यादि उपस्थित थे। यह जानकारी महासचिव राजेश मेहरा ने दी है।

## प्रदेश यादव महासभा झारखंड की कार्यकारिणी बैठक




रांची (आजाद सिपाही)। प्रदेश यादव महासभा झारखंड की कार्यकारिणी बैठक रविवार को रांची के हरमू स्थित स्वागतम बैंकट हॉल में संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बजरंगी प्रसाद यादव ने किया। इस कार्यक्रम में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किये गये। कार्यक्रम में श्री कृष्ण जन्माष्टमी करने वाली सभी संस्थाओं को सम्मानित किया गया, जिनमें श्री कृष्णा महोत्सव समिति रांची और हरमू जन्माष्टमी समिति शामिल हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सभी जिलों के जिला अध्यक्ष और प्रदेश के सभी पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन प्रधान महासचिव इंद्रजीत यादव ने किया और धन्यवाद ज्ञापन राजेश यादव ने किया।

## झारखंड गैर सरकारी स्कूल संचालक संघ की बैठक



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड गैर सरकारी स्कूल संचालक संघ की एक आवश्यक बैठक रांची के हरमू स्थित कारमेल स्कूल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के केंद्रीय अध्यक्ष राम प्रकाश तिवारी ने की। राम प्रकाश तिवारी ने बताया कि बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये है। सुप्रीम कोर्ट में अपील के लंबित रहने तक शिक्षा विभाग गैर मान्यता प्राइवेट स्कूलों पर कोई कार्रवाई नहीं करे इसका अनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा कि संघ के सदस्यों से अपील की गयी है कि वे झारखंड निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार प्रथम संशोधन नियमावली 2019 के तहत मान्यता प्रपत्र-1 आवेदन पोर्टल द्वारा या कापी जमा नहीं करेंगे। संघ के सदस्यों की सूची सुप्रीम कोर्ट में फाइल करने का अधिकार संघ के केंद्रीय अध्यक्ष को दिया गया है। बैठक में यह भी निर्णय किया गया कि जो संघ के सदस्य गैर मान्यता प्राइवेट स्कूल के प्रबंधक झारखंड गैर सरकारी स्कूल संचालक संघ की सदस्यता का नवीनीकरण नहीं कराए हैं उन्हें 7 सितंबर तक नवीनीकरण करने का अंतिम मौका दिया गया है। बैठक में संघ के पदाधिकारी और सदस्य गण उपस्थित थे, इसमें अजय शंकर कुमार, शंभू लाल वर्णवाल, आरएम झा, सत्य नारायण शर्मा सहित अन्य शामिल थे।

# सेंट जेवियर्स कॉलेज के धरामीत क्लब का जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज के शिक्षा विभाग के इको क्लब 'धरामीत' ने शहरी हरित पट्टी के महत्व पर दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। अंतर्विभागीय रंगोली, मॉडल मेकिंग और फैशन शो प्रतियोगिता में कॉलेज के छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में साइंटिफिक और फॉरेंसिक प्रयोगशाला के उप निदेशक डॉ अमित कुमार और विशिष्ट अतिथि के तौर पर कॉलेज के रजिस्ट्रार और ग्रीन कैंपस कमिटी के अध्यक्ष डॉ फादर प्रभात कैनेडी सोरेंग, एसजे और प्रो शालिनी मिंज ने पैनल डिस्कशन में पैनलिस्ट की भूमिका में अर्बन ग्रीन स्पेस के महत्व पर अपने अनुभव और महत्वपूर्ण सुझाव साझा किये। सत्र का संचालन धरामीत क्लब की संरक्षक डॉ नंदिता पाण्डेय ने किया। धरामीत सदस्यों ने थीम के आधार पर नृत्य, नाटक तथा गायन की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ फादर फ्लोरेंस पूर्ति, एसजे और विभाग के प्राध्यापकगण डॉ अनुपमा भार्गव, डॉ नीलिमा ज्योत्सना टोप्पो, डॉ सुधांशु सिरिल कुजूर, प्रो सुधा रानी खलखो, प्रो पंकज कुमार, प्रो जगबंधु महतो, डॉ विक्रम बहादुर नाग, प्रो कविता टोपनो, प्रो रूमा भट्टाचार्य एवं प्रो शिल्पा किंडो उपस्थित थे। धरामीत के सदस्यगण शुभम, तृषा, अंजली, अपर्णा, इला, करन, रितिक, हरिओम, रवि, सुप्रिया, विद्या, दीपा, शाइनी, हेमा, नेहा, बुशरा, मिस्बा, सिमरन, निशा इत्यादि ने मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

# साप्ताहिक कक्षा के बच्चे सम्मानित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विद्या देव चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा चलायी जा रही साप्ताहिक कक्षा के बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। पिछले साल की भांति इस साल भी साप्ताहिक कक्षा के बच्चों को प्रोत्साहन हेतु उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर रविवार को कृष्ण पुरी में विद्या देव चैरिटेबल सोसायटी की सेक्रेटरी रेखा देव द्वारा सम्मानित किया गया। यह कक्षा सप्ताह में दो दिन शनिवार और रविवार को चलायी जाती है। यह कक्षा विद्यार्थियों के आग्रह पर 2022 में दुबारा शुरू की गयी थी। आज 21 बच्चों की उपस्थिति उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एक छोटा सा सम्मान दिया गया। सर्वप्रथम बच्चों के द्वारा नित्य एवं स्पीच का कार्यक्रम के साथ बच्चों ने एक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया। सभी बच्चों ने अपनी शिक्षिका विद्या देव चैरिटेबल सोसायटी की सेक्रेटरी रेखा देव सर्वप्रथम बीते वर्षों से चली आ रही साप्ताहिक कक्षा की उपलब्धियां के बारे में बताया। विद्या देव चैरिटेबल सोसाइटी के मेंबर की तरफ से उनके लिए वस्त्र की व्यवस्था की गयी थी। बच्चों की शिक्षा में हो रहे सुधार के बारे में अवगत कराया गया। बच्चों से सुझाव मांगे गए एवं कुछ सुझाव के लिए सेक्रेटरी ने हामी भरी और भरोसा दिलाया कि जितना हो सकेगा, उतना मैं करूंगी। सभी बच्चे अच्छे मार्क्स से अपने-अपने कक्ष में उत्तीर्ण करेंगे, यह हमारी कोशिश रहेगी और हर साल हमारा प्रदर्शन उत्कृष्ट हो। बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए विद्या देव चैरिटेबल सोसाइटी की तरफ से सभी को एक मेडल और उपहार दिया गया। रविवार की कक्षा में करनाथ टोली, पॉवर हाउस, घाघरा, हटिया तालाब, अपर चुटिया के बच्चे शामिल थे। कार्यक्रम में डोली, रानी, अनीश, पूजा, वैष्णवी, मेहुल, आरब, शान, रूपाली, रुचिका, बेबी, भास्कर, पीहू, प्रीति, स्वीटी, छोटी, अनीश, प्रथा स्वीटी और आंचल इत्यादि उपस्थित थीं।

# चीन के साथ मजबूत संबंध

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार दोपहर जापान में कहा कि चीन के साथ मजबूत संबंध महत्वपूर्ण हैं और इससे क्षेत्रीय शांति और समृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा साथ ही वैश्विक अर्थव्यवस्था में स्थिरता आयेगी। पीएम मोदी दिल्ली और टोक्यो के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए जापान की दो दिवसीय यात्रा पर थे और अब चीन पहुंचे हैं। टोक्यो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चार कारखानों का दौरा किया, जिनमें से एक ई10 शिंकानसेन बुलेट ट्रेन का प्रोटोटाइप बना रहा है, जिसे भारत खरीदना चाहता है। इसके अलावा वे रक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी और व्यवसाय से संबंधित समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर भी किया। इसके बाद वे शंघाई सहयोग संगठन की बैठक के लिए चीन चले गये। शंघाई सहयोग संगठन एक क्षेत्रीय संगठन है जिसमें रूस, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और बेलारूस भी शामिल हैं। उन्होंने जापानी मीडिया से कहा कि राष्ट्रपति शी चिनफिंग के निमंत्रण पर मैं एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए यहां से तियानजिन जाऊंगा। पिछले वर्ष कजान (रूस में, एससीओ की पिछली बैठक के दौरान) में राष्ट्रपति शी के साथ मेरी मुलाकात के बाद से हमारे द्विपक्षीय संबंधों में स्थिर और सकारात्मक प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी के दो सबसे बड़े राष्ट्रों, भारत और चीन के बीच स्थिर, पूवार्नुमानित और सौहार्दपूर्ण द्विपक्षीय संबंध क्षेत्रीय और वैश्विक शांति और समृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। यह बहुध्रुवीय एशिया और विश्व के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस महीने दिल्ली में चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात के बाद की गयी टिप्पणी को दोहराया। यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है, जब भारत, यूक्रेन पर रूस के युद्ध, गाजा पर इजरायल के युद्ध, और उस देश को निर्यात किये जाने वाले भारतीय माल पर संयुक्त राज्य अमेरिका के 50 प्रतिशत टैरिफ के कारण उत्पन्न वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक उथल-पुथल से जूझ रहा है। विशेष रूप से अमेरिका के इस कदम से दशकों से चले आ रहे भारत-चीन सैन्य तनाव में कमी आई है, क्योंकि दोनों एशियाई देश करों से उत्पन्न होने वाले संभावित आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए संबंधों को पुनः संतुलित कर रहे हैं।


**भारत, यूक्रेन पर रूस के युद्ध, गाजा पर इजरायल के युद्ध, और उस देश को निर्यात किये जाने वाले भारतीय माल पर संयुक्त राज्य अमेरिका के 50 प्रतिशत टैरिफ के कारण उत्पन्न वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक उथल-पुथल से जूझ रहा है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित -100 वर्ष की संघ यात्रा : नये क्षितिज कार्यक्रम में मोहन भागवत ने साफ कहा कि हिंदू मतलब जो अपने-अपने रास्ते पर श्रद्धा रखे, दूसरों का भी सम्मान करे और रास्तों को लेकर झगड़ा न करे। यह परंपरा और संस्कृति जिनकी है, वही हिंदू है। उनका सीधा संदेश था-हिंदू का अर्थ हिंदू बनाम अन्य नहीं, बल्कि समावेशिता है। संघ के खिलाफ हमेशा राजनीति की जाती रही है। मोहन भागवत ने कहा कि संघ के बारे में चर्चाएं बहुत होती हैं, लेकिन तथ्यपरक जानकारियां कम होती हैं।**

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और बदलता विमर्श

**अनिल पांडेय**



**संघ भारत को सांस्कृतिक राष्ट्र मानता है, जबकि वामपंथ इसे 1947 में जन्मे नेशन स्टेट से आगे देख ही नहीं पाता। वामपंथ समाज को संघर्ष की दृष्टि से देखता है, जबकि संघ सहयोग और एकता पर बल देता है। वामपंथ की प्रेरणा मार्क्स, लेनिन और माओ हैं। संघ अपनी जड़ों को भारत की परंपरा, सनातन और अध्यात्म में खोजता है।**

एक सदी पहले मुट्ठी भर लोगों से शुरू हुआ संगठन आज देश के सबसे सशक्त और प्रभावी संगठनों में गिना जाता है। इसके बावजूद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ न तो कभी आत्मप्रचार की दौड़ में शामिल हुआ और न ही उसने संगठित दुष्प्रचारों का जवाब देने को आवश्यक समझा। लेकिन समय बदल रहा है। दशकों तक लगातार निशाना बनाये जाने के बाद अब संघ प्रमुख मोहन भागवत ने सीधे सवालों का जवाब देना जरूरी समझा। उन्होंने स्पष्ट किया कि हिंदू और हिंदुत्व का वास्तविक अर्थ क्या है, और क्यों संघ पर लगाये जाने वाले आरोप महज राजनीतिक हथकंडे हैं।

नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमि के भाव के साथ राष्ट्रसेवा में जुटा यह संगठन दशकों से वामपंथी-उदारवादी विमर्श और पश्चिमी चश्मे से भारत को देखने वालों का सबसे प्रिय निशाना रहा है। संघ की आलोचना आज भी खुद को लिबरल और प्रगतिशील साबित करने की अनिवार्य शर्त मानी जाती है, लेकिन अब परिदृश्य बदल रहा है और नरेटिव का पेंडुलम संघ की ओर झुकता दिखायी दे रहा है।

नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित -100 वर्ष की संघ यात्रा : नये क्षितिज कार्यक्रम में मोहन भागवत ने साफ कहा कि हिंदू मतलब जो अपने-अपने रास्ते पर श्रद्धा रखे, दूसरों का भी सम्मान करे और रास्तों को लेकर झगड़ा न करे। यह परंपरा और संस्कृति जिनकी है, वही हिंदू है। उनका सीधा संदेश था-हिंदू का अर्थ हिंदू बनाम अन्य नहीं, बल्कि समावेशिता है।

**यदि विमर्श तथ्यों पर आधारित हो जाये, तो संघ-विरोधी दुष्प्रचार ठहर नहीं पायेंगे।**

संघ के खिलाफ हमेशा राजनीति की जाती रही है। मोहन भागवत ने कहा कि संघ के बारे में चर्चाएं बहुत होती हैं, लेकिन तथ्यपरक जानकारियां कम होती हैं। लेकिन यदि विमर्श तथ्यों पर आधारित हो जाये, तो संघ-विरोधी दुष्प्रचार ठहर नहीं पायेंगे। दरअसल, तथाकथित धर्मनिरपेक्ष राजनीति लंबे समय से चुनावी फायदे के लिए संघ का हौव्वा खड़ा करती रही है। संघ का नाम लेकर एक समुदाय विशेष को डराये रखना है, ताकि थोक में उनके वोट मिल सकें। हिंदू राष्ट्र का हौव्वा खड़ा कर दलितों को आरक्षण पर खतरे का भय दिखाया जाता है। यही कारण है कि असहिष्णुता आंदोलन जैसे अभियानों को हवा दी गयी और संघ-भाजपा को तालिबान बताने तक की कोशिश हुई।

संघ पर सबसे तीखा हमला वामपंथी विचारधारा से आता है। इसका कारण महज राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता नहीं है, बल्कि गहरी वैचारिक असहमति है। वामपंथियों का मानना है कि राष्ट्र की पहचान केवल आर्थिक वर्ग-संघर्ष और वैश्विक मार्क्सवादी एजेंडे से परिभाषित होनी चाहिए। दूसरी ओर, संघ मानता है कि भारत की आत्मा उसकी संस्कृति और सभ्यता में निहित है। यही कारण है कि वामपंथी विमर्श में संघ को अक्सर प्रतिक्रियावादी और फासीवादी ठहराने का प्रयास किया जाता है। इसके अतिरिक्त, स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान ही वामपंथी धारा ने भारत की राष्ट्रीय अस्मिता को गौण रख कर अंतरराष्ट्रीय साम्यवादी क्रांति को प्राथमिकता दी, जबकि संघ ने भारत- केंद्रित राष्ट्रवाद को अपनी मूल धुरी बनाया। यह वैचारिक विरोध आज भी कायम है।

संघ भारत को सांस्कृतिक राष्ट्र मानता है, जबकि वामपंथ इसे 1947 में जन्मे नेशन स्टेट से आगे देख ही नहीं पाता। वामपंथ समाज को संघर्ष की दृष्टि से देखता है, जबकि संघ सहयोग और एकता पर बल देता है। वामपंथ की प्रेरणा मार्क्स, लेनिन और माओ हैं। संघ अपनी जड़ों को भारत की परंपरा, सनातन और अध्यात्म में खोजता है। यही कारण है कि संघ चाहे शिक्षा, सेवा या सामाजिक कार्य में कितना भी योगदान क्यों न करे, वामपंथी विमर्श उसकी छवि को संदिग्ध बनाने से बाज नहीं आता।

**क्या हिंदू तालिबान हो सकता है?**

मोहन भागवत ने इस सवाल को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि हमारे यहां न कोई एक किताब है, न कोई एक पैगंबर, न कोई सर्वमान्य गुरु। यहां 33 करोड़ देवी-देवताओं की पूजा होती है। बौद्ध, जैन जैसी परंपराएं भी सहज रूप से फलती-फूलती रही हैं। कोई भी रास्ता गलत नहीं माना गया। हिंदू जन्मना समावेशी होता है, और इस समावेश की कोई सीमा नहीं। स्पष्ट है कि हिंदुओं की तालिबान से तुलना न केवल तथ्यहीन है, बल्कि भारत की आत्मा को समझने में असफलता भी है। मार्क्स और मैकाले की दृष्टि से प्रभावित बुद्धिजीवियों के लिए भारत महज एक नेशन स्टेट है, लेकिन भागवत का मानना है कि भारत अनादि काल से राष्ट्र रहा है। जिसका हजारों साल का इतिहास है। राष्ट्र केवल राजनीतिक संरचना नहीं, बल्कि सांस्कृतिक एकता और आध्यात्मिक परंपरा से जन्म लेता है।

मोहन भागवत के वक्तव्य का सार यही है कि संघ के बारे में सत्य और सही जानकारी सामने आनी चाहिए। निष्कर्ष निकालना सभी का अधिकार है, लेकिन भ्रम और दुष्प्रचार पर आधारित आलोचना अब स्वीकार्य नहीं होगी। भारत की संस्कृति का मूल भाव सद्भाव और समावेश है। जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के नाम पर विभाजनकारी राजनीति करने भले इसे न मानें, लेकिन भागवत की परिभाषा ने संघ पर लगे पुराने आरोपों को अप्रासंगिक बना दिया है। उन्होंने हिंदू, हिंदुत्व और हिंदू राष्ट्र की ऐसी व्याख्या दी है जो विरोधियों को नयी चुनौती देती है और भविष्य के विमर्श को नई दिशा।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। डिसक्लेमर : ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### झारखंड बंगाली समिति के भवेश चंद्र देव अध्यक्ष और तपन सेनशर्मा महासचिव बने



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लौहनगरी जमशेदपुर के साकची हाई स्कूल में झारखंड बंगाली समिति जमशेदपुर शाखा की 55वीं वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित सभा में वरिष्ठ उपाध्यक्ष स्वपन दाशगुप्ता व अन्य के द्वारा दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित कर वार्षिक आमसभा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महासचिव तपन सेनशर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन और सह-कोषाध्यक्ष सरोज सेन ने लेखा-जोखा प्रस्तुत की।जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।वार्षिक आमसभा में बैठक के दौरान विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर उपस्तित सभी सदस्यों के सहमति से नई कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। समिति के संरक्षक शेखर डे, उपदेशक मंडली में अचिंत्यम गुप्ता, सुदीप्त मुखर्जी, कृष्णेंदु चटर्जी, निखिल दत्ता, बासबी गोस्वामी,अध्यक्ष भवेश चंद्र देव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष स्वपन दाशगुप्ता, उपाध्यक्षगण रमा मुखर्जी, सुजाता विश्वास, तरुण कांति घोष, सुमिता बेरा, पूरबी घोष, दिलीप कुमार सिंह मोदक, तापस सरकार, महासचिव तपन कुमार सेनशर्मा, संयुक्त सचिव आशीष गुप्ता, प्रदुत बेज, सह-सचिवगण में ज्योत्स्ना कर, तपती दत्ता, स्रोता दाशगुप्ता, आरती सेन, जयदेव बनर्जी, श्यामल सरकार, महिला विभाग में पूरबी चटर्जी, युवा शाखा में प्रणव नाहा,नीति निर्धारण एवं कार्यक्रम योजना में झरना कर, कोषाध्यक्ष सरोज सेन, इसके अतिरिक्त, समिति की मुखपत्र ह्लसमिति समाचारह्व के संपादक के रूप में निसार अमीन और सह-संपादक के रूप में पूरबी बनर्जी को नियुक्त किया गया।

### भाजपा जमशेदपुर महानगर ओबीसी मोर्चा ने मुक्ति दिवस मनाया



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भाजपा जमशेदपुर महानगर ओबीसी मोर्चा ने रविवार को जिला अध्यक्ष सागर राय की अध्यक्षता में विमुक्त,घुमंतु एवं अर्धघुमंतु समुदाय का मुक्ति दिवस हर्षउल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सागर राय ने कहा 1871 के क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट से इन समुदायों को 31 अगस्त 1952 में मुक्ति मिली थी। इसलिए 31 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है।उन्होंने बताया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पहली बार इस वर्ग के लिए आयोग व विकास निगम का गठन किया गया। सीड योजना सहित छात्रवृत्ति, शिक्षा-लोन, स्वरोजगार, आवास और महिला समूहों के जरिए हजारों परिवार लाभान्वित हुए हैं। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा, पूर्व अध्यक्ष राम बाबू तिवारी, धर्मेंद्र प्रसाद, शेखर कुमार, राज कुमार सह, महेंद्र प्रसाद, घनश्याम पांडे, उमेश साहू, रोहन प्रसाद समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नुवोको सीमेंट कंपनी के खिलाफ भाजपा गोविंदपुर मंडल की बैठक, गेट जाम की चेतावनी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** भाजपा गोविंदपुर मंडल के द्वारा यशोदा नगर बस्ती में एक बैठक का आयोजन किया गाय। रविवार को बैठक में नुवोको सीमेंट कंपनी पर सीएसआर के तहत विकास कार्य न करने और मनमानी रवैये का आरोप लगाया गया।मौके पर बस्तीवासियों ने प्रदूषण, जलजमाव, मच्छरों के प्रकोप, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे सुविधाओं की कमी के मुद्दे उठाए।बैठक में उपस्थित जिला उपाध्यक्ष बबुआ सिंह ने चेतावनी दी यदि कंपनी प्रबंधन शीघ्र सुधार नहीं किया तो भाजपा जनआंदोलन और गेट जाम जैसे कठोर कदम उठायेगी। मौके पर मंडल अध्यक्ष पवन सिंह ने कहा कंपनी को चेताने के लिए पहले मशाल जुलूस और फिर गेट जाम किया जायेगा। जिला महामंत्री संजीव सिंह एवं अन्य नेताओं ने भी कंपनी से सीएसआर दायित्व निभाने की मांग की। इस अवसर पर भाजपा के कई पदाधिकारी व बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। सभी एक स्वर में आंदोलन को समर्थन देने की घोषणा की।

### चांडिल में ओवरलोड हाइवा पलटा, चालक घायल

**चांडिल (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले में ओवरलोड वाहनों के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं। शनिवार देर रात चांडिल थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-33 स्थित कांदरबेड़ा चौक पर एक बालू लदा हाइवा अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में हाइवा का चालक घायल हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन तेज रफ्तार में थी और उस पर ओवरलोड बालू लदा हुआ था। स्थानीय लोगों ने बताया चालक लापरवाही से वाहन चला रहा था,जिससे यह हादसा हुआ। लोगों ने आरोप लगाया यातायात पुलिस द्वारा सही तरीके से जांच नहीं किए जाने के कारण ऐसे हादसे बार-बार घट रहे हैं। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाया और मामले की जांच शुरू कर दी।

### आदिम जुमीद मार्शल मड़वा क्लब की धरना 23 को



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** आदिम जुमीद मार्शल मड़वा क्लब की ओर से मिर्जाडीह के कोलाबनी गांव स्थित फूलो-झानो फुटबॉल मैदान में माझी बाबा उपेंद्र हंसदा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।रविवार को बैठक में बड़ी संख्या में विभिन्न गांवों के माझी बाबा, ग्राम प्रधान और प्रतिनिधि शामिल रहे। मौके पर 5 अगस्त को राजकीय शोक के दौरान मिजार्डीह में रैयतों के घरों को ध्वस्त करने की घटना की तीव्र निंदा की गयी। सभी ने इसे अवैध कार्रवाई बताया। साथ ही अलकतरा फैक्ट्री,आमदा पहाड़ से बाटालुका, हंसाडूंगरी, शिरीघुटू, पुनरागमन और कोलाबोनी सड़क की दयनीय स्थिति पर भी चर्चा की।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया आगामी 23 सितंबर को एक विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें विस्थापितों और रैयतों की समस्याओं के साथ आसपास के गांवों में शिक्षा, सड़क और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की मांग को प्रमुखता से उठाया जाएगा।मौके पर कार्तिक सोरेन,शंभु सिंह, हरमोहन महतो, नारायण महतो, उत्तम प्रधान, प्रह्लाद गोप, बादल सोरेन, बाबूराम सोरेन, युधिष्ठिर महतो, सुरेंद्र सोरेन,भानु सिंह, श्याम सिंह, विश्वनाथ हांसदा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### घायल झामुमो कार्यकर्ता का हाल जानने टीएमएच पहुंची सविता महतो



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झामुमो कीड़ा मोर्चा के जिला सचिव राहुल वर्मा विगत दिनों करंट लगने से छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका इलाज फिलहाल टीएमएच में चल रहा है। रविवार को ईचागढ़ विधायक सविता महतो टीएमएच पहुंचीं और राहुल वर्मा का हाल जाना। मौके पर विधायक ने चिकित्सकों से मुलाकात कर बेहतर इलाज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने आशा जतायी राहुल वर्मा जल्द स्वस्थ होकर वापस हम सबके बीच लौटेंगे। इस अवसर पर झामुमो के केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, मनोज वर्मा, लालटू दास समेत परिजन उपस्थित रहे।

### आरटीआइ कार्यकर्ता संघ की बैठक में कई प्रस्ताव पारित

# 12 अक्टूबर को जमशेदपुर में होगा राष्ट्रीय सेमिनार

**महासचिव और कार्यकर्ता से जुड़े मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो संसद तक आंदोलन की चेतावनी।**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बिस्टुपुर स्थित निर्मल गेस्ट हाउस में आरटीआइ कार्यकर्ता संघ के केंद्रीय समिति की बैठक अध्यक्ष दिल बहादुर की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। रविवार को बैठक में बीते 25 अगस्त को झारखंड विधानसभा परिसर में हुए धरना-प्रदर्शन की समीक्षा की गयी। साथ ही धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने वाले कार्यकर्ताओं का आभार जताया गया। बैठक में निर्णय लिया गया सितंबर से संघ सदस्यता अभियान चलायेगी। साथ ही 12 अक्टूबर को आरटीआइ दिवस के अवसर पर जमशेदपुर में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए तैयारी, स्वागत और कोष समिति का गठन किया गया। बैठक के दौरान मुख्य सूचना आयुक्त व सूचना आयुक्तों की नियुक्ति तथा आरटीआई कार्यकताओं की सुरक्षा के लिए ठोस नीति बनाने की मांग दोहराई गई। मौके पर महासचिव कृतिवास मंडल और कार्यकर्ता सुनील मुर्मू से जुड़े मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर संसद तक आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी गयी। साथ ही न्यायलय तक की दरवाजा खटखटाने की बात कही। बैठक का संचालन महासचिव कृतिवास मंडल और धन्यवाद ज्ञापन बिजय सिंह मुंडा ने किया।इस अवसर पर आरटीआई कार्यकर्ता संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष दिल बहादुर, उपाध्यक्ष सदन कुमार ठाकुर, महासचिव कृतिवास मंडल, सुसेन गोप,सत्येन्द्र कुमार सिंह, छेदी कुमार, केन्द्रीय उपाध्यक्ष पूर्वी घोष,सुलोचना देवी, मोमिता मुखी,केन्द्रीय कोषाध्यक्ष ऋषेंदू केसरी, सुनील कुमार प्रसाद,राजू बेसरा, सुनील कुमार मुर्मू,बिजय सिंह मुंडा,रंजित सिंह,पुलक मंडल,चन्द शेखर रजक,राधेश्याम कर्मकार सहित अन्य आरटीआई कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक का संचालन केंद्रीय महासचिव कृतिवास मंडल ने किया और बैठक में धन्यवाद ज्ञापन बिजय सिंह मुंडा ने दिया। बैठक में मुख्य रूप से सुलोचना देवी, मोमिता मुखी, सुनील कुमार, प्रसाद राजू बेसरा सहित बैठक में दर्जनों आरटीआइ कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सरायकेला-खरसावां जिले के ओलंपिक संघ के अध्यक्ष बने मनमोहन सिंह राजपूत



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के ओलंपिक संघ का चुनाव अटल पार्क भवन में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।रविवार को चुनाव में विभिन्न पदों पर नये पदाधिकारियों का चयन किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में मनमोहन सिंह राजपूत अध्यक्ष चुने गए। वही वरीय उपाध्यक्ष पद पर राजेश साहू, मोहम्मद दिलदार अंसारी, सुमंत महंती और रवि शेखर सिंह का चयन हुआ। उपाध्यक्ष बने सुनील कुमार सिंह, आरके वर्मा, लक्ष्मण महतो, राणा राज बाग और अनीता बेहरा। सिकंदर महतो को जनरल सेक्रेटरी, जबकि गणेश चंद्र महतो, नरेंद्र महतो, अरविंद कुमार शर्मा, बेबी महतो, दिलीप गुप्ता, अमितेश अमर मोदक और भीष्म देव सिंह को जॉइंट सेक्रेटरी चुना गया।

## ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ ग्रामीण थाना में दिया आवेदन

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। ऑनलाइन ठगी का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अरसली उत्तरी के झूमरी टोला निवासी मनोज कुमार, पिता गोपाल मिस्त्री ने भवनाथपुर में थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर शिकायत की है कि 30 अगस्त की शाम 6:24 बजे एक अज्ञात नंबर 9142837488 से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को परिचित बताकर बातचीत में फंसा लिया और अपने अकाउंट में पैसे भेजने को कहा। शिकायतकर्ता के अनुसार ठग ने पहले 35,000 रुपये डालने की बात कह कर। ठगी करने वाले ने एक अन्य खाते में 25,000 रुपये ट्रांसफर करवा लिए। जिसमें से 25,000 रुपये वापस कराने को लिए 14,001 और डलवा लिया कुल मिला 39001 रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने थाना में आवेदन दे कर ठगी के इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

## पानी में डूबने से 7 वर्षीय बच्ची की मौत

गढ़वा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के सुखावाना गांव के केरवा टोला निवासी शिव भुईया की पुत्री राधा कुमारी (7 वर्ष) रविवार को स्नान करने के दौरान पानी के गड्ढे में डूबने से मौत हो गयी। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि पहाड़ की ओर मोरंग मिट्टी निकाला गया है। जिसके कारण गड्ढे में पानी भरा हुआ था। उसी गड्ढे में सभी बच्चे स्नान कर रहे थे। इसी क्रम में राधा कुमारी उसी पानी में डूबने लगी साथ के बच्चे उसे डूबने की जानकारी साथ के बच्चों को दिया। लेकिन बच्चे स्नान करने के धुन में उसे पर ध्यान नहीं दी। इसके बाद एक बच्चा राधा कुमारी के घर जाकर उसके परिजनों को डूबने की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों ने पानी भरे गड्ढे के पास पहुंचकर उसकी खोजबीन करने लगे। खोजबीन करने के दौरान उसे पानी के गड्ढे से निकाल कर गढ़वा सदर अस्पताल लाया। जहां ड्यूटी में उपस्थित चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया। जहां अंत्य परीक्षण के बाद पुलिस ने शव को उसके परिजनों को सौंप दिया है। इधर परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल है।

## महर्षि कश्यप ऋषि की जयंती मनायी गयी

गढ़वा (आजाद सिपाही)। कसौधन वैश्य समाज युवा संघ के अध्यक्ष हर्ष सीटू कश्यप की अध्यक्षता में महर्षि कश्यप ऋषि की जयंती मनायी गयी। सर्वप्रथम महर्षि कश्यप ऋषि जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप जलाकर शुरूआत की गयी। जिसमें प्रमुखता से संरक्षक पृथ्वीनाथ कश्यप, अध्यक्ष उमेश कश्यप, अमित कश्यप, रविंद्र कश्यप,लखन कश्यप ने महर्षि कश्यप ऋषि के बारे में बताया एवं कसौधन जाति का उद्गम कैसे हुआ और किस तरह हम विभिन्न प्रदेशों में निवास करने लगे इन सभी तथ्यों के बारे में बताया गया वाकई में महर्षि कश्यप ऋषि के जीवन को आत्मसात करने की जरूरत है।

## सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय में विद्वत परिषद व मातृ भारती की बैठक आयोजित

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर श्री बंशीधर नगर में विद्वत परिषद की बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक का शुभारंभ प्रधानाचार्य रविकांत पाठक, कमलेश पांडे, मध्य विद्यालय, नगर उंटारी के प्रधानाध्यापक अनिल विश्वकर्मा, सहायक शिक्षक सुजीत कुमार, ध्रुव कुमार और विद्वत परिषद के प्रमुख आचार्य सुधीर श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से भारत माता ओम मां सरस्वती और अहिल्याबाई होलकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पा अर्चन कर किया। बैठक में बच्चों के समग्र विकास पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। प्रधानाध्यापक अनिल विश्वकर्मा ने कहा कि आजकल के बच्चे रिवाइज नहीं करते हैं जिस कारण उनके दिमाग में बातें नहीं रख पाते हैं उन्हें तथ्य को समझने का प्रयास करना चाहिए। उक्त अवसर पर रेणु पाठक, नागवंती देवी, अनीता कुमारी, प्रभावती देवी, तवी जोशी, मधुदेवी, नेहा कुमारी, राखी विश्वकर्मा, सुजाता देवी, सहित अन्य लोग उपस्थित थे। बैठक को कल्याण मंत्र के साथ समाप्त की गयी।


## एसपी ने रंका थाना का किया निरीक्षण

रंका (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने शनिवार को रंका थाना का निरीक्षण किया और थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह, पुलिस पदाधिकारियों तथा जवानों को कई दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुराने और नये केशों को निपटाने तथा जनता की समस्याओं निराकरण करने के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही फरार और स्थायी वारंटियों के अलावा कोई फरार वारंटी तथा लाल वारंटियों की गिरफ्तारी एवं सतत निगरानी रखने के अलावा अपने कार्य एवं रिपोर्ट को अपडेट रखने का निर्देश दिया गया है। इस मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह एवं पुलिस निरीक्षक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष बने मुखिया शैलेश चौबे

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत चपरी पंचायत के सिंघीताली गांव स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में जय हिंद संघ सिंघीताली कमिटी ने दुर्गा पूजा मनाने को लेकर एक बैठक किया। दुर्गा पूजा धूम धाम से मनाने को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया। अध्यक्ष चपरी पंचायत के मुखिया शैलेश कुमार चौबे, कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र चौबे, उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश चौबे, सुधांशु चौबे, सुकांत चौबे, प्रदीप कुमार चौबे, अभिषेक चौबे,सचिव अरूण कुमार चौबे,सह सचिव आनंद कुमार चौबे, देवेंद्र कुमार विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष चंदन कुमार चंद्रवंशी, सह कोषाध्यक्ष रिशु पांडेय, मुख्य संरक्षक राकेश चौबे, उपेंद्रनाथ चौबे सदस्य धीरज कुमार चौबे, आनंद कुमार चौबे, सुमित कुमार,सूर्य कुमार, अंकर पांडेय, मुना भूइयां को बनाया गया।

## भगवान बलभद्र की पूजा अर्चना की गयी



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। ब्याहुत कलवार समाज श्री बंशीधर नगर की ओर से रविवार को शहर के चचेरिया स्थित अलका मैरिज हॉल में आराध्य देव श्री बलभद्र भगवान की जयंती व पूजन समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में डॉ संतोष कुमार एवं पत्नी प्रीति सागर ने भगवान बलभद्र की पूजा अर्चना की। जिसमें चन्द्रशेखर प्रसाद, पूर्व एमओ जोखू प्रसाद, पूर्व प्रधानाध्यापक विद्या सागर को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर डॉ ओमप्रकाश, अजय प्रसाद गुप्ता, अरविंद प्रसाद, अमरेंद्र प्रसाद, पूर्व प्रसाद, विनय प्रसाद, रामू प्रसाद सहित बड़ी संख्या में महिला व पुरुष उपस्थित थे।

# कोरेक्स सिरप की लत में फंस रहे किशोर व युवा, सीमावर्ती इलाकों से हो रही तस्करी

खांसी की दवा के रूप में इस्तेमाल होने वाला यह सिरप अब किशोरों और युवाओं के लिए नशे का खतरनाक साधन बनता जा रहा है

अरुण कुमार चौबे



कांडी (आजाद सिपाही)। कोरेक्स सिरप का नाम सुनते ही क्षेत्र के अभिभावकों और जागरूक लोगों की चिंता बढ़ जाती है। खांसी की दवा के रूप में इस्तेमाल होने वाला यह सिरप अब किशोरों और युवाओं के लिए नशे का खतरनाक साधन बनता जा रहा है। क्षेत्र में 16 से 30 वर्ष तक की आयु वर्ग के युवक बड़ी संख्या में इसकी गिरफ्त में आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार नशे की लत से ग्रसित युवक एक बार में पूरी बोतल सिरप का सेवन कर लेते हैं, जो शराब से भी अधिक घातक साबित हो रहा है। चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार कोरेक्स का सेवन करने वाले युवा किडनी, लीवर और पैनक्रियाज संबंधी गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। प्रशासन द्वारा कोरेक्स की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध के बावजूद सीमावर्ती क्षेत्रों से इसकी अवैध तस्करी हो रही है।

सूत्रों के मुताबिक पलामू जिले के हैदरनगर और उत्तर प्रदेश के विंढमगंज से महंगे दामों पर बड़ी मात्रा में कोरेक्स सिरप लाकर क्षेत्र में स्टॉक किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीमावर्ती क्षेत्रों पर कड़ी निगरानी की आवश्यकता है, ताकि इस जहरीली लत से युवाओं को बचाया जा सके और नशे की तस्करी पर पूर्ण रोक लगायी जा सके। बढ़ते नशे की प्रवृत्ति ने ग्रामीण समाज और शिक्षा व्यवस्था दोनों को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कठोर कदम नहीं उठाये गये तो आने वाले समय में युवा पीढ़ी का भविष्य अंधकारमय हो सकता है। वहीं, कई अभिभावक प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि विशेष अभियान चलाकर कोरेक्स की अवैध बिक्री पर कड़ा नियंत्रण किया जाये।

# अगले सप्ताह से सभी दुकानों पर पर्याप्त यूरिया उपलब्ध होगा: डीसी

यूरिया की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई होगी, किसानों को मिलेगा उचित मूल्य पर खाद

यूरिया की आपूर्ति पर प्रशासन की सख्त नजर, किसानों को मिलेगी सहूलियत

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी दिनेश कुमार यादव ने बताया कि आगामी एक सप्ताह के भीतर गढ़वा जिला में यूरिया की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जिले के सभी खाद-बीज दुकानों पर भरपूर मात्रा में यूरिया उपलब्ध करा दिया जाएगा, जहां से किसान निर्धारित उचित मूल्य पर आसानी से यूरिया प्राप्त कर सकेंगे।

उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे किसी भी दुकानदार से निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर यूरिया न खरीदें। अगले तीन से चार दिनों में जिले में पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध हो जायेगा।

उपायुक्त श्री यादव ने जिले के सभी पैक्स, लैम्स, सहकारी समिति एवं अधिकृत उर्वरक विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे उपलब्ध यूरिया केवल निर्धारित दर पर ही किसानों को उपलब्ध कराएं। अधिक मूल्य वसूलने की शिकायत मिलने पर संबंधित दुकानदार का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया जायेगा।

साथ ही सभी अंचल अधिकारी एवं कृषि विभाग के पदाधिकारियों को यूरिया की कालाबाजारी पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। किसी भी व्यक्ति को अवैध रूप से यूरिया खाद की कालाबाजारी में संलिप्त पाया जाने पर उसके विरुद्ध कठोर विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं जिले के वरीय अधिकारियों को भी अपने-अपने क्षेत्र में यूरिया की अवैध बिक्री पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया है, ताकि किसानों को समय पर और उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध हो सके।

# आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव में राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता




मझिआंव। आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह का समापन रविवार को एक प्रेरणादायक साइकिल रैली के साथ हुआ। इस आयोजन में 55 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिन्होंने खेल, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का संदेश पूरे क्षेत्र में फैलाया।

रैली का शुभारंभ स्कूल के प्रिंसिपल श्री के.आर. झा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली स्कूल परिसर से प्रारंभ होकर उचरी गांव, मुखदेव हायर सेकेंडरी स्कूल होते हुए पुनः स्कूल लौट आयी। मार्ग में छात्रों ने जोशीले नारे लगाए जैसे– 'खेलेगा इंडिया, तो खिलेगा इंडिया', 'स्वास्थ्य ही धन है', 'साइकिल चलाएं, पर्यावरण बचाएं', 'खेलने-कूदने का लो संकल्प, स्वस्थ रहने का यही विकल्प'। इस अवसर पर श्री झा ने कहा, 'साइकिल चलाना न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि यह आर्थिक रूप से भी किफायती और पर्यावरण के लिए हितकारी है। इससे मोटापा, मधुमेह और हृदय रोग जैसी समस्याओं से बचाव होता है।'

स्कूल के निदेशक, श्री अलख नाथ पांडे ने कहा कि इस प्रकार की पहल बच्चों में सामाजिक चेतना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देती है। यह रैली एक प्रेरक उदाहरण है कि कैसे शिक्षा संस्थान समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

# सगमा में यूरिया खाद की किल्लत

## भाजपा के मंडल अध्यक्ष ने कृषि विभाग पर मिलीभगत का लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



सगमा(गढ़वा)। सगमा प्रखंड में यूरिया खाद की किल्लत लगातार गहराती जा रही है। इस मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी सगमा मंडल ने कृषि विभाग और जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि प्रखंड में यूरिया खाद की भारी कमी है, जिसके कारण किसान और विक्रेता आपस में भिड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि 266 रुपये प्रति बोरी बिकने वाली यूरिया खाद कालाबाजारी के चलते 800 रुपये तक किसानों को खरीदनी पड़ रही है। यह स्थिति किसानों के लिए बड़ी समस्या बन चुकी है।

भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि कृषि विभाग की ओर से यूरिया खाद का आवंटन सीमित रखा गया है। विभाग यदि सचमुच किसानों की चिंता करता, तो वह आवंटन बढ़ाकर इस संकट का समाधान निकालता। मगर इसके उलट विभाग ने सीमित आवंटन के नाम पर खाद विक्रेताओं को खुली छूट दे दी है, जिससे कालाबाजारी को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह साफ-साफ दर्शाता है कि यूरिया खाद की कालाबाजारी में कृषि विभाग की मिलीभगत है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन और विभाग इस समस्या का शीघ्र समाधान नहीं करते हैं, तो भाजपा किसानों के हित में आंदोलन करने को बाध्य होगी। यादव ने कहा कि भाजपा किसानों के अधिकार और हक की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ेगी।

# जमीन पर बैठ कर खाना खाती हैं पंचायत सशक्तिकरण प्रशिक्षण में भाग लेने गयीं महिला वार्ड सदस्य

महिला वार्ड सदस्यों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण में अव्यवस्था का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



मेराल। प्रखंड कार्यालय सभागार में महिला वार्ड सदस्यों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण का दूसरा दिन रविवार को जमीन पर बैठकर खाना खाते दिखीं महिला वार्ड सदस्यों में नाराजगी देखी गयी। प्रशिक्षण में महिला वार्ड सदस्यों को उनके कर्तव्य व अधिकारों की जानकारी दिया जा रहा है ताकि स्वय सशक्त होकर अपने-अपने ग्राम पंचायत को सशक्त बना सकें, पंचायत के विकास का आवाज उठा सकें। परंतु प्रशिक्षण में ही उनके अधिकारों का हनन किया जा रहा है। महिला वार्ड सदस्यों का आरोप है कि यूफिकॉन एजेंसी द्वारा प्रशिक्षण में व्यवस्था के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति किया जा रहा है। दोपहर 1 बजे नाश्ता के नाम पर सिर्फ दो समोसा दिया जाता है और प्रशिक्षण समाप्ति के समय 3:30 बजे खाना दिया जा रहा है। खाना खिलाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है फर्श पर ही बैठकर खाना है। प्रशिक्षण में मीनू के अनुसार नहीं अपने मन से प्रशिक्षण देने वाली कंपनी के द्वारा व्यवस्था किया गया है। इस संबंध में दुलदुलवा पंचायत के महिला वार्ड सदस्य सरिता देवी एवं सविता देवी तथा हासनदाग पंचायत के चिंता देवी ने बताया कि प्रशिक्षण का समय 11 बजे से है लेकिन 12 बजे से प्रारंभ किया जाता है और 3:30 बजे खाना देकर कोरम पूरा किया जा रहा है। जबकि 5 बजे तक प्रशिक्षण देना है। ट्रेनर चंचला देवी से इस संबंध में पूछे जाने पर बताया कि मैं एनजीओ के माध्यम से यहां पर प्रशिक्षण देने आई हूं, व्यवस्था के संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं है। इस व्यवस्था में प्रशिक्षण के नाम पर खाना पूर्ति कर सरकारी राशि का बंदर बांट और दुरुपयोग हो रहा है।

# परीक्षा का उद्देश्य छात्रों के अंदर छिपी प्रतिभा को निखार कर देश हित के लिए तैयार करना: अलखनाथ

डीपीएससीसी ने जिले भर के 8 परीक्षा केंद्रों पर टैलेंट सर्च परीक्षा का आयोजन, 3857 प्रतिभागी हुए सम्मिलित

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति द्वारा आयोजित 21वीं टैलेंट सर्च परीक्षा का आयोजन रविवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। जिले के आठ परीक्षा केंद्रों पर रविवार को 3857 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। गढ़वा केआर के पब्लिक स्कूल सोनपुरवा के लिए अशोक विश्वकर्मा को केंद्राधीक्षक बनाया गया था, जबकि पर्यवेक्षक के रूप में सिस्टर शांति, महेंद्र विश्वकर्मा एवं संजय सोनी थे। वहीं आरके वीएस बीएड संस्थान कैंपस का केंद्राधीक्षक सिस्टर रोशना एवं पर्यवेक्षक मुजीब खान एवं चंद्रभूषण सिन्हा को बनाया गया था। इसी तरह मेराल प्लस टू हाई स्कूल के लिए संजय कुशवाहा को केंद्राधीक्षक, अमित कश्यप और प्रदीप दुबे पर्यवेक्षक, नगर उंटारी के आरके पब्लिक स्कूल अधौरा का केंद्राधीक्षक सुशील केशरी और पर्यवेक्षक पवन तिवारी, आरआरपीडी हाई स्कूल विशुनपुरा के केंद्राधीक्षक अभय दुबे और पर्यवेक्षक भोलानाथ साहू, परियोजना उच्च विद्यालय रंका के लिए अनिल विश्वकर्मा को केंद्राधीक्षक और अल्ताफ हुसैन को पर्यवेक्षक बनाया गया। इसी तरह 10 प्लस टू उच्च विद्यालय चिनिया के लिए तौहीद अंसारी को केंद्राधीक्षक, तौकीर अंसारी को पर्यवेक्षक जबकि आर के पब्लिक स्कूल मझिआंव केंद्र के लिए सुधीर पाठक को केंद्राधीक्षक और सतीश तिवारी को पर्यवेक्षक बनाया गया था। समन्वय समिति द्वारा यह लगातार 21वां परीक्षा का आयोजन किया गया है। यह परीक्षा चार ग्रुप में आयोजित थी। समन्वय समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय ने बताया कि टैलेंट सर्च परीक्षा की ही देन है कि गढ़वा जैसे पिछड़े इलाके से अब देश के सबसे कठिन परीक्षा आईएएस और आई एफएस में भी यहां के छात्र लहरा रहे हैं और हमारे गढ़वा का नाम रोशन कर रहे हैं।

# मझिगावां : आजादी के इतने वर्षों बाद भी सड़क से वंचित है भेलवाखाड़ी टोला

बीमार को खाट पर ढोने को मजबूर ग्रामीण

अरुण कुमार चौबे



हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। आजादी के 80 वर्ष पूरे होने को हैं, लेकिन आज भी कई गांव विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर हैं। कांडी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां पंचायत के वार्ड संख्या 16 स्थित भेलवाखाड़ी टोला के पूरब की ओर में ऐसा ही एक इलाका है, जहां लगभग 60 परिवारों के 40 से 45 घर आज भी सड़क सुविधा से वंचित हैं। दलित परिवारों का यह टोला बरसों से सड़क का इंतजार कर रहा है, लेकिन यह सपना अब तक अधूरा है।

टोले के बुजुर्गों का कहना है कि पंचायत में चाहे कोई भी मुखिया बने, उनकी मजबूरी और पीड़ा को कभी गंभीरता से नहीं लिया गया। वोट बैंक तो बने, पर अधिकार अब भी अधूरे हैं। चेहरे की झुर्रियों और हकलाती जुबान से बुजुर्गों ने अपनी बेबसी व्यक्त करते हुए कहा 'कितनी बार नेताओं, विधायकों और अधिकारियों से सड़क की गुहार लगाई, पर सब बेअसर रहा।'

टोले की बुजुर्ग महिला बाचो देवी बताती हैं, 'जब मायके से ससुराल आई थी, तब से सपना था कि सड़क बनेगी। जिंदगी बीत गई, पर सपना अधूरा ही रह गया। आज बीमार पड़ने पर खुद चलना तो दूर, दूसरों के सहारे खाट पर लादकर मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है।' इसी तरह रीता देवी कहती हैं, 'हमारे परिवार के पुरुष मजदूरी करने दूसरे राज्यों में रहते हैं। घर में कोई बीमार होता है तो हम महिलाओं को किसी दूसरे के सहारे से खाट पर मरीज को सड़क तक पहुंचाना पड़ता है।'

युवक राजू राम का कहना है कि पूर्वजों से आज तक सड़क का सपना देखते-देखते पीढ़ियां गुजर गईं। पर सड़क नहीं बना। बरसात से लेकर ठंडी तक बच्चे विद्यालय नहीं जा पाते। अंतिम संस्कार के लिए लकड़ियों को कंधे पर उठाकर ले जाना पड़ता है।

सड़क की मांग करने वालों में मंजरी कुंवर, सोना देवी, पनवा कुंवर, फुलवा देवी, कविता देवी, विद्यावती देवी, प्रतिमा देवी, पुजा देवी, प्यारी, हरिराम, मुखदेव, निर्मल, राजू, मखड्डू, श्याम बिहारी, अखिलेश, भोला, संतोष, मुनि राम समेत दर्जनों लोगों का नाम शामिल है। स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर कब उनके दरवाजे पर विकास की किरण पहुंचेगी। अब देखना यह है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि इन ग्रामीणों के इस दर्द को समझते हैं या सड़क का सपना यूं ही अधूरा रह जायेगा?

ग्रामीणों का कहना है कि विकास की गंगा बहाने के लिए नेताओं को केवल भाषणों तक सीमित न रहकर धरातल पर काम करना होगा।

## जय मां शेरावाली संघ भगलपुर के अध्यक्ष बने सुनील



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जय मां शेरावाली संघ भगलपुर के संयोजक दौलत सोनी संरक्षक संत कुमार गुप्ता के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी पदाधिकारी का चयन किया गया। जिसमें लगातार 9वीं बार अध्यक्ष पद के लिए सुनील कुमार का नाम मनोनीत किया गया व चंदन पासवान चंदन गुप्ता महिपाल कुमार धर्मेंद्र कुमार को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गयी। आनंद कुमार को कोषाध्यक्ष और सचिव विशाल गुप्ता दीपक गुप्ता राहुल कुशवाहा एवं मुख्य पुजारी पंकज विश्वकर्मा उत्तम कुमार रोहित कुमार को दायित्व सौंपा गया। मीडिया प्रभारी सोनू कुमार, जबकि मंत्री शनि कुमार उज्जवल, अविनाश रेड्डी, पंकज विश्व, रोहित, पंकज, संगठन मंत्री आकाश गुप्ता, सनी पहलवान, नितेश विश्वकर्मा, जीतू पहलवान, प्रिंस, वहीं सदस्य शुभम सोनी, ओम प्रकाश गुप्ता, चंदन सोनी, अमन, विवेक, रवि रंजन, शिवम, सुनील साव, और ओम प्रकाश को बनाया गया।

## दुर्गा पूजा को लेकर कमेटी का गठन, पप्पू बने अध्यक्ष

डंडई (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के रारो बाजार प्रांगण में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों ने एक बैठक आयोजित की। जिसकी अध्यक्षता दिलदार सिंह तथा संचालन प्राण यादव ने की। इसके पश्चात सर्वसम्मति से पूजा कमेटी का गठन किया गया, जिसमें पप्पू यादव को लगातार दूसरी बार अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं चंद्रिका प्रसाद यादव, नागेंद्र सिंह और रामभरत सिंह को उपाध्यक्ष, नवरंग सिंह को सचिव तथा आनंद विश्वकर्मा को उपसचिव की जिम्मेदारी सौंपी गयी। साथ ही नाटक मंचन के अलावा विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा।

## गरीब रथ की चपेट में आने से हिंडालको कर्मी की मौत

मुरी (आजाद सिपाही)। रविवार देर शाम गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन के चपेट में आने से हिंडालको कमी सूरज प्रकाश दुबे की दर्दनाक मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार वह मुरी में रेलवे लाइन को पार कर रहे थे, इसी बीच वह ट्रेन के चपेट में आ गये। आनन फानन में उन्हें सिंगापुर नर्सिंग होम मुरी ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

## रैयत विस्थापित मोर्चा का डकरा परियोजना कार्यालय के समक्ष 8 को धरना: सुनील यादव



खलारी (आजाद सिपाही)। रैयत विस्थापित मोर्चा डकरा शाखा के द्वारा डकरा परियोजना कार्यालय के समक्ष रैयत विस्थापित की समस्याओं को लेकर 8 सितंबर को एकदिवसीय धरना दिया जायेगा। इसको लेकर के डकरा शाखा अध्यक्ष सुनील यादव ने डकरा परियोजना पदाधिकारी को एक पत्र सौंपा है। पत्र में कहा गया है कि डकरा खदान में जो रैयत विस्थापित अपना जमीन दिए हैं उस विस्थापित गांव का एक भी विकास का काम नहीं हुआ है जैसे बिजली सड़क पानी स्कूल स्कूल बस चिकित्सा इत्यादि शमिल है। शाखा सचिव श्यामजी महतो ने कहा कि डकरा परियोजना के कुछ रैयत जिस की जमीन अधिग्रहण कर लिया गया पर अभी तक नौकरी मुआवजा पुर्नवास नहीं मिल पाया है और ना ही रोजी रोजगार के बारे में कोई ठोस कदम विस्थापितों के लिए उठाया गया है। जबकि यहां के रैयत देश की ऊर्जा बढ़ाने के लिए अपनी जमीन देकर के दर-दर भटकने को मजबूर है। जिसको लेकर के मोर्चा ने प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन की शुरूआत कर दिया है।

## धमधमिया अंबेडकर सेवा समिति का गठन अध्यक्ष सरजू सिंह चेरो और सचिव जीतू बने

खलारी (आजाद सिपाही)। धमधमिया में अंबेडकर सेवा समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता रामजी यादव ने किया। बैठक में अंबेडकर सेवा समिति के उद्देश्य एवं नयी कमिटी के गठन को लेकर चर्चा हुई। जिसके बाद सर्वसम्मति से समिति का गठन किया गया। जिसमे सरंक्षक रमेशर भोगता, रामजी यादव, साहबीर राम, अध्यक्ष सरजू सिंह चेरो, कार्यकारी अध्यक्ष भरत रजक, उपाध्यक्ष गणेश मोदी, रमेश कुमार रवि, धर्मेंद्र पासवान, सचिव जीतू बाउरी, उपसचिव संजय कुमार रवि, दिलीप राम, राजकुमार राम, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, सह कोषाध्यक्ष विनय कुमार राम, संगठन सचिव बलराम राम, सह संगठन सचिव रोहित राम, रंजीत राम, सुमित कुमार दास, मीडिया प्रभारी देवनारायण गंझु, मंत्री मालती कुमारी, महामंत्री राजमनी कुजूर एवं कार्यकारिणी सदस्य में सुकर दास, बबलू उरांव, सुरेश मुंडा, कंदरू मुंडा, अयोध्या राम, धनेश्वर दास, कृष्णा राम, संजय कुमार, विशेश्वर बाउरी, कर्मा मांझी, दिलकेश्वर भुइयां, दिलु राम, सुरेश मोची सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

## रिम्स 2 को लेकर जेएलकेएम ने ग्रामीणों के साथ की बैठक



खूंटी (आजाद सिपाही)। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने रविवार को रेवा, इदरी, बेलवादाग, बिरहू और चिरूहातु के ग्रामीणों के साथ बैठक कर रिम्स 2 के संबंध में विचार विमर्श किया। बैठक में रिम्स 2 और नॉलेज सिटी के लिए सरकार द्वारा अधिग्रहित जमीन के एवज में कुछ रैयतों के बकाये मुआवजे सहित अनय मुद्दों पर चर्चा की गयी। इस मुद्दे पर ग्रामीणों ने जेएलकेएम पार्टी के साथ आने की बात कही। बताया गया कि जेएलकेएम पार्टी द्वारा लगातार सदस्यता सह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान मुरहू प्रखंड के गुरमी तथा कूड़ापूर्ति गांव और खूंटी प्रखंड के जिलिंगा गांव में सदस्यता अभियान चलाया गया। बैठक में केंद्रीय महामंत्री मनीष साहू, जिला अध्यक्ष कुमार ब्रजकिशोर, महिला मोर्चा अध्यक्ष पम्मी देवी, एसटी महिला अध्यक्ष रीना लाकड़ा, महासचिव विक्रम महतो, जिला संयोजक मुन्ना कुमार, एससी मोर्चा अध्यक्ष विजय नायक, उपाध्यक्ष पवन, विवेक, महामंत्री विश्वकर्मा, एसटी मोर्चा अध्यक्ष सुरेश टोपनो, छात्र संघ अध्यक्ष धर्मेंद्र आदि मौजूद थे।

## एनके एरिया में साइकिलिंग का आयोजन



साइकिलिंग को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते कार्मिक अधिकारी शैलेंद्र कुमार।

खलारी (आजाद सिपाही)। सीसीएल एनके एरिया में मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस के तहत रविवार को साइकिलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सीसीएल के अधिकारी, कर्मचारी और क्षेत्र के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साइकिलिंग की शुरुआत महाप्रबंधक कार्यालय परिसर से हुई, जिसे एनके एरिया कार्मिक अधिकारी शैलेंद्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा केंद्रीय विद्यालय परिसर डकरा में जाकर समाप्त हुई। महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में कैरम और चेस प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। कार्यक्रम के समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा। इस मौके पर श्रमिक प्रतिनिधि सुनील कुमार सिंह, शैलेश कुमार, मिथिलेश कुमार सिंह, गोल्डन प्रसाद यादव समेत कई अधिकारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

# बचरा चार नंबर चौक में सड़क किनारे लगायी जा रही सब्जी की दुकानों को सुरक्षा विभाग ने हटाया

**लगातार हो रही सड़क दुर्घटना को देखते हुए सीसीएल प्रबंधन ने उठाया कदम**

आजाद सिपाही संवाददाता



सड़क के किनारे से दुकान हटाते सुरक्षाकर्मी।

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक के सड़क के किनारे लगाये जा रहे सब्जी की दुकानों को सीसीएल सिक्योरिटी विभाग के द्वारा हटाया गया। इस दौरान सिक्योरिटी विभाग के सुरक्षा कर्मियों ने सड़क के किनारे लगाए जा रहे सब्जी की दुकानों को हटाते हुए दोबारा यहां दुकान नहीं लगाने की चेतावनी दी। जानकारी के अनुसार बचरा चार नंबर चौक एवं आसपास के जगह पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटना को देखते हुए सीसीएल प्रबंधन के द्वारा यह कार्रवाई की गयी है। सूत्रों की माने तो सीसीएल प्रबंधन इस मामले पर गंभीर है और वरीय अधिकारियों के निर्देश पर सुरक्षा कर्मियों के द्वारा सड़क के किनारे लगाये जा रहे दुकानों एवं सड़क के किनारे फुटपाथ पर किये जा रहे कब्जा को भी हटाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि सड़क के किनारे सब्जी की दुकान लगाने एवं फुटपाथ पर कब्जा होने के कारण कई वाहन सड़कों पर खड़ी रहती है, जिसके कारण लगातार दुर्घटना हो रही है। हाल के दिनों में भी सड़क दुर्घटना के कारण एक युवक की जान चली गयी, जिसके बाद सीसीएल प्रबंधन इस पूरे मामले पर गंभीर होकर कार्रवाई कर रही है। सिक्योरिटी विभाग के द्वारा बताया गया कि यदि दोबारा लोगों के द्वारा सड़क के किनारे सब्जी की दुकान लगाई गयी तो उस पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## भाजपा कार्यकर्ता के पिता धीरेंद्र का निधन



धीरेंद्र नाथ मुखर्जी की फाइल फोटो।

बुंडू (आजाद सिपाही)। भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता सह सामाजिक कार्यकर्ता भास्कर मुखर्जी के पिता धीरेंद्र नाथ मुखर्जी का रविवार को स्वर्गवास हो गया। वह काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। वह अपने पीछे दो पुत्र एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये। उनका अंतिम संस्कार आराडीह नदी के किनारे किया गया। उनकी मृत्यु की खबर सुनकर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेश उरांव उनकी आवास पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिले तथा उन्हें सांत्वना दिये।

# पिपरवार के बचरा बस्ती का मुख्य मार्ग जर्जर, लोगों की बढ़ी परेशानी

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बस्ती का मुख्य मार्ग इन दिनों काफी भयावह हो चुका है। बचरा पंचवटी बगल के पुल से लेकर बचरा बस्ती तक सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने के कारण बरसात का पानी उसमें जमा हो गया है, जिसके कारण यह सड़क तालाब का रूप ले चुका है। इस दौरान इस मार्ग से आवागमन करने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया कि पतरातू से मैक्लुस्कीगंज तक बनाए गए बाईपास मुख्य मार्ग की स्थिति बचरा बस्ती के पास करीब डेढ़ किलोमीटर तक काफी जर्जर हो चुकी है, इसके कारण बायपास रोड से वाहनों का आवागमन बंद हो गया है। लोग अब बचरा बस्ती के रास्ते पतरातू, भुरकुंडा, रामगढ़, हेंदेगीर व कोले सहित अन्य जगहो पर आना-जाना कर रहे हैं। दो पहिया के अलावा चार पहिया वाहनों का परिचालन बढ़ने से सड़क और भी जर्जर हो गया है, जिसके कारण सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गये हैं। इस दौरान गड्ढो का अनुमान नहीं लगने के कारण कई लोग गिरकर घायल भी हो रहे हैं। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले करीब तीन-चार वर्षो से यह सड़क पूरी तरह से जर्जर है, लेकिन इसकी मरम्मति के लिए कोई प्रयास अभी तक नहीं किया गया है। स्थानीय ग्रामीणों के अलावा राहगिरो ने जल्द इस सड़क को बनाने की मांग की है।

फोटो-2.बचरा बस्ती का जर्जर सड़क।

# ग्राम प्रधानों को पुलिस भेज रही नोटिस, सांसद कालीचरण मुंडा से मिल कर बयां किया दर्द

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** जिन खेतों में अफीम की खेती लगी थी, उन खेतों का जीआर लेने के बाद अब पुलिस ग्रामप्रधानों को 18(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत जमीन के सत्यापन के लिए नोटिस भेज रही है। इससे ग्रामीण दहशत में हैं। पिछले 31 जुलाई को इस मुद्दे को लेकर अड़की प्रखंड के कोचांग गांव में क्षेत्रीय ग्रामसभा की सभा हुई थी, जिसमें दर्जनों गांवों के लोग जुटे थे। इस सभा में सांसद प्रतिनिधि को भी आमंत्रित किया गया था।

उक्त सभा में इस मुद्दे पर गहन विचार-विमर्श के बाद सांसद कालीचरण मुंडा से मिलने का निर्णय लिया गया था। सभा में यह निर्णय लिया गया था कि पूरा क्षेत्र अब अफीम मुक्त रहेगा। किसी को अफीम की खेती करने नहीं दी जायेगी। उक्त सभा के ठीक एक महीने बाद बाद रविवार को कोचांग क्षेत्र के लगभग 40 गांव-टोलों के ग्रामप्रधान व अन्य प्रतिनिधि खूंटी स्थित सांसद आवास पहुंचे। इस मुद्दे पर बातचीत हुई। ग्रामप्रधानों ने कहा कि पुलिस ग्रामप्रधानों को अब तक भेजे गये नोटिस पर कार्रवाई करना बंद करे, हम ग्रामीण अफीम की खेती नहीं करेंगे।

**वैकल्पिक फसलों की मांग उठी:** ग्रामीणों ने सांसद को बताया पहले प्रखंड कार्यालय की ओर से लाह की खेती के लिए सेमियालता के पौधे देने की बात कही गयी थी, लेकिन पौधे नहीं दिये गये। बताया गया कि कोचांग पंचायत से साढ़े छह एकड़ में सेमियालता की खेती के लिए आवेदन सौंपा गया था, एक एकड़ में साढ़े चार हजार पौधे लगते हैं। अब सेमियालता के पौधे नहीं लगे, खेत खाली पड़े हैं। ग्रामीणों ने कहा कि सेमियालता के पौधों पर लाह की खेती अफीम का बेहतर विकल्प हो सकता है।

हरि सिंह सोय ने कहा कि पूर्व की सरकार ने आदिवासियों की समुहिक भूमि को लैंड बैंक बनाकर अपने अधीन कर लिया है। अब आबुआ सरकार है, वह लैंड बैंक को रद्द करे।

ग्रामप्रधानों ने कहा कि नक्सलवाद, उग्रवाद, विवादित पत्थलगड़ी, लूट-खसोट, अफीम की खेती समेत अन्य अपराधों का कारण पेट और बेरोजगारी है। अगर सरकार आदिवासियों को जीने का सहारा दे दे तो पूरा इलाका अपराधमुक्त, खुशहाल और सुंदर बन जायेगा। इसको लेकर रविवार को ग्रामप्रधानों ने 55 पन्नों का आवेदन सांसद को सौंपा, जिसमें ग्रामप्रधानों समेत 1111 ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं। इस मौके पर सांसद कालीचरण मुंडा ने अफीम से होने वाले नुकसान पर बोलते हुए कहा कि इससे आदिवासियों की संख्या तेजी से घटेगी। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं का सामाधान ग्रामसभा ही करे।

रविवार को सांसद ने ग्रामप्रधानों के साथ अलग से भी बैठक की। तय हुआ कि जल्द ही कोचांग में एक विशाल सभा का आयोजन होगा, जिसमें झारखंड सरकार के मंत्रियों को भी आमंत्रित किया जायेगा, जिसमें समस्या का सामाधान करने की मांग सरकार से की जायेगी।

## प्रस्तावित डिग्री कॉलेज को लेकर ग्रामीणों की बैठक



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के शहीद अजीत धनंजय महतो विद्यानिकेतन चोगा परिसर में रविवार को उमाकांत महतो कि अध्यक्षता में ईचागढ़ में प्रस्तावित डिग्री कॉलेज को लेकर बैठक किया गया। बैठक का संचालन प्रोफेसर हृदय रंजन महतो ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्तावित डिग्री कॉलेज को चिमटिया पंचायत अंतर्गत चीतरी मौजा के सिल्ली चौका सड़क किनारे बनाने के लिए प्रस्ताव दिया गया। बैठक में विधायक सविता महतो की पहल पर विधानसभा में पारित होने से विधायक का सराहना किया गया। वहीं बैठक में डिग्री कॉलेज का प्रस्तावित कमेटी द्वारा विधायक को लिखित रूप से मांग पत्र सौंपने का फैसला लिया गया। उपस्थित बुद्धिजीवियों ने कहा कि चीतरी एक मध्यस्थल में है एवं आवागमन का भी सुविधा हो चुका है। मौके पर शिक्षाविद कमला कांत महतो, मुखिया अभिराम हेंब्रम, राम सिंह मुंडा, दयाल सिंह मुंडा, उप मुखिया संतोष सिंह, गुप्तेश्वर महतो, अनाथ चंद्र महतो, अघोर महतो, शशांक शेखर महतो, भीष्मदेव महतो, प्रभात कुमार महतो, लक्ष्मी नारायण सिंह मुंडा, भोलानाथ दास, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## गणेश आरती में शामिल हुए सांसद खूंटी की खुशहाली की कामना की



खूंटी (आजाद सिपाही)। सांसद कालीचरण मुंडा रविवार को जिला के मुरहू स्थित सार्वजनिक गणेश पूजा समिति, महादेव मंडा में आयोजित संध्या आरती कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर सांसद ने समिति के पदाधिकारियों एवं श्रद्धालुओं से मुलाकात की तथा भगवान श्री गणेश से क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की। सांसद ने कहा कि गणेश उत्सव केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का प्रतीक है। इस तरह के आयोजन से समाज में सद्भावना और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और सांसद महोदय के साथ पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## सोनाहातू में किसानों को दिया गया प्रशिक्षण



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के तेतला पंचायत सचिवालय में कृषि विभाग (आत्मा) की ओर से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन दलहन, एनएफएसएनएम योजना के तहत किसानों को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक दीनानाथ भगत के द्वारा दिव्यांयन रामकृष्ण मिशन मोराबादी के कृषि वैज्ञानिक डॉ.राजेश कुमार के द्वारा दलहन की उन्नत खेती करने के बारे विस्तृत जानकारी दिया गया। मौके पर कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर राजेश कुमार, बीटीएम दीनानाथ भगत, सहायक अभियंता बबलू चौधरी, तेतला पंचायत के पंचायत समिति सदस्य जगदीश कुमार महतो, कृषक मित्र लाल सिंह मुंडा, भागीरथ महतो, समाजसेवी लालमोहन कोइरी, महादेव महतो, चक्रधर मुखियार के अलावे 70 किसान मौजूद थे।

## जनता मजदूर संघ ने वेतन वृद्धि के मुद्दे पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की धमकी दी



बैठक में उपस्थित यूनियन के पदाधिकारी एवं वाहन चालक।

खलारी (आजाद सिपाही)। जनता मजदूर संघ कार्यालय में रविवार को एक बैठक क्षेत्रीय अध्यक्ष डीपी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य रूप से छोटे वाहन के चालक शामिल हुए। बैठक में बताया गया कि चालक पिछले दो महीनों से वेतन वृद्धि को लेकर आंदोलनरत हैं। हाल ही में हुई त्रिपक्षीय वार्ता में प्रबंधन और वाहन मालिकों की ओर से 3000 रुपये वेतन वृद्धि का समझौता हुआ था। लेकिन अब प्रबंधक और वाहन मालिक अपने वादे से पीछे हटते दिखायी दे रहे हैं। साथ ही बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि तय की गयी वेतन वृद्धि लागू नहीं की गयी, तो वाहन चालक जनता मजदूर संघ के नेतृत्व में आंदोलन करने को बाध्य होंगे। वहीं कहा गया कि अनिश्चितकालीन हड़ताल भी की जा सकती है। इस मौके पर जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय सचिव गोल्डन प्रसाद यादव एवं असंगठित मजदूर विंग के जोनल सचिव प्रताप यादव सहित वाहन चालक मौजूद थे।

## करम देव का पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की

खलारी (आजाद सिपाही)। सरना समिति एनके एरिया के तत्वाधान में रविवार को डकरा में करम पूर्व संध्या बड़े ही धूमधाम से मनायी गयी। यह पर्व करम गोसाई के भादो एका दासी आने की खुशी में मनाया जाता है। इस अवसर पर सबसे पहले करम देव की पूजा-अर्चना की गयी। पूजा के पश्चात आदिवासी सरना भाई-बहनों ने करम गीत गाये और मांदर की थाप पर आखरा में पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान करम गोसाई के आगे झुककर लोगों ने सुख-समृद्धि की कामना की और देर रात तक नाच-गान किया व उत्सव का माहौल बना रहा। इस प्रमुख रूप से रंथू उरांव, अशोक उरांव, लालचंद विश्वकर्मा, ललिता देवी, दीपक टाना भगत, चरका पाहन, सुरज मुंडा, लालेश्वर, अमित, सुकरा, कन्हैया समेत महिला पुरूष-मौजूद थे।

# करमा सिर्फ त्योहार नहीं, बल्कि प्रकृति संरक्षण का सामूहिक संदेश है

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** झारखंड के जनजातीय समाज खासकर छोटानागपुर के आदिवासियों के प्रमुख त्योहारों में करमा एक है। इस पर्व की विशेषता है कि करमा का त्योहार गैर आदिवासियों में भी उसी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है, जितना आदिवासी समाज। भले ही दोनों की पूजा विधियों और परंपरा में अंतर है, पर सभी जगह करम पेड़ की डाली को गाड़कर उसकी विधि-विधान से पूजा की जाती है। कहीं-कहीं करम पेड़ की ही पूजा करने की परंपरा है। गैर आदिवासियों के घरों में पंडित-पुरोहित पूजा कराते हैं, जबकि आदिवासी समाज में पाहन पूजा कराता है और करम-धरम की कहानी सुनाता है। आदिवासी समाज में अखड़ा में सामूहिक रूप से करम पूजा की जाती है, जबकि सदानों के घरों के आंगन में करम की डाली को गाड़कर पूजा करने की परंपरा है, लेकिन सदानों के घरों में भी पाहन ही करम की डाली गाड़ता और पहली पूजा वहीं करता है। उसके बाद ही पंडित पुजारी पूजा कराते हैं। दोनों ही समाज में करमा का त्योहार भद्रपद(भादो) महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को ही मनाई जाती है। इस बार 14 सितंबर शनिवार को पूरे झारखंड में यह त्योहार मनाया जाएगा। जिस प्रकार जनजातीय समाज के मुंडा, उरांव, हो, संताल सहित अन्य समुदायों में करमा मनाया जाता है, उसी प्रकार हिंदू समाज के ब्राहमण, राजपूत, तेली, कुर्मी, कोइरी, हरिजन, कुम्हार, बनिया सहित सभी जातियों में यह पर्व श्रद्धाभाव से मनाया जाता है।

अखिल भारतीय सरना समाज के नेता और जनजातीय समाज के रीति-रिवाजों को नदजीक से जानने वालें भीम मुंडा बताते हैं कि करमा का त्योहार बहनें अपने भाइयों की सुख-समृद्धि और लंबी आयु के लिए करती हैं। साथ ही धान रोपनी के बाद इस पर्व को मनाने का कारण है अच्छी फसल के लिए ईश्वर की आराधना। भीम मुंडा ने कहा कि यह त्योहार भाई-बहन के पवित्र संबंध और अटूट प्रेम को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि करमा पर्व को आदिवासी संस्कृति का प्रतीक माना जाता है। इस त्योहार में एक खास तरह का नृत्य होता है, जिसे करम नाच कहा जाता है। उन्होंने बताया कि आदिवासी और आादिवासी और मूलवासी समाज में अधिकतर कुवांरी लड़कियां ही करती हैं।

# कैथोलिक चर्च में संत मोनिका दिवस मनाया गया



**संत मोनिका माताओं की आदर्श हैं, उनके जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेने की जरूरत है: फादर ऑस्कर टोप्पो**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी शांतिनगर स्थित कैथोलिक चर्च में रविवार को मसीही विश्वासियों ने संत मोनिका दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत में फादर ऑस्कर टोप्पो एवं फादर हेलारियुस तिग्गा के साथ छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश से आए फादर प्रफुल्ल बाड़ा, फादर भूषण बाड़ा, फादर रफाएल वसुनिया सहित ओड़िशा से आयी सिस्टर सुमित जेमा कुजूर एवं सिस्टर बलमदीना तिर्की सहित उपस्थित सभी मसीही विश्वासियों ने संत मोनिका की तस्वीर के साथ चर्च परिसर में जुलूस निकाला तथा चर्च में प्रवेश किया। इस दौरान कैथोलिक महिलाएं गीत गाती और झूमती संत मोनिका के चित्र के साथ जुलूस में शामिल हुई। चर्च में प्रवेश के बाद मसीही विश्वासियों ने संत मोनिका के चित्र के समक्ष कैंडल जलाया। फादर ऑस्कर टोप्पो ने कहा कि संत मोनिका के जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने सभी महिलाओं को संत मोनिका के धीरज, दया और त्याग जैसे आदर्श गुणों को अपनाकर एक आदर्श मां बनने और अपने परिवार तथा समाज के लिये त्याग व तपस्या के साथ दूसरों की हमेशा मदद करने को कहा। इस मौके पर मुख्य रूप से सिस्टर नेली लकड़ा, सिस्टर दिव्या नवरंगी, विनिता तिग्गा, तेरसा कुजूर, नीलम टोप्पो, नेली प्रभा तिर्की, नेहा रंजनी, हरितिमा सहित अन्य उपस्थित थे।

## घमंड इंसान को शैतान बना देता है, विनम्रता इंसान: बिशप विनय कंडुलना



खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी के आरसी चच में रविवार को संत मोनिका का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। सुबह से शुरू हुआ यह आयोजन दोपहर तक चला, जिसमें काफी संख्या में मसीही विश्वासी शामिल हुए। इस दौरान मुख्य प्रार्थना सभा के दौरान बिशप विनय कंडुलना ने अपने संदेश में कहा कि विनम्रता का मतलब चुपचाप सब कुछ सह लेना नहीं है, बल्कि यह सचाई पर आधारित जीवन जीना है। उन्होंने कहा कि विनम्रता हमें सच को पहचानने, उसे अपनाने और उसके लिए खड़ा होने की शक्ति देती है। इस अवसर पर फादर बिसु, फादर अमृत, फादर महेंद्र, फादर जॉर्ज, फादर स्वर्ण, फादर अनूप, फादर निकोलस, फादर बेनेदिक्त, फादर सुमन और फादर बिमल, संत अन्ना और उर्सुलाइन की सभी धर्मबहनें मौजूद थे।

## अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता आयोजित शामिल हुए बंधु तिर्की



इटकी (आजाद सिपाही)। सेंट्रल मोहर्रम एवं समन्वय मोहर्रम कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को इटकी बाजार में चेहल्लुम को लेकर अस्त्र-शस्त्र चालान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें क्षेत्र के दर्जनों गांव के अखाड़े ने भाग लिया। इसमें उदरगी, मलांदू, जीन्जो, पुंदाग, मोरो आदि अखाड़ों के खिलाड़ियों ने अपने खेल का जौहर दिखाया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की भी शामिल हुए। अस्त्र-शस्त्र चालान प्रतयोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी एवं अखाड़े को पुरस्कार देकर के सम्मानित किया। मौके पर इटकी प्रखंड उप प्रमुख प्रवेज राजा, इकबाल अंसारी, हाजी मोहम्मद मोइनुद्दीन अंसारी, कलीम अंसारी, अजीत केसरी आदि उपस्थित थे।

### बेड़ो में गणेश पूजा में अंतिम दिन उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

# भगवान गणेश झारखंड और देश के सभी दुख दूर करें : रघुवर दास

**विघ्नहर्ता की आरती में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री और हटिया विधायक सहित कई दिग्गज नेता**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** श्री राधेकृष्ण यूथ संगम गणेश पूजा महासमिति की ओर से आयोजित पूजा के पांचवें दिन रविवार को गणपति बप्पा के दर्शन करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। विघ्नहर्ता का पूजन कर शाम में आरती की गयी। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गणेश आरती में भाग लिया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, जनजातिय आयोग की अध्यक्ष आशा लकड़ा, भाजपा नेता सन्नी टोप्पो, रामनारायण भगत, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार राय, धनंजय कुमार राय, मुखिया सुशांति भगत, सीओ राज कुंवर सिंह और थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान आदि भी पंडाल पहुंचकर आरती में शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान गणेश विघ्नहर्ता हैं। वे झारखंड एवं देश के सभी बाधाओं को हर लेंगे। कहा कि गणेश चतुर्थी धार्मिक, सांस्कृतिक महत्व के साथ राष्ट्रीय एकता का प्रतीक भी है। इस महोत्सव को महाराष्ट्र में लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने शुरू कराया था। आज इसका वृहद स्वरूप देश में देख रहा है। कहा कि भगवान गणेश का विशेष स्थान है। कोई भी पूजा, हवन या मांगलिक कार्य गणेश वंदना के साथ ही शुरूआत होती है। कहा कि मैं भगवान गणेश से यही प्रार्थना करता हूं कि पूरे देश पर भगवान गणेश अपनी कृपा बरसाएं। देश में सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करें। इस दौरान भगवान गणेश को 651 किलोग्राम दूध से बनी खीर का भोग लगाया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया। सोमवार को भव्य विसर्जन यात्रा के साथ महोत्सव का समापन होगा ।



भगवान गणेश की आरती करते पूर्व सीएम रघुवर दास, सन्नी टोप्पो एवं अन्य।

# रेशम कृषि मेला कृषकों के लिए उपयोगी : उपमुख्यमंत्री अरुण साव

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** केंद्रीय रेशम बोर्ड बुनियादी तसर रेशमकीट बीज संगठन बिलासपुर की ओर से बुनियादी बीज प्रगुणन एवं प्रशिक्षण केंद्र पाली, कोरबा में रविवार को रेशम कृषि मेला एवं 'मेरा रेशम मेरा अभिमान' का आयोजन हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न भागों से तसर रेशम कृषकों, रीलर एवं हथकरघा बुनकर उपस्थित थे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान मेला में कृषकों के लिए तकनीकी सत्रों का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि वन आधारित रेशम कीट पालन से जुड़े लाखों कृषक, महिला-युवाओं के लिए केंद्रीय रेशम बोर्ड पिछले 25 वर्षों से लगातार प्रतिबद्ध होकर काम कर रहा है। केरेबो से विकसित नई तकनीकियां, उन्नत किस्मों, तसर बीज की गुणवत्ता एवं आपूर्ति और प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने छत्तीसगढ़ को तसर रेशम उत्पादन में देश में दूसरे स्थान पर ला खड़ा किया है, जिस पर उपमुख्यमंत्री ने प्रशनन्ता व्यक्त की। कहा कि कृषि मेला का मुख्य उद्देश्य तसर रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ ही कृषकों को आत्मनिर्भर एव सम्मानजनक आय दिलाना है। रेशम कीट पालन देश में महिलाओं को एक आदर्श माध्यम है जिसमें छत्तीसगढ़ की महिला स्व-सहायता समूहों को जोड़ना चाहिए। वैज्ञानिकों को यह संदेश दिया गया है कि तसर रेशम कृषि, गुणवत्ता बीज वितरण एवं प्रशिक्षण को जारी रखना एवं अनुसंधान का लाभ खेतों पहुंचना चाहिए। उप मुख्यमंत्री ने हर्ष और गर्वित होकर कहा कि इस पारंपरिक तसर कोसा का नया पहचान देश-विदेश में होना और मेक इन इंडिया द्वारा भारत को रेशम वस्त्र निर्माण की राजधानी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस मौके पर पाली तानखार के विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम, प्रेमचंद पटेल, विधायक, कटघोरा, कोरबा जिला का कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, अजित बसंत, कुमार निशांत, डॉ विनोद सिंह एवं अन्य वैज्ञानिकों सहित 650 लोग उपस्थित थे।




## करम पर्व संध्या समारोह में शामिल हुए राज्य के मंत्री चमरा लिंडा



**चांहो (आजाद सिपाही)।** चान्हों थाना क्षेत्र के चोरेया बगीचा टोली में पड़हा संगठन की ओर से शनिवार को करम पर्व संध्या समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री चमरा लिंडा शामिल हुए। इसमें खोड़हा टीम की ओर से पारंपरिक वाद्य यंत्र वादन के बीच करम गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति की गई। संगठन के अध्यक्ष महादेव उरांव ने बताया कि इस साल भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अंतरास्ट्रीय खिलाड़ी एवं कोच विष्णु उरांव सरायकेला खरसावां के अतिरिक्त बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता ताहिर खान, आलिम खान सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## करम पूर्व संध्या समारोह में शामिल हुए डॉ अरुण उरांव



**मांडर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित फोरेस्ट मैदान में रविवार को कर्म पूर्व संध्या समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व आईपीएस एवं रात्रि पाठशाला के जनक डॉ अरुण उरांव शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीणों, युवाओं और बच्चों का उत्साह बढ़ाया। अपने संबोधन में शिक्षा की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि झारखंड के आदिवासी-मूलवासी समाज आज भी शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा हुआ है। कहा गरीब परिवारों के बच्चे प्रायः केवल सरकारी विद्यालयों तक ही सीमित रहते हैं। संसाधनों की कमी और उच्च शिक्षा के अवसर न मिलने के कारण वे बड़े पदों तक नहीं पहुंच पाते। उन्होंने रात्रि पाठशाला चलाने के अपने अनुभव साझा किए। बताया कि कैसे यह पहल ग्रामीण इलाकों में शिक्षा का उजियारा फैला रही है। उन्होंने बच्चों और युवाओं को शिक्षा के माध्यम से अपने जीवन को बदलने के लिए प्रेरित किया। वहीं, झारखंड के प्रख्यात शिक्षाविद एवं पद्मश्री से सम्मानित मधु मंसूरी हसमुख भी उपस्थित रहे। उन्होंने अपनी बात रखते हुए झारखंडी संस्कृति और कर्म पर्व के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने स्थानीय परंपराओं को संरक्षित करने और शिक्षा के साथ जुड़ने का संदेश दिया। वहीं, कर्म पर्व की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। ढोल, मांदर और पारंपरिक नृत्य की धुनों से पूरा वातावरण उत्सवमय हो गया।

## राष्ट्रीय शिक्षा से ही देश में परिवर्तन संभव : ब्रह्माजी राव




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भारत को विश्वगुरु बनाना है तो सब संस्थाओं के छात्रों को भारतीय ज्ञान परंपरा एवं विरासत से अवगत कराना होगा, ताकि वे अपनी जड़ों से जुड़ सके। राष्ट्रीय शिक्षा से ही देश में परिवर्तन संभव होगा। उक्त बातें रविवार को स्थानीय विद्याभारती कार्यालय में आयोजित झारखंड प्रदेश कार्यकर्ताओं की बैठक में विद्याभारती के राष्ट्रीय मंत्री ब्रह्माजी राव ने कहीं। वे शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के प्रांतीय कार्यक्रम के संपन्न अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर बोल रहे थे। वहीं, क्षेत्र संयोजक विजय कुमार सिंह ने कहा कि मां मातृभूमि एवं मातृभाषा का कोई विकल्प नहीं है। देश बदलना है तो शिक्षा को बदलना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से न्यास के कार्य को आगे बढाने का आग्रह किया। जबकि प्रदेश अध्यक्ष पीयूष रंजन ने चैरेवति- चैरेवति का मंत्र दिया और कहा कि राह में कठिनाइयां आयेगी, इसके बाद भी देश के लिए आगे बढ़ना है। इस अवसर पर हिंदी पखवाड़ा में झारखंड के 130 स्थानों पर हिंदी पर कार्यक्रम करने, संस्था का जिला स्तर पर प्रसार, शिक्षा में भारतीयता को शामिल करने पर जोर दिया गया। इस मौके पर प्रो सविता सेंगर, अमरकांत का, प्रो गोपाल सहाय, महेंद्र सिह, धर्मराज कुमार, अमृता मजूमदार,अमित पांडेय, हरप्रीत कौर आदि उपस्थित थे।

## पिठोरिया नया तालाब से युवक का शव बरामद

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पिठोरिया चौक स्थित नया तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी थी। थाना प्रभारी अभय कुमार की पहल पर एनडीआरएफ की टीम ने नया तालाब पहुंचकर डूबे व्यक्ति की शव तलाशने लगी। 24 घंटे की मशक्कत के बाद शनिवार देर रात शव बरामद किया गया। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद रविवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

# आदिवासी समाज का धर्मांतरण कराकर उनका अस्तित्व मिटाने का चल रहा षड्यंत्र: गणेश राम

**कहा- धर्म परिवर्तन किये लोग समय रहते घर-वापसी कर लें नहीं तो उनका अब डीलिस्टिंग होना तय**

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक सह छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री गणेश राम भगत दो दिवसीय झारखंड दौरे पर हैं। इसी क्रम में वे रविवार को पिस्कानगड़ी पहुंचे। जहां स्वर्णरेखा बैंक्वेट हॉल में जनजाति सुरक्षा मंच और नगड़ी प्रखंड के समाजिक कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि हमलोगों को अपनी संस्कृति के साथ ही अपनी बहन-बेटी और जमीन की रक्षा करनी है तो सभी को एकजुट होना होगा। आदिवासी एवं मूलवासियों में विभेद पैदा कर आदिवासी समाज का धर्मांतरण कराकर उनका अस्तित्व मिटाने का षड्यंत्र चल रहा है। इससे भी सर्तक रहना है। बाबा कार्तिक उरांव के आदर्शों पर चलते हुए उनके द्वारा छेड़ी गई अधूरी लड़ाई को आगे बढ़ाना है। कहा कि जो आदिवासी अपनी रीति रिवाज और रूढ़िवादी प्रथा को छोड़ चुके हैं वैसे लोगों को आदिवासियों के नाम से मिलने वाले आरक्षण-अधिकार मिलना हर हाल में बंद होना चाहिए। कहा कि धर्म परिवर्तन किए लोग समय रहते घर-वापसी कर लें नहीं तो उनका अब डीलिस्टिंग होना तय है। उधर, सभा के बाद गणेश राम ने नारों बाजार टांड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के समक्ष जनजाति सुरक्षा मंच के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के काफिला के साथ पहुंच कर राम भगत के नेतृत्व में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश संयोजक हिन्दुवा उरांव एवं संचालन युवा संयोजक सन्नी टोप्पो उरांव ने किया। इस मौके पर जनजाति सुरक्षा मंच के क्षेत्रीय संयोजक संदीप उरांव, विकास उरांव, विकास कुमार, पुनित कुमार, लखिंदर महतो, आरंभ नई राह संस्था के अध्यक्ष आशुतोष कुमार, श्वेतक केसरी, सिकंदर महली, 22 पड़हा के रंजित तिर्की, बलवंत तिर्की, संध्या मुंडा, सुमन देवी और बंधना मुंडा आदि उपस्थित थे ।



## खेल हमें अनुशासन में रहने और मिलकर काम करना सिखाता है : सन्नी टोप्पो

**बेडो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ईंटा पंचायत के रामपुर मैदान में रविवार को युवा सरना क्लब के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय खस्सी सह प्राइज मनी फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल को किक मारकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें अनुशासन, टीम वर्क और आपसी भाईचारा सिखाता है। कहा कि आज के समय में युवाओं को नशे और गलत आदतों से दूर रहने की सख्त जरूरत है।



### शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट-2025 शुरू

# ग्रामीण क्षेत्र में खेल के आयोजन से युवाओं को मिलता है अवसर: फिलिप सहाय एक्का

**दीपक ब्रदर्स बुढ़मू की टीम पहुंची सेमीफाइनल में**

**बांधगाड़ी एफसी, रांची ने जीता उद्घाटन मैच**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास के तत्वावधान में रांची जिला अंतर्गत मांडर प्रखंड के बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में रविवार से शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट-2025 का शुबारंभ हुआ। उद्घाटन मैच बांधगाड़ी एफसी रांची और भगत इलेक्ट्रोनिक्स पीएमपी के बीच खेला गया। इसमें बांधगाड़ी ने भगत इलेक्ट्रोनिक्स को टाई ब्रेकर में 4-1 गोल से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। इससे पहले टूर्नामेंट का उद्घाटन फिलिप सहाय एक्का (मांडर प्रमुख), सोहंती एक्का (बंझिला मुखिया), प्रेमचंद्र एक्का (कंजिया पंचायत मुखिय), हसन अंसारी (कुडू) और प्रकाश खलखो (मांडर पंचायत मुखिया) आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल को किक कर किया। इससे पूर्व सभी अतिथियों ने शहीद एतवा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर फिलिप एक्का ने इस शानदार प्रतियोगिता के आयोजन पर आयोजकों को बधाई दी और स्थानीय लोगों से मैच के सफल आयोजन में सहयोग की अपील की। उन्होंने खिलाड़ियों और आयोजन समिति का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि ऐसे टूर्नामेंट से युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है और खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। वहीं, रविवार को दूसरे मैच में दीपक ब्रदर्स बुढ़मू ने टाई ब्रेकर में एक्स आर्मी ट्रेडरर्स कंडारी रोड को 5-4 गोल से पराजित कर अगले राउंड प्रवेश किया। दूसरे राउंड में दीपक ब्रदर्स बुढ़मू ने बांधगाड़ी एफसी, रांची को मैदानी गोल में 1-0 से हराकर समीफाइनल में जगह पक्की कर ली। एक सितंबर को पहला मैच रनिया टाइगर खान ब्रदर्श गोरे और वेस्टर्न डायमंड एफसी जामताड़ा के बीच खेला जाएगा। मैच के सफल संचालन में रेफरी के रूप में शाहिद परवेज, सुनील टोप्पो, अब्दुल माजिद, जफर आलम, निशांत खलको व संतु मुंडा ने महत्तवपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर आयोजन समिति के संरक्षक पितरुस खलखो, अध्यक्ष मो. शकिब (छोटू), खेल प्रभारी फ्रांसिस जेवियर खलखो, मो. रशीद, लखो उरांव, कृष्णा, मो. एजाजुल, रंजीत खलखो आदि उपस्थित थे।



# नवागढ़ खक्सीटोली में शमसान जाने के राते में पीसीसी पथ का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदिरी।** नवागढ़ खक्सी टोली में रविवार को राज्यसभा सांसद निधि से बनाये जाने वाले पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास अनगड़ा के जिला परिषद राजेंद्र शाही मुण्डा, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज, पूर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, भाजपा अनुसुचित जनजाति मोर्चा ग्रामीण रांची जिला अध्यक्ष बुधराम बेदिया आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस पीसीसी रोड निर्माण कार्य का शिलान्यास होने से ग्रामीण काफी खुश दिखे। ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के 78 साल बाद इस रास्ते में भाजपा के राज्यसभा सांसद के सौजन्य से पीसीसी पथ का शिलान्यास हुआ है, जो हर्ष की बात है। क्योंकि प्रति वर्ष बरसात के मौसम में कीचड़ होने से काफी परेशानी हो जाती है। अब सड़क बन जाने से राहत महसूस होगी। इस अवसर पर एक सभा भी आयोजित हुई। जिसमें ग्रामीणों ने शिकायत की कि गेतलसुद डैम से पेयजल सफाई के लिए विभाग की ओर से आवशयक कागजात विभाग लेने के बावजूद आज तक एक बुंद पानी गांव में नहीं पहुंचा है। इस पर भाजपा पूर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने ग्रामीणों को जलापूर्ति चालू करवाने का अशवासन दिया। इस मौके पर नवागढ़ मुखिया भुवनेश्वर बेदिया, सिकिदिरी मंडल अध्यक्ष, सोहरैया बेदिया, सिकिदिरी मंडल महामंत्री पंचम भोगता, भगीरथ महतो, शिबू बेदियापर, जयशंकर पहान, विनय कुमार सिंह मुण्डा, रामू भोगता, दीपेंद्र बेदिया और सोमरा बेदिया आदि उपस्थित थे।



## गेतलसूद दुर्गा पूजा समिति का पुनर्गठन, अजय साहू बने अध्यक्ष

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** गेतलसूद दुर्गा पूजा समिति की बैठक रविवार को शिव मंदिर प्रांगण में हुई। जिसमें इस बार भी दुर्गा पूजा भव्य तरीके से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से दुर्गा पूजा समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसका अध्यक्ष अजय साहू को चुना गया। वहीं, उपाध्यक्ष अजय राज, गणेश लोहरा, दुबराज महतो, संजय महतो, सन्नू नायक, सचिव संजय नायक, कोषाध्यक्ष शंकर बैठा, सह सचिव शुभंभ गोस्वामी, अजीत महतो, मुकेश लोहरा, बाबूलाल महतो, भुनेश्वर महतो, संरक्षक जैलेंद्र कुमार, राजेश लोहरा, प्रमुख दीपा उरांव, मुखिया शांति मुंडा, शिवदास गोस्वामी, भोला महतो, जितेंद्र उरांव बनाए गए। जबकि कार्यकारिणी सदस्य के रूप में धर्मवीर नायक, जीतून महतो, अमित चौधरी, मोहित गोस्वामी, अरुण महतो, देवान महतो, राजेंद्र साहू बबलू, मनोज महतो एवं उमेश ठाकुर का चयन किया गया है।



# ग्रामीण आत्मनिर्भरता में वनसपंदा की भूमिका निर्णायक : अरुणा तिर्की

**महिला सशक्तिकरण पर उषा मार्टिन में कार्यशाला का हुआ आयोजन**

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे उषा मार्टिन में महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत रविवार को एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुआ। जिसमें शामिल अजम एम्बा की निदेशिका अरुणा तिर्की ने कहा कि झारखंड अपनी समृद्ध वन संपदा का उपयोग कर आत्मनिर्भर बन सकता है। इसके लिए स्वदेशी अनाज, वनसंपदा और विचार परंपरा को अपनाने की जरूरत है। बताते चलें कि अरुणा तिर्की पारंपरिक आदिवासी व्यंजन पर आधारित रेस्तरां चलाती हैं। उन्होंने कहा कि जब हमें अपनी संस्कृति पर गर्व होगा, तभी हम अदिवासी भोजन को पुनर्जीवित कर सकेंगे। उसको नई पीढ़ी तक पहुंचा सकेंगे और आत्मनिर्भरता के साथ आय सृजन कर सकेंगे। कहा कि जंगल में मिलने वाला महुआ जैसे भोज्य प्रदार्थ को समग्रता में स्वीकार करेंगे, तभी विकास भी होगा और संस्कृति भी बचेगी। केवल आय सृजन का लक्ष्य होगा, तब ऐसी चीजें धीरे-धीरे खत्म हो जायेगी, क्योंकि यह प्राकृतिक तरीके से ही उपजती है। वहीं, उषा मार्टिन के महाप्रबंधक डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि आहार का संबंध हमारे विचार और विकास से जुड़ा है। ऐसे में प्राकृतिक खेती के साथ वनाधारित फल एवं फूलों को विकास का माध्यम बनाने से परंपरा का संरक्षण होगा और आय संवर्द्धन भी हो सकेगा। वहीं, मशरूम ट्रेनर देवोतस पाड़िया ने मशरूम की खेती से विविध उत्पादों के निर्माण एवं उसकी बाजार उपलब्धता पर जानकारी दी। सूर्यशक्ति के अमित कुमार ने ड्रिप इरिगेशन एवं खेती के अन्य उपायों के बारे में बताया। इस अवसर पर महिलौंग के मुखिया संदीप तिर्की और टाटी पूर्वी के मुखिया कृष्णा पाहन ने भी विचार व्यक्त किया। इस मौके पर उषा मार्टिन फॉउंडेशन की प्रिया बागची, मोनीत बूतकुमार, संगीता कुमारी, वरुण कुमार आदि थे।



## सोहराई प्रशिक्षणार्थियों को मिला सर्टिफिकेट

**उषा मार्टिन फॉउंडेशन के तत्वावधान में सोहराई पेंटिंग का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली 15 महिलाओं को सर्टिफिकेट दिया गया। अब ये महिलाएं एक समूह बनाकर अपने उत्पादों को बेच रही है। जिसमें तारा देवी, गीता देवी, नम्रता कुमारी, पुनम देवी, सोनाली मुंडा, पुनम देवी, मुन्नी मुंडा, अनिमा मुंडा, सेवंती कुमारी, सहरमनी देवी और सुमन देवी शामिल है।**

## बारडीह पारिश में संत मोनिका का पर्व मना

**जारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत बारडीह पारिश में रविवार को संत मोनिका का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह विशेष मिस्सा अनुष्ठान का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य अधिष्ठाता फादर ललित जोन एक्का रहे सहयोगी के रूप फादर अजित केरकेट्टा ने निभायी। बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। धार्मिक अनुष्ठान के बाद फादर ललित जोन एक्का ने माताओं को संदेश देते हुए संत मोनिका के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संत मोनिका माताओं के लिए एक आदर्श संत मानी जाती हैं, जिन्होंने अपने धैर्य, त्याग और प्रार्थना से परिवार व समाज को प्रेरणा दी। प्रार्थना सभा के बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुतियां आयोजित की गयी। बच्चों और युवाओं ने नृत्य, गीत और नाटक प्रस्तुत कर कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। पूरे दिन पारिश परिसर भक्तिमय माहौल से गूंजता रहा।

## युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष बने मिथुन ओहदार



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** युवा शक्ति संगठन सालेगुटू पंचायत का गठन किया गया। अध्यक्ष बने मिथुन ओहदार। जानकारी के मुताबिक कामडारा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत गांव चंदाटोली बाजार टांड़ में रविवार को ग्रामीण मिथुन ओहदार के नेतृत्व पर सालेगुटू पंचायत के युवाओं के द्वारा सामाजिक कार्यों मे सामूहिक रुप योगदान देने हेतु युवा शक्ति संगठन सालेगुटू पंचायत का गठन किया गया। वहीं उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिये मिथुन ओहदार, उपाध्यक्ष अरविंद नाग, सचिव अभिषेक साहु,उपसचिव जतन साहु, कोषाध्यक्ष प्रदीप ओहदार(तुषार), उपकोषाध्यक्ष मनोज चिक बड़ाईक को चुना। वहीं प्रवक्ता के रुप में जतन साहु और मीडिया प्रभारी अशोक ओहदार और उप मीडिया प्रभारी अरविंद नाग को बनाया गया। इस दौरान निर्मल कुमार, अभिषेक साहु, आजाद साहु, रुपेश कुमार साहु, मनीष साहु, राधे ओहदार, शिवकुमार साहु,राजेश लोहरा, दीपक साहु,पंकज साहु, देसराज साहु, गोवर्धन साहु, पवन साहु, राजू नाग सहित अन्य स्थानीय युवक मौजूद थे।

## एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के छात्र को प्रश्नमंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मिला




**बसिया (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 के अवसर बसिया प्रखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया के छात्र रोहित उरांव ने जिला स्तर (गुमला जिला) की प्रश्नमंच प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 'जो रांची में आयोजित थी' में गुमला जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए 50 में 50 अंक प्राप्त कर पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रतिभावान छात्र रोहित उरांव को झारखंड सरकार के खेल सचिव मनोज कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। छात्र रोहित उरांव की इस बड़ी सफलता से विद्यालय में हर्ष का माहौल है। सभी शिक्षकों के साथ-साथ प्राचार्य संजय कुमार सिंह, निरीक्षक अखिलेश कुमार और ओमप्रकाश सिन्हा तथा विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा ने रोहित उरांव को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## पालकोट अंजुमन सदर का निधन



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** अंजुमन कमेटी के सदर सगीर मियां का रविवार को इलाज के दौरान निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। सामाजिक, धार्मिक और शैक्षिक गतिविधियों में उनकी अहम भूमिका रही थी। सगीर मियां लंबे समय से अंजुमन कमेटी से जुड़े हुए थे और हमेशा समाज के उत्थान के लिए सक्रिय रहे। उनके नेतृत्व में कई सामाजिक कार्य हुए, जिन्हें लोग आज भी याद करते हैं। निधन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पहुंचे और परिवार को ढांढस बंधाया। अंतिम संस्कार में विभिन्न समुदायों के लोग शामिल हुए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। लोगों ने कहा कि सगीर मियां का जाना क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

## अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा की बैठक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा की बैठक घाघरा प्रखण्ड के सलगी लशटांड़ में जिलाध्यक्ष सनिया उरांव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में गांव के जमीन के सवाल पर विचार विमर्श किया। साथ ही इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया गया कि जब कोई थानेदार अथवा अंचलाधिकारी का तबादला हो जाता है और उनके स्थान पर अन्य पदाधिकारी का पदस्थापन होता है। जमीन के पुराने जमींदार गांव में स्थित अपनी बेची गई जमीन को अपना बताकर भूमि के जोतकार किसानों को परेशान कराते हैं। गांव की लगभग सौ एकड़ जमीन पर सैकड़ों सालों से खेतिहर किसान खेती करते चले आ रहे हैं। खेतिहर किसानों की लड़ाई अगर है तो वह वन विभाग के साथ है। बैठक को संबोधित करते हुए महासभा के जिलाध्यक्ष सनिया उरांव ने कहा कि गांव की जमीन के मामले में पुलिसिया अनावश्यक हस्तक्षेप किसी तीसरे पक्ष के हित में सहन नहीं किया जायगा। किसानों के मान सम्मान के खिलाफ डराने धमकाने की कोशिश की गई तो महासभा के द्वारा जोरदार आंदोलन किया जाएगा। खेतिहर किसानों को थाना बुलाया जाना गलत है। वन विभाग न्यायालय में फरियाद करता है तो हम न्यायपालिका के फैसले का सम्मान करेंगे। लेकिन बेवजह डराने धमकाने की कोशिश का विरोध किया जायेगा। बैठक में सुरेश प्रसाद यादव, जीतन गोप, बुधवा उरांव, बिहारी उरांव, मंगल उरांव, सुरेश गोप, मंजूरी उरांव, पुनी दास भगत, राजदेव उरांव, विष्णु उरांव तथा सचिन उरांव सहित दर्जनों की संख्या में अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## गणपति बप्पा की प्रतिमा का विसर्जन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला में गणेश पूजा बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। शनिवार की देर रात तक सिसई रोड स्थित छठ तालाब में मूर्तियों का विसर्जन किया गया। शहर में गणेश पूजा के बाद कई संघ के लोगों ने शुक्रवार को ही मूर्ति का विसर्जन जलाशयों में किया। जबकि शनिवार को भी कई संघो ने डीजे की धुन पर नाते गाते हुए पूरे शहर का भ्रमण किया इसके बाद जलाशयों में मूर्ति का विसर्जन कर दिया। इस दौरान प्रशासन की ओर से जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। खुद थाना प्रभारी महेंद्र करमाली टावर चौक से सिसई रोड छठ तालाब तक मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम की निगरानी कर रहे थे। शहर भ्रमण के दौरान श्रद्धालु गणेश भगवान की पूजा पाठ कर रहे थे जिन्हें प्रसाद वितरण किया जा रहा था।

# पालकोट में डीजल लदा टैंकर पलटा, लूट के लिए मची होड़



आजाद सिपाही संवाददाता

**पालकोट।** पालकोट थाना क्षेत्र के गुमला-सिमडेगा एनएच मुख्य सड़क पर दतली डेम के समीप रविवार को एक डीजल लदा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में टैंकर चालक को हल्की चोटें आयी, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

टैंकर पलटने की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए और डीजल लूटने की होड़ मच गयी। कोई बाल्टी लेकर पहुँचा तो कोई डब्बा, और देखते ही देखते दर्जनों लोग डीजल भरने में लग गये। स्थिति अनियंत्रित होने पर सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और यातायात भी प्रभावित हो गया।

सूचना पाकर पालकोट थाना प्रभारी तरुण कुमार मौके पर पहुंचे और भीड़ को हटाकर स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने टैंकर को अपने कब्जे में लेकर सुरक्षा व्यवस्था की और मुख्य सड़क पर यातायात को बहाल कराया।

## केबल चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में सक्रिय वायर केबल चोर गिरोह तीन सदस्य पवन साहू, नवीन उरांव और पवन को पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। घटना के संबंध में मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार बिशुनपुर प्रखंड में पिछले कुछ दिनों से वायर केबल चोर गिरोह काफी सक्रिय थे जिसके द्वारा प्रखंड मुख्यालय के चेडा रोड स्थित एयरटेल टावर, प्रखंड कार्यालय के समीप बीएसएनल टावर, नवागढ़ सेरका में लगे एयरटेल टावर, पानी टंकी का वायर केबल चोरी कर बेच दिया गया था। जिससे लोग काफी परेशान थे चोर गिरोह के तीन सदस्य दो दिन पूर्व चिंगरी स्थिति एयरटेल टावर में केबल चोरी करने गये जहां पर वे लोग केबल काट चोरी कर रहे थे। मौके पर पुलिस ने प्राथमिक की दर्ज करते हुए सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया

## आयोग अनुसूचित जनजातियों के अधिकारों को संरक्षण और सुरक्षा प्रदान करता है : आशा लकड़ा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रायडीह।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा रविवार को रायडीह प्रखंड के जरजट्टा गांव का दौरा किया। उन्होंने कहा आयोग अनुसूचित जनजातियो का अधिकारों का संरक्षण व सुरक्षा प्रदान करता है। डॉ आशा लकड़ा ने कहा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से जुड़कर पारम्पारिक कार्यो को अपनाने और अपने अपने हुनर के साथ स्वरोजगार करने पर बल दिया, उन्होने कहा जरजट्टा गांव में बनने वाला मांदर का नाम खूब है। कल्याण विभाग द्वारा मिलने वाले विभिन्न विकास योजनाओ की जानकारी देकर लाभ उठाने की बात कही। इस दौरान ग्रामीणो ने गांव के विकस, सड़क, धुमकुड़िया, मोबाइल टॉवर आदि कार्यो का आवेदन सौपा गया। मौके पर बीडीओ प्रधान हांसदाक, मुखिया मार्था एक्का, समाजिक कार्यक्रता मिशिर कुजूर, एइ सुजीत कुमार, कल्याण पदाधिकारी रामनिवास कुमार, पंचायत सचिव राकेश रौशन बादल कुमार रहमान शाह आदि महिला पुरुष मौजुद थे।

# तिलइडीह के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग की, विधायक प्रतिनिधि ने दिया आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पालकोट।** पालकोट प्रखंड के तिलईडीह गांव में लंबे समय से जर्जर हुई सड़क को लेकर ग्रामीणों ने रविवार को कांग्रेस पार्टी जिला विधायक प्रतिनिधि मनीष कुमार साहू (हिंदुस्तान), युवा नेता ऋषिकांत कुमार साहू, सामाजिक कार्यकर्ता रोशन कुमार साहू, साजिद एक्का एवं देवेंद्र लाल उरांव को आमंत्रित कर अपनी समस्याएं बतायी। ग्रामीणों ने कहा कि कोनकेल से तिलईडीह तक सड़क का निर्माण आजादी के बाद से आज तक नहीं हुआ है। जिस रास्ते से रोजाना बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग और मरीज गुजरते हैं, वहाँ सैकड़ों गड्ढे बने हुए हैं। बरसात के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क की दुर्दशा के कारण बीमार और गंभीर मरीजों को अस्पताल तक ले जाना बड़ा संकट बन चुका है। ग्रामीणों का कहना था कि कई बार मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में इतनी देरी हो जाती है कि उनकी जान पर बन आती है। ग्रामीणों ने यह भी शिकायत की कि सड़क की मरम्मत या निर्माण को लेकर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। एक सड़क नहीं बन पायी तो यह हमारे लिए दुर्भाग्यपूर्ण विधायक प्रतिनिधि मनीष कुमार साहू ने उपस्थित ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि इस मामले पर विधायक जी से बात हो चुकी है और जल्द ही सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि जब तक स्थायी सड़क निर्माण का काम नहीं शुरू होता, तब तक प्रखंड विकास पदाधिकारी को मोरम डालकर तत्काल मरम्मत कराने आग्रह किया जायेगा जायेगा। मौके पर माया उरांव, शांति देवी, सविन मिंज, मोनिका एक्का, संगीता एक्का, अनीता तिर्की, फूलमती उरांव, उलेश मिंज, भुवन टोप्पो, अमृत उरांव, मोहन उरांव, सुशील एक्का, सुरेश टोप्पो, प्रदीप एक्का, धर्मचंद एक्का सहित सैंकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे । ग्रामीणों ने कहा कि अगर उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं की गईं तो वे आगे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

# हमें माता मोनिका के आदर्शों पर चलने की जरूरत : बसंती डुंगडुंग

**कामडारा एवं बसिया के अनेक चर्चो में भी मनाया गया संत मोनिका दिवस**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** प्रखंड के दलमादी चर्च में रविवार को संत मोनिका दिवस श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य सह चर्च सभानेत्री बसंती डुंगडुंग द्वारा झंडोतोलन एवम दीप प्रज्वलित करने के पश्चात सभी माताओं को संबोधित करते हुए कहा की हमे माता मोनिका के आदर्शों पर चलने की जरूरत है। उनका अनुकरण कर-के ही हम एक अच्छे मां बन बच्चों को अच्छी शिक्षा दे सकते है। हमे अपने भाषा संस्कृति को बचाये रखने की जरूरत है। एक लड़की के शिक्षित होने से पूरा परिवार शिक्षित होता है इसलिए हमे लड़कियों को अच्छी शिक्षा प्रदान करना चाहिए। माता मोनिका का जीवन बहुत संघर्षपूर्ण था उनका परिवार टूट चुका था लेकिन अपने जीवन मे प्रभु पर अटल विश्वास था। उन्होंने हमेशा प्रभु से प्रार्थना की जिसके फलस्वरूप उनके परिवार का स्वरूप बदल गया हमे भी ईश्वर पर भरोसा करना चाहिए। कार्यक्रम में धार्मिक अनुष्ठान मुख्य अनुष्ठाता पल्ली पुरोहित फादर दीपक एक्का द्वारा संपन्न कराया गया। मिस्सा पूजा का शुभारंभ दलमादी चर्च में प्रवेश नृत्य से हुआ साथ ही पाठ भी पढ़ा गया। मिस्सा पूजा के उपरांत माता एवं बहनों को सम्मान और बधाई देने के उद्देश्य से सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन भी धूमधाम से किया गया। जिसमें स्वागत गान के साथ साथ आदिवासी पारंपरिक नृत्यों तथा संत मोनिका के जीवन पर आधारित अनेक कार्यक्रम हुए। इस मौके पर लबिना किंडो मुक्तिलता डूंगडुंग, विलियम डूंगडुंग, हेलेना कुजुर, सुचिता, फिलिसिता टोप्पो,मुखिया अनिमा डूंगडुंग, हेलेना कुजुर, प्रतिमा डुंगडुंग, ग्रोरोटी धनवार, कारलूस कुजुर समेत सैकड़ो अनुयायी शामिल थे।

# एनजीटी आदेश को धता बताकर हो रहा है बालू का खनन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** 10 जून से 15 अक्टूबर तक झारखंड में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) का आदेश लागू है। सरकार का मकसद मानसून के दौरान नदियों से बालू खनन पर रोक लगाकर पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना है। लेकिन गुमला में यह आदेश सिर्फ फाइलों और सरकारी बैठकों तक सिमटा हुआ है। जमीनी हकीकत यह है कि जिले की हर सड़कों बालू लदे ट्रैक्टर सरपट दौड़ते हैं।

सुबह से लेकर देर रात तक पालकोट रोड, सिसई रोड, लोहरदगा रोड, जशपुर रोड और शहर की गलियों तक में धड़ल्ले से बालू ढुलाई होती है। हालत यह है कि न्यायालय परिसर में बन रहे सरकारी भवन मेंअवैध बालू धड़ाधड़ गिराया जा रहा है। रविवार को ट्रैक्टर से बालू स्टॉक करते देखा गया। चालक से पूछताछ की कोशिश की गई तो वह भाग खड़ा हुआ। रोके जाने पर उसने स्वीकार किया कि मरदा समेत कई नदियों से रोजाना 4-5 ट्रैक्टर बालू यहां पहुंचाते हैं।

यानी एनजीटी आदेश को ठेंगा दिखाने का काम अब सिर्फ माफिया ही नहीं, बल्कि सरकारी ठेके और निर्माण कार्य भी कर रहे हैं। सवाल उठता है कि जब जिला मुख्यालय में खुलेआम यह खेल चल रहा है तो सुदूर प्रखंडों की हालत कैसी होगी।

**बालू माफियाओं की दबंगई :** शहर में आम चर्चा है कि बालू माफिया न सिर्फ पुलिस और खनन अफसरों को साधे हुए हैं बल्कि स्थानीय स्तर पर दबंगई दिखाकर हर किसी को चुप करा देते हैं। जो आवाज उठाता है उसे धमकी मिलती है। यही कारण है कि लोग सबकुछ देखकर भी चुप्पी साध लेते हैं।

**कानून व्यवस्था पर सवाल :** एनजीटी का आदेश हर साल मानसून में इसलिए लागू किया जाता है ताकि नदियों का क्षरण रुके और पर्यावरण संतुलन बना रहे। लेकिन गुमला में इस आदेश की धज्जियां उड़ना साफ दिखाता है कि प्रशासनिक मशीनरी खुद इसमें लिप्त है। सवाल यह है कि जब कानून और न्यायालय परिसर में ही नियम तोड़े जाएं तो आम जनता कानून व्यवस्था पर भरोसा कैसे करे? सरकार को लाखों का नुकसान और पर्यावरण को अपूरणीय क्षति पहुंचाने वाला यह अवैध कारोबार न सिर्फ प्रशासनिक संवेदनशीलता पर बल्कि पूरी कानून व्यवस्था की पारदर्शिता पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है।

### विभाग से मिलीभगत की बू

बालू माफियाओं का दुस्साहस इतना बढ़ गया है कि वे पुलिस चौकियों और पेट्रोलिंग वाहनों के सामने से ही ट्रैक्टर निकाल ले जाते हैं। उर्मी चौक पर बाकायदा पुलिस चौकी बनी है जवान तैनात हैं लेकिन उनके सामने से ही रोज ट्रैक्टर बालू लेकर गुजरते हैं। लोगों का कहना है कि जब पुलिस और खनन विभाग की जेबें गर्म रहती हैं तो रोक-टोक की उम्मीद ही बेकार है। खनन विभाग के अधिकारियों को यह सब मालूम है। लेकिन कार्रवाई करने की जगह खामोशी साध लेना खुद उनके मिलीभगत में शामिल होने का सबूत देता है। यही वजह है कि बालू कारोबारी पूरी निर्भीकता से ट्रैक्टर चलाते हैं और लाखों रुपये के राजस्व की चोरी कर रहे हैं।

## बघिमा बड़कीटोली में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर



**गुमला (आजाद सिपाही)।** श्री सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह गुमला के महिला संगठन के द्वारा जिले के पालकोट प्रखंड अंतर्गत बघिमा बड़कीटोली स्थित राष्ट्रीय मध्य विद्यालय के प्रांगण में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ जांच शिविर को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया। स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ परमपूज्य अघोरेश्वर महाप्रभू एवं गुरुपद पूज्य बाबा संभव राम की पूजा अर्चना के साथ किया गया। शिविर में रांची एवं गुमला से आये चिकित्सकों हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ आनंद रंजन देव, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ रुद्र कश्यप, जेनरल फिजीशियंस डॉ रजत कश्यप एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ अविनाश यादव के द्वारा तीन सौ से उपर विभिन्न बिमारियों से पीड़ित ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच किया गया और जरुरत के मुताबिक मुफ्त में दवा भी दिया गया। शिविर में मधुमेह, रक्तचाप, मलेरिया एवं टाईफाइड बुखार के जांच की भी व्यवस्था थी। चिकित्सकों द्वारा कुछ मरीजों का उपरोक्त जांच कर भी आवश्यक परामर्श दिया गया। महिला संगठन की नीता हरीतिमा के द्वारा बतलाया गया कि संगठन के द्वारा सेवा भाव के साथ समय समय पर इस प्रकार का जन कल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। भविष्य में भी हमारी ये सेवा यात्रा जारी रहेगी। उन्होंने संगठन की सभी बहनों का आभार भी व्यक्त किया, जिन्होंने तन,मन,धन से सहयोग कर इस सेवा कार्यक्रम को सफल बनाने में मदद कीं। शिविर में संगठन की महिलाएं काफी संख्या में उपस्थित थीं।

# बसिया में धूमधाम से मनाया करम पूर्व संध्या समारोह

**मुख्य अतिथि विधायक जिग्गा सुसारन होरो रहे उपस्थित**

**पारंपरिक वेशभूषा में हजारों अनुयायी मांदर की थाप में झूमें**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** प्रखंड के बसिया सरना मैदान में करमा पूर्व संध्या बड़े ही धूमधाम ओर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन आदिवासी सरना सुरक्षा मंच के द्वारा की गयी। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो उपस्थित रहे। विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा की आदिवासी समाज की पहचान आदिकाल से भाइचारा, एकता और प्रेम से है। करमा त्यौहार हमारी संस्कृति की पहचान है हमें अपने पूर्वजों की संस्कृति और पहचान को बचाये रखना है, त्योहार को हमें आपसी प्रेम और भाईचारा के साथ मनाना है इसके साथ ही उन्होंने वहां उपस्थित सभी लोगों को करमा पर्व की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में दिवगंत दिशोम गुरु शिबू सोरेग और मंत्री रामदास सोरेग को दो मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गयी।

कार्यक्रम के दौरान विधायक ने समारोह में आये बसिया प्रखंड मुख्यालय समेत कामडारा पालकोट प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र के लगभग 280 खोड़ा नृत्य मंडली को उपहार स्वरूप डेग भेंट मे दिया। कार्यक्रम के आयोजन में जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष सुकरात उरांव एवं आदिवासी सरना सुरक्षा मंच के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुकरात उरांव, अभिषेक लकड़ा, एमलेन खड़िया, जंसिता बरला, उमेश नाग, लुकमान खान, दुर्गा पहान, मंगलेश्वर उरांव, संतोष तिर्की, सोनू पांडेय, अंकित चौधरी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विकास साहू, सतीश नायक, अलीम खान, जयंत दास, ललित उरांव सहित हजारों की संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## पौधरोपण अभियान में गुमला जिला बना अव्वल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अंतर्गत इको क्लब के माध्यम से प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक के स्कूली बच्चों द्वारा पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में गुमला जिला ने पूरे राज्य में सबसे अधिक पौधरोपण कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। जिला प्रशासन के सहयोग से स्कूलों, मुख्य मार्गों, सार्वजनिक स्थलों और बच्चों के घरों में अब तक एक लाख पंद्रह हजार से अधिक पौधरोपण सुनिश्चित किये गये हैं। कल तक की उपलब्धि में केवल एक दिन में 12,459 पौधे लगाकर गुमला ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अभियान के अंतर्गत बच्चों को प्रमाणपत्र भी उपलब्ध कराए गये हैं। हरित विद्यालय, हरित गुमला के नाम से चल रही इस साप्ताहिक गतिविधि में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर जिला प्रशासन एवं वन प्रमंडल गुमला की समन्वित पहल से स्कूलों को निःशुल्क पौधे उपलब्ध कराये जा रहे हैं। आज तक 1,20,000 पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 1,15,000 पौधारोपण पूरे किए जा चुके हैं। यह उपलब्धि बच्चों के सक्रिय सहभागिता और प्रकृति संरक्षण के प्रति उनकी जागरूकता का प्रतीक है। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने सभी अभिभावकों एवं स्कूली बच्चों से अपील की है कि इस अभियान को और मजबूत बनाते हुए हरित गुमला की परिकल्पना को साकार करें तथा प्रकृति संरक्षण की इस अनूठी मुहिम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## बिहार ले जायी जा रही अवैध शराब लदा पिकअप जब्त, चालक गिरफ्तार



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** गोविंदपुर थाना प्रभारी विष्णु प्रसाद राउत को गुप्त सूचना मिली कि आसनसोल की ओर से आ रहे पिकअप पर अवैध विदेशी शराब लदी है, जिसे बिहार ले जाया जा रहा है। सूचना पर वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शनिवार को मोहन पेट्रोल पंप के समीप जीटी रोड पर वाहन जांच अभियान चलाया। इसी बीच संदिग्ध पिकअप वाहन आता देख पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। पर पुलिस को देखते ही चालक गाड़ी खड़ी कर भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस ने पीछा कर उसे धर दबोचा। उसकी पहचान प्रदुमन कुमार के रूप में हुई है। वह बिहार के नालंदा जिला का रहने वाला है। वहीं, तलाशी के दौरान वाहन से 125 कार्टून विदेशी शराब बरामद हुई। प्रत्येक कार्टून में 48 बोतल भरी थी। इस तरह कुल 6000 बोतल शराब जब्त की गई। इसके अलावा एक मोबाइल फोन और आलू से भरे 10 बोरे भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने वाहन और शराब को जब्त करने के साथ ही चालक को भी गिरफ्तार कर लिया।

## गोविंदपुर में एटीएम से छेड़छाड़, युवक गिरफ्तार



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र के अमरपुर के ग्रामीणों ने सूझबूझ और हिम्मत दिखाते हुए एक युवक को एटीएम से छेड़छाड़ करते रंगेहाथ पकड़ लिया। इसके बाद उसे गोविंदपुर पुलिस को सौंप दिया। उसकी पहचान ऋत्विक रौशन (24) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से बिहार के नवादा जिले का रहने वाला है। घटना उपर बाजार स्थित एटीएम बूथ में घटित हुई, जहां आरोपी पेचकस और पिलास की मदद से मशीन से छेड़छाड़ कर रहा था। शक होने पर ग्रामीणों ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। वहीं, थाने में पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि वह एक संगठित गिरोह का सदस्य है, जो एटीएम मशीनों से छेड़छाड़ कर अवैध तरीके से रकम की निकासी करता है। ग्रामीणों द्वारा सौंपे जाने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया। पुलिस ने उसके पास से एक पेचकस, एक पिलास और एक एटीएम कार्ड बरामद किया गया है। थाना प्रभारी का कहना है कि यह मामला संगठित अपराध से जुड़ा हो सकता है। संभावना है कि इस गिरोह के तार बिहार और झारखंड के अन्य जिलों से भी जुड़े हों। फिलहाल पुलिस आरोपी से लगातार पूछताछ कर रही है।

## धार्मिक स्थलों को वक्फ बोर्ड से जोड़ने पर जोर




**महुदा (आजाद सिपाही)।** महुदा बस्ती स्थित अंजुमन मस्जिद अंसार अल मुजीबी एवं मोजिबिया एजुकेशनल सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार की रात वक्फ जागरूकता कॉन्फ्रेंस आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता एवं स्टेट बार काउंसिल के सदस्य सह सुन्नी वक्फ बोर्ड से जुड़े अब्दुल कलाम रशीदी उपस्थित थे। इनके साथ अधिवक्ता मोहम्मद नदीम अहमद, अधिवक्ता शोहलत दाऊद, अधिवक्ता मोहम्मद फिरोज कुरैशी, अधिवक्ता हसन अख्तर और अधिवक्ता हैजुन अंसारी भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में रशीदी ने बताया कि किस प्रकार मस्जिद, मदरसा, ईदगाह, कब्रिस्तान, इमामबाड़ा, कर्बला और अन्य धार्मिक स्थलों को वक्फ बोर्ड से जोड़ा जा सकता है। उन्होंने तकनीकी प्रक्रिया की जानकारी साझा करते हुए उपस्थित लोगों के सवालों के जवाब भी दिये। इस दौरान मस्जिद कमेटी के सचिव वासिफ अली अंसारी, अध्यक्ष मो अहसनुल्लाह अंसारी, मदरसा कमेटी के सचिव मो मेहदी हसन, अध्यक्ष मो इरफान अली, खजांची मो शाह हुसैन, हाजी मो कमालुद्दीन अंसारी, मो नदीम अख्तर आदि भी मौजूद रहे। साथ ही तेतुलिया, कुलटांड़, बारकी, कुम्हारडीह, सिगड़ा, महुदा बाजार, नगदा, चैतूडीह-कतरास स्थित विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान, सेक्रेटरी एवं मस्जिद के इमाम मो कमरुद्दीन अंसारी और हाफिज मो फैजान ज़िया भी मौजूद थे।

## कटे होठ, तालू की जांच और ऑपरेशन के लिए चयन को लेकर शिविर का आयोजन




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** लायन्स क्लब ऑफ धनबाद की ओर से रविवार को आयोजित कटे होठ, तालू जांच एवं निःशुल्क ऑपरेशन चयन शिविर का आयोजन धनसार चक्रवर्ती नर्सिंग होम और जीएस मेमोरियल ट्रस्ट वाराणसी के सौजन्य से चक्रवर्ती नर्सिंग होम में संपन्न हुआ। इसमें बच्चों के निःशुल्क जांच के लिए 300 को पंजीकृत और 50 लोगों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। शिविर का उद्घाटन पूर्व अध्यक्ष लायन डॉ देवाशीष चक्रवर्ती (डायरेक्टर,चक्रवर्ती नर्सिंग होम) एवं लायंस क्लब ऑफ धनबाद के उपाध्यक्ष लायन मनोज कुमार बरनवाल ने किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ देवाशीष चक्रवर्ती, डॉ शिवांगी गौर, डॉ सृष्टि भारद्वाज, डॉ अभिनव राज गुप्ता और इनकी टीम पंकज, अमित, निसार, गीतांशु आदि मौजूद थे। इस अवसर पर डॉ देवाशीष चक्रवर्ती ने बताया कि चक्रवर्ती नर्सिंग होम पिछले 20 वर्षों से लायंस क्लब ऑफ धनबाद के सहयोग से यह शिविर करते आ रहे है। वहीं, उत्तर प्रदेश के वाराणसी से आयी डॉ शिवांगी गौर ने बताया कि अगर कटे होंठ के बच्चे का जन्म होता है तो तुरंत इसकी जानकारी हमें दें। इस शिविर में 10 दिन के कटे होंठ वाले बच्चे को भी लाया गया। उन्होंने बताया कि अगर गर्भ में ही जानकारी मिल जाए कि बच्चे के होंठ कटे हुए हैं तो उसका इलाज और भी अच्छी तरह से संभव हो सकता है। मंच संचालन लायन अंजन ने किया। वहीं, शिविर को सफल बनाने में क्लब के सचिव लायन शेखर प्रसाद, लायन परेश ठक्कर, लायन अरुणा भगानीया, लायन अनूप अग्रवाल आदि की भूमिका सक्रिय रही।

### कोयला नगर में साइकिल रैली का आयोजन, शामिल हुए धनबाद के सांसद

# खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाने का होगा निरंतर प्रयास : ढुल्लू महतो

- जिला साइकिलिंग संघ को 50 साइकिल उपलब्ध कराये जाने की घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर धनबाद जिला साइकिलिंग संघ की ओर से कोयला नगर में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रविवार की सुबह आठ बजे से शुरू हुई साइकिल रैली में राजगंज से धनंजय प्रसाद महतो, अधनु रवानी, अभिषेक कुमार महतो, लक्की कुमार महतो, मनीष कुमार महतो, रोहित कुमार रवानी, निखिल कुमार महतो, विवेक कुमार महतो, प्रियांशु कुमार महतो, पियुष कुमार महतो, चांदनी कुमारी, लखी कुमारी, मोहित कुमार महतो, राजकुमार महतो सहित बाघमारा, निरसा, झरिया, डिगवाडीह, सिंदरी, बरमसिया, आमटाल और गोविंदपुर क्षेत्र के करीब 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद के भाजपा सांसद ढुल्लू महतो, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बीसीसीएल के डीपी एमके रमैया शामिल हुए। सांसद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि जिले में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किये जाएंगे। उन्होंने घोषणा की कि जिला साइकिलिंग संघ को 50 साइकिल उपलब्ध कराई जायेगी। इस दौरान सांसद ने धनबाद जिला साइकिलिंग संघ को प्रत्येक रविवार को अधिक से अधिक लोगों को साइकिलिंग से जोड़ने की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने यह भी बताया कि शीघ्र ही सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसकी शुरुआत आज से हो चुकी है। इस मौके पर साइकिलिंग खेल के पदाधिकारी धनंजय प्रसाद महतो, कृष्णा राम, अकलू रवानी, आलोक कुमार, बेबी कुमारी, शुभम रजक, देवाशीष कर्मकार, अभिषेक पांडे, अभिमन्यु कुमार, शुभम कुमार, रवि कुमार, पिंटू कुमार, मोनू कुमार, शिव कुमार महतो और धनबाद पब्लिक स्कूल के खेल शिक्षक शशिकांत पांडे को सांसद ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मिल्टन पार्थ सारथी, भोला साव, प्रदीप साव, विजय हांसदा, राजेश साव, शशि सिंह, आला पाल, संजय मुखर्जी, रामजी मिश्रा, उपेंद्र सिंह, संतोषी आनंद, सरिता सिंह आदि उपस्थित रहे।




साइकिल रैली में शामिल सांसद ढुल्लू महतो।

## कतरास में इस बार दिखेगा अमेरिका के स्वामीनारायण मंदिर का प्रारूप



**कतरास (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा के भव्य आयोजन को लेकर रविवार को श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति जीएनएम हाई स्कूल मैदान स्थित पूजा पंडाल प्रांगण में रविवार को प्रेस वार्ता की गयी। जिसमें समिति के सचिव मुकेश भट्ट ने बताया कि इस बार पूजा के 25 वर्ष पूरे हो रहे है। इस रजत जयंती के उपलक्ष्य में विश्व के सबसे बड़े हिंदू मंदिर अमेरिका का श्री स्वामीनारायण मंदिर के प्रारूप का पंडाल बनेगा, जो न केवल धनबाद और झारखंड, बल्कि पूरे देश में कतरास का नाम रोशन करेगा। पंडाल को सुंदर आकर्षक और भव्य बनाने के लिए चितरंजन के तपन आर्ट एण्ड डेकोरेटर और मूर्ति भी चितरंजन के कलाकारो द्वारा बनाया जा रहा है। इसके अलावा बोकारो के मनीष लाइट विद्युत सज्जा का कार्य पूरा करेगा इस प्रकार पूजा पंडाल का बजट लगभग 35 लाख एवं कुल बजट 45 लाख रुपए का होगा। हालांकि कार्यक्रम से पूर्व समिति के लोगों ने कतरास की कुलदेवी मां लिलोरी मंदिर में विधिवत पूजा कर मां को सर्वप्रथम आमंत्रण पत्र दिया। प्रेस वार्ता में समिति के अध्यक्ष शंकर जायसवाल, सचिव मुकेश भट्ट, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र चौरसिया, निगरानी समिति अध्यक्ष सरोज विश्वकर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष बिनोद रजक अशोक शर्मा, शैलेंद्र सिन्हा, दिलीप तर्वे, गोपाल बोस, राजा गुप्ता, प्रदीप लाला, सुनील यादव, राकेश हजारी, गणेश मोदक राखो, हरि पटवा, सट्टू जायसवाल, राहुल रजक शिवम दसोंधी आदि मौजूद थे।

# समाजसेवी संतोष सेठ अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल

### जनसेवा के इच्छुक लोगों के लिए कांग्रेस के दरवाजे हमेशा खुले हैं : ब्रजेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** हाउसिंग कॉलोनी कांग्रेस मुख्यालय में रविवार को एक भव्य समारोह आयोजित हुआ, जिसमें बाघमारा क्षेत्र के युवा समाजसेवी संतोष कुमार सेठ ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गये। इससे पहले कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह और संचालन जिला कार्यकारी अध्यक्ष राशिद राजा अंसारी ने किया। इसमें प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, जिला उपाध्यक्ष वकील बावरी, कार्यालय प्रभारी मधु सुधन चौधरी, आकाश कुमार प्रमाणिक एवं मयंक कुमार भी उपस्थित रहे। सबसे पहले संतोष सेठ को कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता दिलाई गई। इसके बाद उनके समर्थकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं अन्य लोगों ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इनमें बबलू पांडेय, पंकज रवानी, रंजीत शर्मा, संजय प्रमाणिक, शंभू रजक, उपेंद्र दास, कारण चौहान, विनोद रवानी, अमन कुमार सहित महिला कार्यकर्ताओं में आरती देवी, यशोदा देवी, सुशीला देवी, अंजली देवी, अंजू देवी आदि शामिल रहे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि युवा समाजसेवी संतोष सेठ एवं उनके सैकड़ों समर्थकों के कांग्रेस परिवार में शामिल होने से बाघमारा में पार्टी को और मजबूती मिलेगी। उनके जुड़ने से राहुल गांधी के सामाजिक न्याय के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। वहीं, ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि कांग्रेस का दरवाजा हमेशा उन लोगों के लिए खुला है, जो जनता की सेवा करना चाहते हैं। समाजसेवा के प्रति समर्पित युवाओं के आने से संगठन जमीनी स्तर पर और सशक्त होगा। दूसरी ओर, संतोष कुमार सेठ ने कहा कि वे और मेरे साथी कांग्रेस की नीतियों एवं विचारधारा से प्रेरित होकर पार्टी में शामिल हुई हैं।




# बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़, 12 बाइक के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

### अपराधियों पर लगाम और अपराध पर संपूर्ण अंकुश का प्रयास : एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो/कथारा।** बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी के 12 बाइक भी बरामद किया गया है। इसकी जानकारी बोकारो के एसपी हरविंद सिंह ने दी। वे रविवार को कथारा ओपी थाना (गोमिया) में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने घटना में लिप्त अपराधियों की परेड कराते हुए जब्त वाहनों को भी दिखाया। बताते चलें कि विगत कुछ महीनों में बेरमो अनुमंडल क्षेत्र के बोकारो थर्मल थाना और कथारा ओपी थाना क्षेत्र में दो पहिया वाहनों की चोरी की घटनायें काफी बढ़ गयी थी। जिसके बाद हरकत में आयी पुलिस ने चोरी में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 12 बाइक जब्त कर लिया। एसपी ने ने कहा कि बोकारो थर्मल के थाना प्रभारी इस्पेक्टर पिंकू कुमार यादव, कथारा ओपी थाना प्रभारी राजेश कुमार प्रजापति, गोमिया के सर्किल इस्पेक्टर जितेंद्र कुमार सहित विभिन्न पुलिस पदाधिकारियों की टीम मामले का उद्भेदन करने में लगी थी। इसी बीच वाहन जांच के दौरान एक व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधि दिखी। उसे पकडकर जब पूछताछ की गई तो वाहन चोरी के घटना का पर्दाफाश हुआ। उन्होंने बताया कि पकड़े गये लोगों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। उनके खिलाफ विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज हैं। उनकी पहचान साडम टोला चटनिया बाग निवासी अमन अली, साडम भाट टोला निवासी मो इन्ताफ उर्फ फुचन राय और मो कलाम राय के रूप में हुई है। इस मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ट नारायण सिंह, गोमिया के सर्किल इस्पेक्टर जितेंद्र कुमार, बोकारो थर्मल के थाना प्रभारी व इस्पेक्टर पिंकू कुमार यादव, कथारा ओपी थाना के थाना प्रभारी राजेश कुमार प्रजापति, पुलिस अवर निरीक्षक रवि कुमार चौरसिया, सहायक अवर निरीक्षक कृष्ण नंदन पाठक, गुणेश्वर पांडेय आदि उपस्थित थे।



## युवक ने नशे में खुद को लगायी आग, इलाज जारी

**झरिया/पाथरडीह (आजाद सिपाही)।** पाथरडीह थाना क्षेत्र के चासनाला कुलटांड़ बस्ती निवासी शिवशंकर महतो उर्फ जादू ने नशे की हालत में अपने शरीर पर पेट्रोल डाल आग लगा ली। शोरगुल हल्ला सुन गांव के लोगों ने आनन फानन में धनबाद के एसएनएमएमसीएच धनबाद ले गए। जहां चिकित्सों बेहतर इलाज के ली बोकारो बीजीएच रैफर कर दिया है। बताया जा रहा कि वह अपनी स्कूटी से नशे की हालत में अपने बस्ती कुलटांड़ घर जा रहा था। इसी दौरान अपनी स्कूटी से पेट्रोल निकाल अपने शरीर पर डाल आग लगा ली जो लगभग 60 फीसदी जल चुका है। शिवशंकर महतो ने नशे की हालत में अपने शरीर पर पेट्रोल डाल आग लगा ली।

# निवर्तमान निदेशक प्रभारी को दी गयी विदाई, अधिकारी-कर्मचारी हुए भावुक

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट का प्रशासनिक भवन रविवार को उस समय गमगीन हो गया जब निदेशक प्रभारी बीके तिवारी को अधिकारियों और कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी। गेंदे और फूलों से सजी एक जीप उन्हें लेकर जब प्रशासनिक भवन से बाहर निकली तो वे खड़े होकर उपस्थित जनसमूह की ओर हाथ हिला रहे थे। वरिष्ठ अधिकारियों, और कर्मचारियों ने मिलकर रस्सियों से जीप को खींचा। यह उनके प्रति गहरे सम्मान और स्नेह को दर्शा रहा था। विदाई जुलूस ने माहौल को मिली-जुली भावनाओं से भर दिया। सुरक्षाकर्मियों के साथ ही पुरुष और महिला कर्मचारी कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे थे। जिससे प्रशासनिक भवन यादों के गलियारे में बदल गया। कई लोगों के लिए वे एक प्रभारी निदेशक से कहीं बढ़कर थे। वे एक मार्गदर्शक थे, जिन्होंने अनुशासन को सहानुभूति के साथ जोड़ा और टीम वर्क को दूरदर्शिता से प्रेरित किया। जैसे-जैसे जीप आगे बढ़ी, पूरे परिसर में तालियों और जयकारों की गूंज उठा। जिसने विदाई समारोह को बंधन और अपनेपन के उत्सव में बदल दिया। बोकारो स्टील प्लांट के इतिहास में यह ऐसे दिन के रूप में याद किया जाएगा जब सम्मान भाषणों में नहीं, बल्कि कार्यों में व्यक्त किया गया।



# सेल में सकारात्मक रही 36 वर्षों की कार्यावधि : जे विजय शेखर

### सहकर्मियों का विश्वास एवं सहयोग के लिए जताया आभार

दीपक कुमार

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो इस्पात संयंत्र में अपने 36 वर्ष एक महीने की कार्यावधि को पूरे करने के बाद मुख्य महाप्रबंधक के पद से जे विजय शेखर रविवार को सेवानिवृत हुए। उन्होंने विशेष बातचीत में बताया कि सेल में साढ़े तीन दशकों का उनका सेवाकाल सकारात्मक रहा। हालांकि इस दौरान कई बार कठिन चुनौतियों का भी सामना करना पड़ा, लेकिन सहकर्मियों के विश्वास एवं पूर्ण सहयोग से इन चुनौतियों का समय रहते हल भी ढूंढ लिया गया। उन्होंने बताया कि बोकारो इस्पात संयंत्र में जो कार्य कल्चर मिला वह संतोषप्रद रहा। दरअसल बचपन से ही विजय शेखर ने इंजीनियर बनकर देश एवं समाज की सेवा का सपना संजोए रखा था। उन्होंने 1982 में आंध्र प्रदेश के रेजिडेंशियल स्कूल किन्नरसानी से मैट्रिक परीक्षा पास करने के बाद 1984 में साइंस विषय से आंध्र लोयोला कॉलेज विजयवाड़ा से इंटरमीडिएट साइंस की परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण की। इसके बाद आंध्र प्रदेश के काकीनाडा स्थित जेएनटीयू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से बीटेक की डिग्री हासिल की। साल 1989 में उन्होंने बोकारो इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस में बतौर अधिकारी ज्वाइन किया। वहीं, वर्ष 2006 में सीनियर मैनेजर और 2019 में महाप्रबंधक बने। उनकी सेवा काल का तकरीबन 30 वर्ष ब्लास्ट फर्नेस में ही बीता। इस दौरान पांच ब्लास्ट फर्नेस की आधुनिकरण में उनका अहम योगदान रहा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2020 से रिटायरमेंट तक इंजीनियर शॉप में बतौर सीजीएम योगदान दिया। अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि अधिकारी को अपने मातहत कार्य करने वाले सहकर्मियों के साथ सहयोग का रिश्ता रहे तो उसका परिणाम हमेशा सकारात्मक होता है। एक-दूसरे से हमेशा तालमेल बैठाकर ही बड़े से बड़े लक्ष्य को सहजता पूर्वक हासिल किया जा सकता है। उन्होंने उम्मीद जताई आने वाले समय में सेल अपनी उत्पादन क्षमता और बेहतर उत्पादन क्वालिटी से देश का नाम रोशन करेगा।



जे विजय शेखर।

# पाथरडीह कोलवाशरी में लगे ट्रांसफार्मर से कीमती पार्ट्स चोरी, 1500 घर अंधकार में

**झरिया/पाथरडीह (आजाद सिपाही)।** पाथरडीह थाना क्षेत्र में शनिवार की देर रात अज्ञात चोरों ने 200 केवीए ट्रांसफार्मर को खोल लगभग पांच लाख रुपए की कीमती सामान लेकर चलते बने। इससे 1500 घर अंधकार में डूब गये। एसीसी में साइड इंचार्ज महावीर शर्मा ने बताया कि चालू लाइन में अज्ञात चोरों ने शनिवार की रात ट्रांसफार्मर में लगे कीमती सामान की चोरी कर ली है। जिसकी सूचना बड़े अधिकारी के द्वारा पाथरडीह पुलिस को दे दी गई है। वहीं, सूचना पर पाथरडीह पुलिस घटना स्थल पहुंच मामले की जानकारी ले जांच में जुट गई है। मामले की जानकारी देते हुए जनता मजदूर संघ बच्चा गुट के शाखा सचिव मुरारी महतो ने बताया कि इस चोरी से क्षेत्र के लगभग 15 सौ घरों में अंधकार छा गया है। वहीं नहीं ट्रांसफार्मर में लगे लगभग 200 लीटर तेल भी साथ ले गए है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है तथा भय का माहौल व्याप्त है।



आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 01 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## ट्रंप का जापान पर अमेरिकी चावल खरीदने का दबाव
# नाराज जापानी डेलीगेशन ने दौरा रद्द किया

**भारत पर भी मांसाहारी दूध खरीदने का दबाव था**

एजेंसी





**टोक्यो।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प जापान पर अमेरिकी चावल के लिए बाजार खोलने का दबाव बना रहे हैं। इस वजह से जापान के मुख्य वातार्कार रयोसेई अकाजावा ने अमेरिका दौरा रद्द कर दिया है। निक्केई एशिया की रिपोर्ट के मुताबिक, अकाजावा 28 अगस्त को वॉशिंगटन डीसी का दौरा करने वाले थे, लेकिन ट्रम्प के अमेरिकी चावल खरीदने के दबाव के बाद उन्हें यह यात्रा रद्द करनी पड़ी।

अमेरिका ने इसी तरह का दबाव भारत पर भी बनाया था। अमेरिका चाहता था कि भारत उनकी मांसाहारी गायों का दूध खरीदे। साथ ही उनके किसानों के लिए भारत अपना मार्केट ओपन करे। लेकिन भारत ने इससे साफ इनकार कर दिया था। इससे बाद अमेरिका ने भारत पर 25% टैरिफ लगा दिया था, जो बाद में बढ़कर 50% तक पहुंच गया।

**अमेरिका से टैरिफ घटने की उम्मीद नहीं, इसलिए यात्रा रद्द :** निक्की एशिया के मुताबिक अकाजावा चाहते थे कि उनकी यात्रा से अमेरिका से यह लिखित वादा मिल जाए कि जापानी उत्पादों पर टैरिफ घटेगा, लेकिन जब यह साफ हो गया कि ऐसा नहीं होगा, तो उन्होंने यात्रा रद्द कर दी। कई सरकारी अधिकारियों ने निक्केई एशिया से कहा कि ट्रम्प ने जापान पर दबाव डालकर पहले उससे टैरिफ कम कराया और फिर कृषि उत्पादों का आयात बढ़ाने की शर्त रखी। इसके बदले में जापान को उम्मीद थी कि अमेरिका ऑटोमोबाइल पर टैरिफ का बोझ कम करेगा, लेकिन ट्रम्प की तरफ से इसे लेकर कोई ठोस भरोसा नहीं मिला। जापान का कहना है कि अमेरिका का रवैया उसकी घरेलू नीतियों में हस्तक्षेप है। अकाजावा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अभी कई मुद्दे ऐसे हैं जिन पर अधिकारियों के स्तर पर और बातचीत की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जब तक वार्ता आगे बढ़ती रहेगी, वे अमेरिका की यात्रा टाल रहे हैं, लेकिन संभव है कि भविष्य में फिर से जाएं।

# जो लोगों को सबसे अच्छा मूर्ख बना सकता है, वो ही सबसे अच्छा नेता हो सकता है: नितिन गडकरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नागपुर।** अक्सर अपने भाषण को लेकर चर्चा में रहने वाले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक बार फिर नेताओं को लेकर जो बयान दिया है, उसकी काफी चर्चा हो रही है। नितिन गडकरी ने कहा, 'जो लोगों को सबसे अच्छा मूर्ख बना सकता है, वो ही सबसे अच्छा नेता हो सकता है।'

नितिन गडकरी ने नागपुर में अखिल भारतीय महानुभाव परिषद में बोलते हुए ये बात कही। उन्होंने कहा, 'बोलना आसान है, करना कठिन है, मैं अधिकारी नहीं हूं लेकिन मैं इसकी अनुभूति करता हूं, क्योंकि मैं जिस क्षेत्र में काम करता हूं, वहां मन से सच बोलने पर मनाही है।'

नितिन गडकरी ने कहा कि वहां हौसे, नवसे, गवसे (ये मराठी की कहावत है) सब लोग है, और जो लोगों को सबसे अच्छा मूर्ख बना सकता है, वो ही सबसे अच्छा नेता हो सकता है। उन्होंने कहा, 'एक बात सच है। भगवान श्रीकृष्ण ने लिख कर रखा है, श्रीमद्भगवद्गीता में लिखा है कि अंतिम विजय यहां सत्य की होती है।'

नितिन गडकरी ने कहा कि कोई चीज प्राप्त करने के लिए शॉर्टकट है, शॉर्टकट से आदमी जल्दी पहुंचता है, नियम तोड़कर रास्ता क्रॉस करना है तो लाल सिग्नल हो, या फिर छलांग लगाकर जा सकते हैं लेकिन एक फिलॉसफर ने कहा है कि शॉर्टकट कट यू शॉर्ट। इसीलिए हमने होनेस्टी, क्रेडिबिलिटी, समर्पित भाव, सत्य यह जो वैल्यूज हैं, इन सब का समाज में महत्व है।

बता दें कि नितिन गडकरी बीजेपी में एक ऐसे नेता हैं, जो अपने खुले अंदाज के लिए जाने जाते हैं। उन्हें जो बात कहनी होती है, वह साफ और सीधे तरीके से जनता के सामने कह देते हैं। उनका कहना है कि मैं काम करता हूं, अगर आप लोगों को अच्छा लगे तो मुझे वोट करना, नहीं तो मत करना। उनके स्वभाव की वजह से ही उनके खिलाफ विपक्षी नेता भी कम ही बयान देते हैं।

# लखनऊ में अवैध पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, 4 की मौत

**पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट में फैक्ट्री मालिक आलम, उनकी पत्नी और दो बेटों की मौत हो गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गुडंबा में दशहरा की तैयारी के लिए बनाये जा रहे देशी पटाखे की फैक्ट्री में रविवार सुबह साढ़े ग्यारह बजे अचानक विस्फोट हो गया। विस्फोट से पटाखे बना रहे फैक्ट्री मालिक आलम, उनकी पत्नी और दो बेटों की मौत हो गयी। धमाका इतना तेज था कि दो किलोमीटर तक आवाज सुनायी दी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आलम अपने ही घर में बारुद रखा था और उससे पटाखा बनाता था।

**धमाके से पड़ोसी के घरों में आई दरार :** धमाके से आलम का पूरा मकान ध्वस्त हो गया। आशंका जतायी जा रही है कि मकान में अभी भी कुछ लोग दबे हुए हैं। ब्लास्ट की सूचना मिलने के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड, एडीसीपी पूर्व, इंस्पेक्टर गुडंबा फोर्स के साथ पहुंच गये हैं। धमाके से आसपास के घरों में दरारें पड़ गयी हैं। राहत और बचाव कार्य तेजी से चल रहा है। पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र सेंगर और डीएम विशाख घटनास्थल पर पहुंचे।

**पुलिस ने जारी किया आधिकारिक बयान :** लखनऊ पुलिस ने आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा कि रविवार को समय करीब दोपहर 12.00 बजे थाना गुड़ंबा पर सूचना प्राप्त हुई की बेहटा में एक मकान में विस्फोट हुआ है। इस पर सूचना तत्काल थाना प्रभारी मय पुलिस फोर्स मौके के लिए रवाना होते हुए फायर बिग्रेड, एंबुलेंस, एसडीआरएफ एवं बीडीडीएसटी की टीम को मौके पर पहुंचने हेतु बताते हुए उच्चाधिकारिगणों को घटना की जानकारी देते हुए बचाव कार्य शुरू किया गया। मौके पर उच्चाधिकारी मौजूद हैं।

# बिग बॉस सीजन 19 : अपने नये अंदाज में हो चुका है शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता


**मुंबई।** 'घरवालों की सरकार' थीम के साथ बिग बॉस सीजन 19 अपने नये अंदाज में शुरू हो चुका है। शो में हिस्सा लेने वालों में स्टैंडअप कॉमेडियन प्रणीत मोरे, यूट्यूबर मृदुल तिवारी, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर तान्या मित्तल और नगमा मिराजकर हैं।

इसमें टीवी स्टार गौरव खन्ना हैं। फिल्मों और टीवी में काम कर चुकीं कुनिका सदानंद, 21 साल की अशनूर कौर और भोजपुरी फिल्मों की स्टार नीलम गिरी भी हैं। शो शुरू होने के साथ ही झगड़े भी चालू हैं। बसीर अली ने तान्या को ब्रेनलेस कहा, तो दाल की कटोरी को लेकर हुए झगड़े पर जीशान कादरी गौरव खन्ना को 'सबसे बड़ा जाहिल' कह चुके हैं।

भारत में साल 2006 में शुरू हुए इस रियलटी शो का तेवर और कलेवर पिछले 19 साल में काफी बदल गया है।

# वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि भूषण राय पर्यवेक्षक नियुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय को पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया है। झारखंड कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के साथ आगे बढ़ रही है, जिसका उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और नये जिला अध्यक्षों का चयन करना है। इस संबंध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआइसीसी) की मंजूरी से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षकों की नयी सूची जारी की जा रही है। इस सूची में झारखंड के वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि भूषण राय को पलामू का प्रभार सौंपा गया है। उन्हें एआइसीसी पर्यवेक्ष के साथ समन्वय करने और पलामू में संगठन को मजबूत करने के लिए काम करने है। पलामू के पार्टी कार्यकर्ताओं ने श्री राय को बधाई दी और इस निर्णय पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की है।

श्री राय कहा कि वो जल्द ही पलामू पहुंच कर संगठन को मजबूत करने और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के सपनों को पूरा करने के लिए सभी की राय लेंगे, उन्होंने प्रदेश प्रभारी के. राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल नेता प्रदीप यादव, उप नेता राजेश कच्छप, सभी कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# फोटो-वीडियो में पैचिंग की नहीं चलेगी चालाकी, पकड़ लेगा एआइ एल्गोरिदम

आजाद सिपाही संवाददाता



आइसर के प्रयोगशाला में विज्ञानी डा. अक्षय अग्रवाल काम करते हुए।

**भोपाल।** तकनीक की दुनिया में लगातार हो रहे नवाचार अब सुरक्षा और भरोसे को नए आयाम दे रहे हैं। भोपाल स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट आफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आइसर) के विज्ञानियों ने एक नया एआइ एल्गोरिदम तैयार किया है, जो फोटो और वीडियो में किए गए नकली बदलावों यानी 'पैच' की सटीक पहचान कर सकता है।

यह शोध न केवल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) की दिशा में बड़ी उपलब्धि है, बल्कि आने वाले समय में सुरक्षा, निगरानी और डिजिटल मीडिया की प्रामाणिकता सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण साबित होगा। इस एल्गोरिदम को आइसर भोपाल के डाटा साइंस विभाग के सहायक प्राध्यापक डा. अक्षय अग्रवाल और शोधार्थी विशेष कुमार ने मिलकर विकसित किया है।

वीडियो और फोटो के विश्लेषण में एआइ और डीप लर्निंग तकनीक का प्रयोग कर तैयार की गयी यह प्रणाली उस स्थिति में भी काम करती है, जब कोई दुर्भावनापूर्ण तत्व छवि या वीडियो पर प्राकृतिक दिखने वाला पैच जोड़ दे। यह पैच कभी किसी चेहरे को छिपाने, कभी आब्जेक्ट बदलने या फिर गलत संदेश देने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। वीडियो में दिखायी गयी तकनीक यह दशार्ती है कि कैसे एआइ एल्गोरिदम फ्रेम दर फ्रेम छवि की गहराई से जांच करता है और उन असामान्य हिस्सों को पहचान लेता है, जिन्हें सामान्य आंखें पकड़ नहीं पातीं। इस तरह यह तकनीक भविष्य में ड्रोन निगरानी, चालक रहित वाहन, चेहरा पहचान प्रणाली, स्वचालित बैंकिंग प्रक्रिया और स्वास्थ्य सेवाओं में बेहद उपयोगी साबित हो सकती है।

**पैच अटैक खतरनाक चुनौती :** डा. अग्रवाल बताते हैं कि पैच अटैक सबसे खतरनाक चुनौती बनते जा रहे हैं। कोई भी साधारण दिखने वाली वस्तु जैसे सड़क का साइन बोर्ड, कपड़े का पैटर्न या यहां तक कि मोबाइल का कवर को दुर्भावनापूर्वक पैच के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। इन पैच का मकसद मशीन को भ्रमित करना है।

उदाहरण के लिए सेल्फ-ड्राइविंग कार किसी साइन बोर्ड को गलत पढ़ ले तो दुर्घटना हो सकती है। नयी तकनीक इस खतरे को कम करती है। यह कोई पहली बार नहीं है जब डा. अक्षय अग्रवाल ने एआइ तकनीक में बड़ा योगदान दिया है। इससे पहले भी वे डीपफेक डिटेक्टर और कान से बायोमेट्रिक डिटेक्शन सिस्टम बना चुके हैं, जिनके लिए उन्हें कई प्रतिष्ठित पुरस्कार मिल चुके हैं। इनमें आइआइटी दिल्ली से बेस्ट डिजर्टेशन अवार्ड और इनोवेशन रिसर्च एंड डेवलपमेंट पुरस्कार प्रमुख हैं।

**डिजिटल प्लेटफार्म्स पर मजबूत होगा भरोसा :** इस शोध का महत्व केवल वैज्ञानिक दृष्टि से ही नहीं,बल्कि आम उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा से भी जुड़ा है। आज के दौर में जब फर्जी वीडियो और फोटो सोशल मीडिया के जरिए तेजी से फैलते हैं तो यह तकनीक सच और झूठ की पहचान में मदद करेगी। इससे न केवल साइबर अपराधों पर रोक लगेगी बल्कि डिजिटल प्लेटफार्म्स पर भरोसा भी मजबूत होगा। आने वाले समय में इस एल्गोरिदम को और बेहतर बनाकर रियल-टाइम एप्लीकेशन में उतारा जायेगा। यानी भविष्य में हर कैमरा, मोबाइल या सुरक्षा प्रणाली में यह एआइ फीचर मौजूद हो सकता है, जो तुरंत बता देगा कि किसी तस्वीर या वीडियो से छेड़छाड़ हुई है या नहीं। आटोनोमस सिस्टम में एआइ एल्गोरिदम बहुत ही सहायक सिद्ध होगा। इससे वीडियो व फोटो में जोड़े गये पैच को पहचानने में आसानी होगी। भविष्य में यह ड्रोन निगरानी, चालक रहित वाहन, चेहरा पहचान प्रणाली, स्वचालित बैंकिंग प्रक्रिया और स्वास्थ्य सेवाओं में बेहद उपयोगी साबित हो सकती है।

## मराठा आरक्षण को लेकर आंदोलन कर रहे जरांगे ने सरकार को दी चेतावनी, कहा-
# 'नहीं मानी मांगें तो पानी पीना भी कर देंगे बंद'

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुंबई।** शहर के आजाद मैदान में मनोज जरांगे के नेतृत्व में रविवार को तीसरे दिन भी मराठा आरक्षण आंदोलन जारी रहा। इस दौरान कार्यकताओं ने अपना रुख कड़ा करते हुए कहा कि उनकी मांग संवैधानिक रूप से वैध है। वहीं, दूसरी तरफ महाराष्ट्र के भाजपा के कुछ मंत्रियों ने कहा कि समुदाय को मौजूदा ईडब्ल्यूएस कोटे का लाभ उठाना चाहिए। बता दें कि मनोज जरांगे मराठा समुदाय के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर आजाद मैदान में भूख हड़ताल पर हैं। वह चाहते हैं कि मराठाओं को ओबीसी में शामिल कृषक जाति कुनबी के रूप में मान्यता दी जाए, ताकि उन्हें सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण मिल सके, हालांकि ओबीसी नेता इसका विरोध कर रहे हैं।

**सरकार नहीं मान रही मांगें :** मनोज जरांगे ने अपनी मांगें पूरी न होने तक मुंबई न छोड़ने का संकल्प लेने की बात कही है। उन्होंने कहा, 'सरकार के पास 58 लाख मराठाओं के कुनबी होने का रिकॉर्ड है।' हाई कोर्ट के रिटायर्ड न्यायाधीश संदीप शिंदे के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद भी जरांगे के रुख में कोई नरमी नहीं आयी। जरांगे ने कहा, 'कल से मैं पानी पीना बंद कर दूंगा क्योंकि सरकार मेरी मांगें नहीं मान रही है। जब तक आरक्षण की मांग पूरी नहीं हो जाती, मैं वापस नहीं जाऊंगा। चाहे कुछ भी हो जाए, हम ओबीसी श्रेणी के तहत मराठाओं को आरक्षण दिलाकर रहेंगे।'

**समाधान निकालने में जुटी सरकार :** सूत्रों ने बताया कि राज्य सरकार के स्तर पर समाधान तक पहुंचने के प्रयास जारी हैं। जल संसाधन मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल ने शनिवार देर रात मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। सीएम फडणवीस ने कहा है कि सरकार संवैधानिक और कानूनी ढांचे के भीतर इस मुद्दे का समाधान ढूंढ़ने की कोशिश कर रही है। बता दें कि शनिवार को हाई कोर्ट के रिटायर्ड संदीप शिंदे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जरांगे का आंदोलन समाप्त कराने में असफल रहा। जरांगे इस मांग पर अड़े रहे कि मराठवाड़ा के सभी मराठाओं को आरक्षण के उद्देश्य से कुनबी के रूप में मान्यता दी जाये। हजारों आरक्षण समर्थकों की उपस्थिति के कारण छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के आसपास का क्षेत्र छावनी जैसा लग रहा है।













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**